

टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी बोलीं- निर्वाचन आयोग के प्रारूप के तहत तार्किक विसंगति मान्य नहीं - 12



ऊंची बनी रह सकती हैं ईंधन, उर्वरक की कीमतें - 12



विशेष चुनाव में जीत से मार्क कार्नी सरकार को बहुमत - 13



सूर्यकुमार के भविष्य पर हो सकती चर्चा - 14


आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.50
सूर्यास्त 06.41

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 10:31 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 15 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 12, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## कल पेश होगा लोकसभा में 850 सीटें करने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को मूर्त रूप देने के लिए बृहस्पतिवार को विधेयक संसद में पेश किया जाएगा। इसमें संसद के निचले सदन में सदस्यों की मौजूदा संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान है।

विधेयक में निर्वाचन क्षेत्रों के फिर से निर्धारण के लिए जनगणना 2011 के आंकड़ों को आधार बनाया जाएगा। इसमें संविधान के अनुच्छेद 81 में संशोधन का प्रस्ताव है। कहा गया है कि लोकसभा में राज्यों के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन के जरिए चुने



● महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की शुरू होगी प्रक्रिया

गए 815 से अधिक सदस्य नहीं होंगें और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधित्व के लिए 35 से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जो संसद द्वारा पारित कानून के तहत प्रदत्त तरीके से चुने जाएंगे। विधेयक के अनुसार, जनसंख्या अभिव्यक्ति से तात्पर्य उस जनगणना में सुनिश्चित की गई जनसंख्या से है, जिसके संबंधित आंकड़े प्रकाशित किए जा चुके हैं।

## विकसित भारत के लिए प्रगति, प्रकृति, संस्कृति की त्रिवेणी जरूरीः मोदी

### प्रधानमंत्री ने किया दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण, कहा- सड़कें बन रहीं राष्ट्र की भाग्यरेखाएं

● जनसभा में बोले- उत्तराखंड ने यूसीसी से दिखाई देश को राह

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड गढ़ी कैंट में आयोजित भव्य समारोह में दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का रिमोट बटन दबाकर लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड आने वाले सभी पर्यटकों व श्रद्धालुओं से स्वच्छता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। साथ ही, देश के सभी दलों और उनके सांसदों से नारी वंदन विधेयक को पारित कराने का भी आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने मां डाट काली मंदिर में पूजा-




लोकार्पण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

अर्चना के साथ ही गढ़ी कैंट तक 12 किमी लंबे रोड शो में प्रतिभाग किया। प्रधानमंत्री ने समारोह में कहा कि आगामी कुछ दिनों में पवित्र चारधाम यात्रा भी शुरू होने वाली है, जिसकी देशभर के आस्थावान लोग प्रतीक्षा करते हैं। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर बनने से चारधाम यात्रियों को भी सुविधा होगी। कहा कि उत्तराखंड स्थापना के 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, अब राज्य की प्रगति में यह एक्सप्रेस-वे भी शामिल हो गया है। कुछ साल पहले उन्होंने बाबा केदार की धरती पर कहा था कि इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड के नाम होने जा रहा है, उन्हें ये देखकर बेहद खुशी हो रही है कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और उत्तराखंड के लोगों के परिश्रम से उत्तराखंड तेजी से इस राह पर बढ़ रहा है।

### गेमचेंजर साबित होगा इकोनॉमिक कॉरिडोर : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर बताते हुए कहा कि अब सहारनपुर से दिल्ली और देहरादून की दूरी कम समय में तय हो सकेगी। प्रधानमंत्री मोदी के हाथों कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने आभार जताते हुए कहा कि यह कॉरिडोर न केवल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा, बल्कि उद्योग, निवेश और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। इस कॉरिडोर से सहारनपुर के वुडवर्क, मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स और क्षेत्रीय कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी के जरिए वैश्विक बाजार तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय उद्योगों को नई पहचान और किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### अकोला देश में सबसे गर्म, विदर्भ में गर्मी की भीषण लहर

नागपुर। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र में भीषण लू चलने के कारण अकोला भारत का सबसे गर्म शहर बन गया है, जहां अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके साथ ही यह वैश्विक पर दूसरा सबसे गर्म शहर भी है। हाल ही में बेमौसम बारिश के बाद तापमान तेजी से बढ़ा है जिससे गर्मी और बढ़ गई है। अकोला लगातार दूसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर बना हुआ है। विदर्भ के कई शहर दुनिया के 10 सबसे गर्म स्थानों में शामिल रहे, जिनमें अमरावती और यवतमाल में 43.2 डिग्री और वर्धा में 43.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने इस क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

### राजस्थान में सरकार ने कांग्रेस विधायक को घर में नजरबंद किया

श्रीगंगानगर। राजस्थान में श्रीगंगानगर-पदमपुर राजकीय राजमार्ग पर स्थित 18 बीबी टोल प्लाजा पर टोल वसूली को अवैध बताकर विरोध कर रहे श्रीकरणपुर के कांग्रेस विधायक रुपिंदरसिंह रूबी को प्रशासन ने सोमवार देर रात उनके ही घर में नजर बंद कर दिया। उनके घर के चारों तरफ भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए। विधायक ने इस कार्रवाई को खुली तानाशाही करार देते हुए कहा कि सरकार जनता की जायज मांगों को दबाने के लिए दमनकारी रवैया अपना रही है।

## नोएडा में दूसरे दिन भी तोड़फोड़, पथराव कर्मचारियों की पुलिस से तीखी झड़पें

### ज्यादातर औद्योगिक इकाइयों में काम बंद, पुलिस ने 300 लोगों को किया गिरफ्तार

● भारी फोर्स की तैनाती के साथ ड्रोन से निगरानी, एनएसए लगाने की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

**अमृत विचारः** गौतमबुद्ध नगर के औद्योगिक क्षेत्र में वेतन वृद्धि को लेकर भड़का कर्मचारियों का आंदोलन मंगलवार को दूसरे दिन भी शांत नहीं हो सका। कई इलाकों में पथराव और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। कुछ वाहनों और फैक्ट्रियों में तोड़फोड़ की गई और कर्मचारियों की पुलिस से भी झड़पें हुईं। हालांकि पुलिस ने इन्हें काबू में कर लिया। पुलिस ने दोपहर तक 300 से अधिक आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया, 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि गंभीर मामलों में आरोपितों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार की हिंसा के बाद मंगलवार सुबह 5 बजे से ही नोएडा-ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक इलाकों में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च शुरू कर दिया। पीएसी और आरएएफ की 15 कंपनियां, 8 एडिशनल एसपी और 18 डीएसपी स्तर के अधिकारी तैनात किए गए हैं। ड्रोन और



कर्मचारियों के प्रदर्शन के कारण मंगलवार को औद्योगिक क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### गोरखपुर तक पहुंची नोएडा आंदोलन की आंच

नोएडा से शुरू हुए प्रदर्शन का आंच पश्चिम के कई जिलों से होते हुए मंगलवार को गोरखपुर तक पहुंची। गोला क्षेत्र में आईओसीएल की ओर से संचालित कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर कर्मचारी गेट पर प्रदर्शन करने लगे। हालांकि आंबेडकर जयंती पर प्लांट बंद है। कर्मचारी वेतन वृद्धि और यात्रा भत्ता की मांग कर रहे हैं। उन्होंने प्रबंधन को 12 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि कुछ कर्मचारी गेट पर आए हैं। एसडीएम को उनसे बातचीत करने को कहा गया है। बुधवार से प्लांट में काम होगा।

सीसीटीवी के जरिए निगरानी हो रही है। इस बीच ज्यादातर कंपनियां बंद रहीं। सोमवार को 42 हजार से अधिक श्रमिक 83 स्थानों पर सड़कों पर उतरे थे और 350 से अधिक फैक्ट्रियों में तोड़फोड़, 50 से ज्यादा वाहनों में आगजनी और पथराव हुआ था। मंगलवार को सेक्टर-121, सेक्टर-80 समेत कुछ स्थानों पर फिर पथराव की घटनाएं हुईं, लेकिन पुलिस ने भीड़ को खदेड़ दिया। सरकार ने देर रात न्यूनतम मजदूरी में 3000 रुपये तक की वृद्धि कर दी। इसके बावजूद कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी रहा।

### राहुल बोले- हर आवाज को अनसुना किया गया

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वो देश के श्रमिकों की आखिरी चीख थी, जिनकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गए। नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 महीने की तनख्वाह है और 4 हजार से 7 हजार किराया। जब तक 300 की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक 500 किराया बढ़ा देता है। कहा कि तनख्वाह बढ़ने तक ये बेलगाम महंगाई जिंदगी का गला घोंट देती है, कर्ज की गहराई में डुबा देती है। यही है विकसित भारत का सच।

### उपद्रवियों से होगी वसूली: डीजीपी

डीजीपी राजीव कृष्ण लखनऊ से हालात की निगरानी कर रहे हैं। कहा, उपद्रवियों से निजी व सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की भरपाई कराई जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### बाहरी तत्व सक्रिय: आलोक कुमार

हाई पावर कमेटी के सदस्य आलोक कुमार ने कहा कि श्रमिकों का प्रदर्शन हिंसक हो गया, जो नहीं होना चाहिए था। इंटेलिजेंस से सूचना मिली है कि श्रमिकों की आड़ में कुछ बाहरी तत्व माहौल बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। प्रदेश में उद्योगों को लेकर जो सकारात्मक माहौल बना है, उसे बिगाड़ने की कोशिश की गई है।

## नीतीश कुमार का इस्तीफा सम्राट होंगे नए मुख्यमंत्री

● जदयू के बजाय अब भाजपा करेगी सरकार का नेतृत्व, सम्राट आज करेंगे शपथ ग्रहण

पटना, एजेंसी

बिहार में मंगलवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के बजाय भाजपा के सरकार का नेतृत्व करने का रास्ता साफ हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल को अपना त्यागपत्र सौंप दिया। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसी के साथ उनके बिहार का नया मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। चौधरी बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

नीतीश कुमार मंगलवार को सम्राट चौधरी और मंत्री विजय चौधरी के साथ इस्तीफा देने के लिए लोक भवन पहुंचे। इस दौरान वह लोकभावन में महज सात मिनट ही रुके। इससे पहले राज्य में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश ने मंत्रिमंडल सहयोगियों को मंत्रिपरिषद भंग करने के अपने निर्णय की जानकारी दी, जो राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने से पहले की एक संवैधानिक प्रक्रिया है। राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने के लिए जाने से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी नीतीश कुमार से मुलाकात की। बिहार की राजनीति में गहमागमी से भरे रहे इसी दिन में दोपहर के वक्त सम्राट चौधरी को राजग के विधायक दल का नेता चुना गया। राजग के सभी सहयोगी दलों के विधायकों की बैठक में नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा में 89 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है।



पटना में राजग विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी को बधाई देते नीतीश कुमार।

### पूरा सहयोग करेंगे: नीतीश

नीतीश कुमार ने राज्यपाल को इस्तीफा देने का बाद कहा कि राज्य की नई सरकार को उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन हासिल रहेगा। नीतीश ने सोशल मीडिया पर इस्तीफा देने की जानकारी देते हुए लिखा कि अगले पांच वर्षों के लिए 7 निश्चय-3 का गठन किया गया है। इसके जरिए बिहार काफी आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केंद्र का भी पूरा सहयोग मिल रहा है।

## खीरी में आंबेडकर प्रतिमा को हटाने पर पथराव, गाड़ियां तोड़ी, आगजनी

### मजिस्ट्रेट की गाड़ी पलटी, हिंसा में कई पुलिसकर्मी और ग्रामीण घायल

संवाददाता, बांकेगंज (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** मैलानी क्षेत्र के मोतीपुर गांव में विवादित जमीन पर स्थापित की गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को हटाने की कोशिश पर मंगलवार शाम बड़ा बवाल हो गया। भीड़ ने पुलिस पर पथराव करने के साथ वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी की। हालात संभालने को पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। बवाल में 20 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

गांव मोतीपुर में गुरुद्वारे के सामने स्थित ग्राम पंचायत की खाद गड्ढा भूमि पर पहले से विवाद चल रहा है, जो कोर्ट में विचाराधीन है। इसी बीच आंबेडकर जयंती पर कुछ लोगों ने इस जमीन पर प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया, जिससे तनाव बढ़ गया। मौके पर पहुंचे बांकेगंज चौकी प्रभारी संतोष तिवारी ने प्रतिमा हटवाने की कोशिश की तो लोग उग्र हो गए और धक्कामुक्की शुरू कर दी। इस दौरान चौकी प्रभारी की वर्दी भी फट गई। सीओ रमेश कुमार तिवारी और एएसपी पश्चिमी पहुंचे, लेकिन भीड़ शांत नहीं हुई। गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया और पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई करते हुए पथराव करने लगी। मजिस्ट्रेट की गाड़ी समेत कई वाहनों को पलट दिया। एक कार को आग के हवाले कर दिया गया, कई अन्य वाहनों में तोड़फोड़ की गई।



बांकेगंज क्षेत्र के गांव मोतीपुर में हिंसा के दौरान एक गाड़ी को आग लगाकर फूंक दिया।

● पीएसी ने मौके पर पहुंच कर संभाले हालात, पुलिस कर रही पैदल गश्त

● डीएम-एसपी ने लिया हालात का जायजा, तनाव के चलते गांव में फोर्स तैनात

"विवादित जमीन पर कुछ लोगों ने प्रतिमा रखने की कोशिश की थी। पुलिस ने समझा-बुझाकर हटवा दिया गया था। इसी बीच कुछ लोगों ने पुलिस के साथ हाथापाई और पथराव शुरू कर दिया। हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ दिया गया है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

- अमित कुमार राय, एएसपी पश्चिमी

हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस को पीछे हटना पड़ा। स्थिति संभालने को बड़ी संख्या में पुलिस और पीएसी को मौके पर भेजा गया। पीएसी ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को खदेड़ा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। पुलिस कस्बे में पैदल मार्च कर रही है। हंगामे के दौरान करीब सात कारों को नुकसान पहुंचाया गया और एक दुकान में भी तोड़फोड़ की गई। घटना में 20 पुलिसकर्मी और कई ग्रामीण घायल हुए हैं। घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## दून-अल्मोड़ा-नैनीताल के लिए आज होगी हेली सेवा की शुरुआत

**रुद्रपुरः** उत्तराखंड के साथ ही बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। पवन हंस कंपनी एक फिर उत्तराखंड में अपनी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने जा रही है। इसका शुभारंभ बुधवार को पंतनगर हवाई अड्डे से होगा।

पंतनगर हवाई अड्डे पर पवन हंस के स्टेशन इंचार्ज हर्ष रंजन ने बताया, यह पहल किफायती और विश्वसनीय हवाई परिवहन की दिशा में कदम है। वर्ष 2021 में पीएचएल ने उड़ान शुरू की थी। इस बीच टेंडर खत्म होने के कारण इसे बंद करना पड़ा था। अब इसे रिन्यू कर लिया गया है। बताया, हेलीकॉप्टर में दो कैप्टन के साथ 11 यात्री रहेंगे।

## सरकारी नौकरियों में समानता का पालन अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने दी महत्वपूर्ण व्यवस्था- सिर्फ डिग्री न होने पर नहीं कर सकते प्रमोशन से वंचित

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा है कि अगर सेवा नियमों में अनुभव, योग्यता या वरिष्ठता के आधार पर छूट का प्रावधान है तो किसी कर्मचारी को केवल डिग्री न होने की वजह से प्रमोशन से वंचित नहीं किया जा सकता।

शीर्ष कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया जिसमें एक कर्मचारी को पदोन्नति देने से इन्कार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि जब अन्य कर्मचारियों को समान छूट दी गई तो इस मामले में शैक्षिक योग्यता में रियायत न देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि भेदभाव अन्याय का ही दूसरा नाम है। अदालत ने जोर दिया कि सरकारी नौकरियों में समानता के अधिकार का पालन करना अनिवार्य है। न्यायालय ने यह टिप्पणी एक कृषि सहकारी समिति के कर्मचारी से जुड़े मामले में की, जिसने लगभग तीन दशकों तक सेवा की थी।

समिति के निदेशक मंडल ने उनकी लंबी सेवा और वरिष्ठता के आधार पर शैक्षणिक योग्यता से छूट देते हुए सोसाइटी मैनेजर के पद पर पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश ने छूट का लाभ देने का निर्देश दिया था, हालांकि खंडपीठ ने इस निर्णय को पलटते हुए कहा था कि अपेक्षित योग्यता न होने के कारण रजिस्ट्रार का छूट देने से इन्कार उचित है।

राहत के आसार | पाकिस्तानी सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों का दावा-युद्ध विराम खत्म होने से पहले शुरू हो सकती है वार्ता

## अमेरिका-ईरान के बीच अगले सप्ताह फिर हो सकती है वार्ता

इस्लामाबाद, एजेंसी

ईरान और अमेरिका को बातचीत की मेज पर फिर से लाने के लिए पाकिस्तान उच्च स्तर पर कोशिश कर रहा है। दावा किया गया है कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह तक इस्लामाबाद में वार्ता के दूसरे दौर के लिए फिर से मिल सकते हैं। पाकिस्तान सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि अमेरिका-ईरान के बीच रुकी हुई वार्ता 21 अप्रैल को दो सप्ताह के युद्धविराम की समाप्ति से पहले दोबारा शुरू हो सकती है।

दावा किया गया है प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री इसहाक डार और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर दूसरे दौर की वार्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, जिससे पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त हो सकता है। इस्लामाबाद में आयोजित कुछ उच्च स्तरीय बैठकों में दोनों पक्षों के शीर्ष नेतृत्व के बीच वार्ता के अगले दौर की तैयारी के संकेत दिए गए हैं। कुछ सूत्रों ने दावा किया है कि वार्ता का अगला दौर बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद में हो सकता है। हालांकि, उसी दिन प्रधानमंत्री शहबाज युवराज मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर सऊदी अरब की यात्रा पर भी जा रहे हैं। नवाज सऊदी अरब और तुर्किये की संक्षिप्त यात्राएं करेंगे।अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद-बघर ग़ालिबफ के नेतृत्व में ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में मैराथन बैठक की थी। हालांकि, यह शांति वार्ता बेनतीजा रही।




न्यूयॉर्क में ईरान के खिलाफ युद्ध का विरोध कर रहे एक प्रदर्शनकारी को ले जाती पुलिस।

### ट्रंप ने मोदी को किया फोन, पश्चिम एशिया पर चर्चा

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर पश्चिम एशिया की स्थिति और विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री जहाजों के सुरक्षित आवागमन के बारे में चर्चा की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी बातचीत हुई। मोदी ने कहा, मुझे मेरे मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फोन आया। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की और होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता के असफल होने के बाद मोदी और ट्रंप के बीच यह पहली बातचीत थी।

## न्यूज ब्रीफ

### 15 को निकाली जाएगी बाइक रैली, तैयारियों पर की गई चर्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा की ओर से आयोजित कार्यक्रमों की सफलता के लिए मंगलवार को पार्टी के महानगर कार्यालय पर बैठक हुई। इसमें महिला सशक्तिकरण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा हुई। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। 15 अप्रैल को निकाली जाने वाली बाइक रैली को सफल बनाने पर जोर दिया गया। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में महानगर महामंत्री विशाल त्यागी, शम्मी भटनागर, अमित शर्मा, अल्पना रितेश गुप्ता, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, विजयलक्ष्मी पंडित, वनिता मल्होत्रा, अभिषेक चौबे, अश्वनी शर्मा, अर्चित गुप्ता, सुनीता सैनी, शशि किरण, शीतल राजपूत सहित अन्य मौजूद रहीं।

### नि:शुल्क मेडिकल कैंप में रोगियों का हुआ परीक्षण

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर में पूर्व सभासद एवं सपा नेता मरहूम डॉ. आफताब सैफी की स्मृति में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ मुफ्ती जाहिद साहब ने दुआ के साथ किया। सभासद आमिर आफताब ने बताया कि कैंप में वेंकटेश्वर अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया। इस दौरान बीपी, शुगर, ईसीजी, हृदय रोग, न्यूरो एवं हड्डी रोग से संबंधित जांचें निरूशुल्क की गईं। साथ ही मरीजों को दो दिन की दवाएं भी मुफ्त वितरित की गईं। आयोजक युवा सभासद आमिर आफताब ने विचार व्यक्त किए। कैंप में 250 रोगियों का परीक्षण किया गया। बताया जाता है कि रोगियों को कैंप से खासी सुविधा मिलेगी। लोगों को दवाइयां भी निशुल्क दी जाएंगी।

# किलेबंदी चेकिंग अभियान में पकड़े गए 119 बेटिकट यात्री

- सीआईटी के नेतृत्व में टीम ने 19 गाड़ियों को चेक किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अधिकृत रेल यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और रेल राजस्व की क्षति रोकने के लिए मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के निर्देश पर मंगलवार को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। 19 गाड़ियों की चेकिंग में 119 बेटिकट यात्री पकड़े गए। जिनसे जुर्माना भी वसूला गया।

सीआईटी भावेश शर्मा और विजयंत शर्मा के नेतृत्व में 13 टिकट चेकिंग स्टाफ ने चार रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ के सहयोग से मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इसमें गाड़ी संख्या 14311, 13257,15001, 19602, 19270, 54391, 22454, 13152, 64566 सहित कुल 19 गाड़ियों को चेक किया गया। इस दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 119 यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे 67,180/-रुपये जुर्माना वसूला गया। साथ ही अनियमित यात्रा के 141 मामले में 66,520/ और धूम्रपान करते एक व्यक्ति को पकड़ने पर 150/- का चालान काटा। इस प्रकार अभियान में कुल 261 केस में 1,33,850 का रेल राजस्व अर्जित किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि मंडल के अलग-अलग स्टेशनों और ट्रेनों में समय - समय पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया जाता है। यात्रियों से अपील है कि वह प्लेटफॉर्म पर प्लेटफॉर्म टिकट या रेल यात्रा टिकट लेकर ही जाएं।

## हमले में पत्नी और मां गंभीर घायल, घटना के बाद आरोपी परिवार फरार

# जमीन के विवाद में भाइयों में खूनी संघर्ष, बड़े भाई की हत्या

- छोटे भाई और भतीजों ने धारदार हथियार से किया हमला
- पत्नी अनीता गंभीर रूप से घायल मृतक की मां पर भी किया हमला

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद


मृतक सुरेश

**अमृत विचार :** हिमगिरी कॉलोनी क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम जमीन के विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इसमें छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। हमले में मृतक की पत्नी और मां भी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हिमगिरी कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय सुरेश अपने खेत में पत्नी अनीता और मां मैना के साथ गेहूं की कटाई कर रहे थे। तभी उनका छोटा भाई विजय अपने बेटों और कुछ साथियों के साथ पहुंच गया। आरोप है कि सभी के हाथों में लाठी-डंडे और धारदार हथियार थे। खेत पर पहुंचते ही आरोपियों ने सुरेश पर हमला कर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पति को बचाने पहुंची पत्नी अनीता और मां मैना पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। हमलावर उन्हें मरा समझकर मौके से फरार हो गए।



मृतक सुरेश के परिजनों से जानकारी लेती पुलिस। • अमृत विचार

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी अनीता और सास मैना देवी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है और जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों के बीच नाना द्वारा दी गई करीब दस बीघा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद ने अंततः खूनी संघर्ष का रूप ले लिया।

> दो सगे भाईयों मे जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार को दोनों के परिवार के बीच झगड़ा हुआ, जिसमें सुरेश की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मारने वाले मृतक का भाई विजय और उसके परिवार के लोग हैं।
> –कुमार रणविजय सिंह, एसपी सिटी

# गर्मी बढ़ते ही पेट दर्द और उल्टी-दस्त के रोगी बढ़े

## जिला अस्पताल में प्रतिदिन पहुंच रहे सैकड़ों मरीज, चिकित्सक इलाज के साथ सावधानी बरतने की दे रहे सलाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में बढ़ती गर्मी के साथ ही बीमारियों का वार भी तेजी से हो रहा है। जिला अस्पताल में इन दिनों पेट दर्द, उल्टी-दस्त और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। निजी अस्पतालों में भी यही स्थिति बनी हुई है। आलम यह है कि अस्पतालों में ऐसे मरीज प्रतिदिन बड़ी संख्या में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार तापमान बढ़ने से शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) तेजी से हो रही है। साथ ही सड़क किनारे मिलने वाले जूस, कटे हुए फल और दूषित पानी के सेवन से संक्रमण फैल रहा है, जिससे उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायतें बढ़ रही हैं। जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि गर्मी में लापरवाही बरतने से लोग तेजी से बीमार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाहर का खुला और अस्वच्छ भोजन करने से पेट संबंधी संक्रमण बढ़ रहा है। लोगों को अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए और ताजे व स्वच्छ भोजन का सेवन करना चाहिए।

वहीं, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. एके सिंह ने बताया कि बच्चों में भी बुखार, उल्टी-दस्त और पेट दर्द के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को बाहर का खाना और ठंडे पेय पदार्थ देने से बचें। उन्हें पर्याप्त पानी और घर का बना हल्का भोजन देना जरूरी है। इसके अलावा हृदय रोगियों में भी परेशानी बढ़ी है। अस्पताल में कई मरीज बेचैनी और घबराहट की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी में दिल के मरीजों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।



जिला अस्पताल में मौजूद रोगी व तीमारदार। • अमृत विचार

### त्वचा रोग विशेषज्ञ के अभाव में मरीज परेशान

जिला अस्पताल में इन दिनों त्वचा रोग से पीड़ित मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। घमौरियां, खुजली और एलर्जी जैसी समस्याओं को लेकर लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां त्वचा रोग विशेषज्ञ न होने के कारण मरीजों को इंटर्न डॉक्टरों के भरोसे रहना पड़ रहा है। इससे मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है और कुछ मरीजों को आराम न मिलने पर निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है।

### वाटर एटीएम का न निकले दम, मेंटीनेंस को लिखा पत्र




**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अप्रैल में गर्मी के तेवर तल्ख होते ही लोगों को शुद्ध और शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए स्मार्ट सिटी की ओर से महानगर के सार्वजनिक स्थानों पर लगवाए वाटर एटीएम को दुरुस्त करने की तैयारी है। भीषण गर्मी में वाटर एटीएम का तकनीकी खराबी से दम न निकले, इसके लिए कंपनी के प्रतिनिधियों को पत्र लिखा गया है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से महानगर में लोगों को सस्ता, शुद्ध और शीतल पेयजल के लिए 10 स्थानों पर सोलर वाटर एटीएम लगाए गए हैं। जो सिविल लाइंस महिला थाने के पास, सदर तहसील परिसर, कलेक्ट्रेट के समीप, नगर निगम के शिविर कार्यालय परिसर सहित अन्य कई महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे वाटर एटीएम कई बार तकनीकी कमियों से खराब पड़े होने से लोगों को गर्मी में प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ता है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन में तेज धूप से लोग परेशान रहे। सूखे हलक तो तर करने के लिए वाटर एटीएम सहारा बन रहे हैं। हालांकि कई स्थान पर खराबी के चलते लोगों को बोतल बंद पानी पर निर्भर रहना पड़ा। इन वाटर एटीएम पर एक रुपये प्रति लीटर की दर से सादा पानी, दो रुपये प्रति लीटर शीतल जल मिलता है। स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक (तकनीकी) अनिल कुमार मित्तल का कहना है कि गर्मी में वाटर एटीएम की क्रियाशीलता बनाए रखने के लिए हर दिन मॉनीटरिंग होगी। संबंधित कंपनी के प्रतिनिधि को इसे दुरुस्त रखने के लिए कहा गया है।

## कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करेंगे पेंशनर्स

**अमरोहा, अमृत विचार:** पेंशनर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में विभिन्न मांगों को लेकर 21 अप्रैल को शहीद पार्क कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह चिकारा ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा, जिसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। मंगलवार को धरने प्रदर्शन को लेकर संगठन ने रणनीति बनाई। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह चिकारा ने बताया कि अब तक याचिका प्रपत्र पर 645 हस्ताक्षर हो चुके हैं और 21 अप्रैल तक इसे बढ़ाकर 1000 करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अधिक से अधिक पेंशनर्स से धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। ज्ञापन में 10 प्रमुख मांगें शामिल की गई हैं।

बैठक में अध्यक्ष अनूप सिंह पैसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह चिकारा, जिला मंत्री राजेंद्र सिंह राणा धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया।

# टैरिफ में राहत से उम्मीद ऑटम फेयर के स्टॉल बुकिंग तेज

- अमेरिकी ऑर्डरों में उछाल से उत्साहित निर्यातक, 31 मई तक आवेदन का मौका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अमेरिका में टैरिफ में कमी का सीधा असर अब मुरादाबाद के हस्तशिल्प कारोबार पर दिखाई देने लगा है। लंबे समय से दबाव झेल रहे निर्यातकों को राहत मिली है और अमेरिकी खरीदारों की ओर से ऑर्डर मिलने का सिलसिला तेज हो गया है। इसी सकारात्मक माहौल के बीच ऑटम फेयर 2026 के लिए स्टॉल बुकिंग भी रफ्तार पकड़ने लगी है।

पिछले साल टैरिफ के चलते हालात विपरीत थे। ऑटम फेयर और इस वर्ष आयोजित स्प्रिंग फेयर में अमेरिकी खरीदारों की भागीदारी बेहद कम रही, जिससे निर्यात प्रभावित हुआ। लेकिन अब टैरिफ में राहत मिलने के बाद बाजार का रुख बदल रहा है और निर्यातकों को फिर से बड़े ऑर्डरों की उम्मीद बंधी है। इसका असर सीधे तौर पर ऑटम फेयर 2026 की तैयारियों में देखने को मिल रहा है। अक्टूबर में होने वाले इस मेले के लिए स्टॉल बुकिंग शुरू होते ही निर्यातकों में होड़ मचने लगी है। निर्यातक मान रहे हैं कि इस बार मेले में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे व्यापार के नए अवसर मिलेंगे। स्टॉल बुकिंग की अंतिम तिथि 31 मई तय की गई है, जिसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक नजमुल इस्लाम ने कहना कि टैरिफ में कमी से अमेरिकी बाजार दोबारा सक्रिय हुआ है। ऑर्डर बढ़ने लगे हैं, जिससे निर्यातकों का भरोसा लौटा है। इसका सकारात्मक असर ऑटम फेयर में भी देखने को मिलेगा।

## पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, दो लोग घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में सोमवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गांव हथिया खेड़ा के सामने एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर फिल्मी अंदाज में पहले पेड़ से टकराई और फिर पलट गई। इस हादसे में कार चला रहे शिक्षक और साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतौली निवासी मास्टर नन्हें सिंह कार से जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। कार में उनके साथ मंटू नामक युवक भी सवार था। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया। नन्हें सिंह की हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है। नन्हें सिंह प्राथमिक विद्यालय निरयावली भूड़ में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं।

# अंश के प्रदर्शन से रुक्मणी अकादमी की बड़ी जीत


मैच जीतने के बाद खुशी मनाते खिलाड़ी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रुक्मणी क्रिकेट अकादमी के मैदान पर मंगलवार को द आर्यंस क्रिकेट अकादमी और रुक्मणी क्रिकेट अकादमी के बीच खेले गए मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 123 रन से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रुक्मणी क्रिकेट अकादमी की टीम ने 39 ओवर में 243 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

टीम की ओर से अंश यादव ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 86 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी द आर्यंस क्रिकेट अकादमी की टीम रुक्मणी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 25.2 ओवर में 120 रन पर सिमट गई। रुक्मणी क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को लक्ष्य के पास भी पहुचंने का मौका नहीं दिया।

## अनुमति रद्द करने से भड़के दलित समाज के लोग, प्रदर्शन

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दिविया नगला गांव में इस वर्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उत्सव का उल्लास सन्नाटे और आक्रोश में बदल गया। प्रशासन ने दो दिन पूर्व दी कार्यक्रम की अनुमति को अपने ही द्वारा निरस्त किए जाने से नाराज आंबेडकर अनुयायियों ने न केवल जयंती मनाने से इनकार कर दिया, बल्कि प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बढ़ते आक्रोश बाद प्रशासन हरकत में आ गया और आनन-फानन में सीओ और एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की और मामला शांत किया।

क्षेत्र के दिविया नगला गांव के अंबेडकर अनुयायियों ने बाबा साहब की जयंती पर शोभायात्रा निकालने के लिए प्रशासन से 9 अप्रैल को अनुमति प्राप्त करली थी।

# नारी शक्ति को निर्णय मंचों तक लाने पर महिलाएं उत्साहित


नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर खुशी जतातीं महिलाएं। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** संसद के विशेष अधिवेशन में लाया जा रहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण संशोधन केवल संवैधानिक परिवर्तन नहीं, बल्कि देश की हर उस बेटी के सपनों को सम्मान देने का प्रयास है, जिसने गांव की चौपाल से संसद तक पहुंचने का सपना देखा है।

महिलाओं का कहना है कि यह अधिनियम केवल महिला आरक्षण का प्रावधान नहीं, बल्कि उस सोच में बदलाव का प्रतीक है, जिसने वर्षों तक महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया से दूर रखा। कांठ रोड स्थित होटल में आयोजित कार्यक्रम में यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल संगठन की अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने महिलाओं को बधाई दी। इस अवसर पर संजना भटनागर, मानसी, दिव्या, अनुभा, शालिनी, पूजा, प्रीति मौजूद रहीं।

**पंचांग** | 14 मार्च से हुई थी खरमास की शुरुआत, 17 मई से 15 जून तक रहेगा अधिक मास

# खरमास समाप्त, अब जुलाई तक विवाह के मुहूर्त

- सूर्य के मेष राशि में आते ही मांगलिक कार्यों का होता शुभारंभ
- शुभ कार्यों के लिए सबसे खास दिन अक्षय तृतीया का माना जाता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार :** खरमास सोमवार को खत्म हो गया। अब मंगलवार से मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो जाएगा। जुलाई तक विवाह के कई शुभ मुहूर्त हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ. मुकुल शास्त्री के अनुसार 14 मार्च को सूर्य देव बृहस्पति की मीन राशि में प्रवेश कर गए थे, जिसके बाद मांगलिक कार्यक्रमों पर रोक लग गई थी। अब सूर्य 14 अप्रैल यानि सोमवार को सुबह 9:31 पर मीन राशि से निकाल कर मेष राशि में प्रवेश कर चुके हैं।

जब सूर्य देव मीन राशि में रहते हैं तो वह महीना खरमास का कहा जाता है। खरमास के महीने में विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, नवीन कार्य आदि वर्जित माने गए हैं, लेकिन सूर्य के मेष राशि में आते ही मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो जाता है। शुभ मुहूर्त अक्षय तृतीया के दिन 19 अप्रैल से शुरू हो हो जाएंगे। इस महीने का सबसे खास दिन अक्षय तृतीया का माना जा रहा है, जो 19 अप्रैल को है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह एक ऐसा दिन है, जिसे अबूझ मुहूर्त कहा जाता है। यानी इस दिन बिना ज्योतिष गणना किए भी शादी या कोई भी शुभ काम किया जा सकता है।

मान्यता है कि इस दिन किए गए शुभ कार्य और दान का फल कभी समाप्त नहीं होता और इससे जीवन में स्थिरता और सुख-समृद्धि बनी रहती है। अप्रैल में शादी-ब्याह के लिए ग्रहों की चाल भी अनुकूल मानी जा रही है। इस दौरान गुरु और शुक्र दोनों ही अच्छी स्थिति में रहेंगे। ज्योतिष के अनुसार, गुरु रिश्तों में समझ और स्थिरता लाते हैं, जबकि शुक्र प्रेम, आकर्षण और सुख-सुविधाओं कारक माना जाता है। इन ग्रहों का शुभ होना वैवाहिक जीवन के लिए अच्छा संकेत देता है।

खास बात यह है कि इस महीने के अधिकतर मुहूर्तों में भद्रा और पंचक जैसे अशुभ योग नहीं बन रहे, जिससे शादी के लिए समय और भी बेहतर हो जाता है। अप्रैल में कुल नौ दिन विवाह योग्य लग्न मुहूर्त पंचांगों में दर्शाए गए हैं। वहीं, मई में 10, जून में 11 और जुलाई में सात विवाह मुहूर्त बताए गए हैं। 17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ अधिक मास (मलमास) रहेगा, जिसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। इस अवधि में भी किसी प्रकार के मांगलिक कार्य करना वर्जित माना गया है।

### विवाह के शुभ मुहूर्त

अप्रैल 19, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29 और 30

मई : एक, तीन, चार, पांच, छह, सात, आठ, 12, 13 और 14

जून : 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28 और 29

जुलाई : एक, दो, छह, सात, आठ, 11 और 12

## सीबीएसई परीक्षा परिणाम 16 तक जारी होने की संभावना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से जिले में 18 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुई थीं। इस वर्ष 10वीं कक्षा के 5,445 और 12वीं कक्षा के 4,898 परीक्षार्थियों सहित कुल 10,343 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई, इसके बाद अब सभी की नजरें परिणाम पर टिकी हैं।

शिक्षकों के अनुसार, बोर्ड द्वारा 16 अप्रैल तक परीक्षा परिणाम जारी करने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन संभावित तिथि सामने आने के बाद विद्यार्थियों में उत्सुकता और बढ़ गई है। परीक्षा समाप्त होने के बाद से ही छात्र-छात्राएं अपने परिणाम को लेकर चर्चा करते नजर आ रहे हैं। कई विद्यार्थी भविष्य की पढ़ाई और करियर को लेकर योजनाएं बनाने में जुट गए हैं।


# सेना के अदम्स साहस और शौर्य का प्रतीक है वॉर मेमोरियल

- लोकार्पण के लिए रक्षामंत्री व मुख्यमंत्री का कार्यक्रम तय करने में जुटे अधिकारी
- बुद्धि विहार में दो एकड़ क्षेत्रफल में बनाया गया त्रिशूल रक्षा संग्रहालय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सेना के शौर्य व पराक्रम का साक्षी वॉर मेमोरियल (त्रिशूल रक्षा संग्रहालय) महानगर के बुद्धि विहार फेज दो में बनकर तैयार है। नगर निगम प्रशासन इसके जल्द उद्घाटन कराने की तैयारियों में जुटा है। अधिकारी इसके लिए मुख्यमंत्री और रक्षामंत्री का कार्यक्रम तय करने में लगे हैं।

नगर निगम की ओर से 31 करोड़ रुपये की लागत से बुद्धि विहार में दो एकड़ क्षेत्रफल में वॉर मेमोरियल (त्रिशूल रक्षा संग्रहालय) बनाया गया है। इसमें देश के थल, वायु और जल सेना के शौर्य व पराक्रम को प्रदर्शित करते हुए अत्याधुनिक रक्षा हथियारों के मॉडल भी रखे गए हैं। दो एकड़ क्षेत्रफल में विकसित इस वॉर मेमोरियल के कार्यों व यहां रखे गए रक्षा सामग्री के मॉडल का निरीक्षण पिछले महीनों में सेना के बड़े अधिकारी कर चुके हैं। वहीं मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल भी दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर उनको उद्घाटन के लिए निमंत्रित कर चुके हैं। वहीं जल्द ही मंडलायुक्त की लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस संबंध में मुलाकात हो चुकी है। देश की तीनों सेनाओं के शौर्य, अदम्य पराक्रम व वीरथा की गाथाओं के बारे में वॉर मेमोरियल में लोगों को जानकारी मिलेगी। अंदर सेना की ओर से लड़ाई के दौरान बंकर बनाने आदि का जीवंत चित्रण भी किया गया है। इससे लोकार्पित होने के बाद न सिर्फ मुरादाबाद जिला व मंडल बल्कि पूरे प्रदेश के लिए यह गौरव बनेगा। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के अनुसार वॉर मेमोरियल का कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही इसको लोकार्पित कराने के प्रयास चल रहे हैं।


वार मेमोरियल में स्थापित युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले टैंक का माडल।

### शहर में आज

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संबंध में भाजपा के बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय से बाइक रैली 11:00 बजे।
- एमपीएस ग्राउंड पर अंडर 20-अंतरमंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 11:00 बजे।
- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन दोपहर 12:00 बजे।

## यूपीआईएसवीएमपी पोर्टल पर वाहनों के दस्तावेज अपलोड कर रहा परिवहन विभाग

# फर्जीवाड़ा कर दौड़ रहे वाहनों पर लगेगा भारी टैक्स व जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **जांच में कई वाहनों के दस्तावेजों में मिला फर्जीवाड़ा, सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी**

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग द्वारा वाहनों की डिजिटल व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संचालित यूपीआईएसवीएमपी पोर्टल पर वाहनों के दस्तावेज अपलोड किए जा रहे हैं। ऐसे में बड़ी अनियमितताएं सामने आने पर वाहन स्वामियों को बड़े अर्थिक और कानूनी दंड प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ेगा।

संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज ने बताया कि विभागीय जांच में अब तक यूपीआईएसवीएमपी पोर्टल पर दर्ज करीब 650 वाहनों की डिटेल अपलोड हो चुकी है। इनमें कुछ खत्म हुए और बिना फिटनेस व बिना टैक्स जमा किए वाहनों के अपूर्ण दस्तावेज भी सामने आए हैं। जिसमे विभाग की ओर से कार्रवाई की तैयारी सत्यापन पूर्ण होने के बाद की जाएगी। जांच रिपोर्ट के अनुसार कई वाहनों के रजिस्ट्रेशन, फिटनेस, बीमा, परमिट एवं अन्य आवश्यक कागजात या तो गलत पाए गए हैं या उनमें छेड़छाड़ की गई है। इसे गंभीर धोखाधड़ी मानते हुए परिवहन विभाग ऐसे वाहन स्वामियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की तैयारी में है। उन्होंने बताया कि जिन वाहनों के दस्तावेज सत्यापन में फर्जी या संदिग्ध पाए जाएंगे, उन पर नियमानुसार भारी टैक्स वसूला जाएगा। इसके साथ ही पेनल्टी (जुर्माना) भी लगाया जाएगा, जो वाहन की श्रेणी और उल्लंघन की गंभीरता के आधार पर तय किया जाएगा। इतना ही नहीं, संबंधित वाहन स्वामियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी, जिसमें मुकदमा दर्ज होने से लेकर वाहन सीज किए जाने तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है।

यह अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह से पारदर्शी, सुरक्षित और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की दिशा में एक सख्त कदम है। विभाग द्वारा सभी अपलोड किए गए वाहनों का चरणबद्ध तरीके से सत्यापन किया जाएगा और आगे भी यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। साथ ही किसी भी प्रकार की लापरवाही या फर्जीवाड़ा पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई तय है। विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ कानूनी दंड भी भुगतना पड़ेगा।

## मुख्यमंत्री दरबार से लौटे सज्जन गिरि, अब सीधे मुलाकात की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लालबाग स्थित काली माता मंदिर विवाद में सज्जन गिरि ने एक बार फिर बड़ा दावा किया। वह बीते सोमवार को शिकायत लेकर मुख्यमंत्री दरबार पहुंचे, लेकिन मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद अब उन्होंने सीधे मुख्यमंत्री से मिलने की तैयारी शुरू कर दी है।

महंत सज्जन गिरि ने फोन पर हुई बातचीत में बताया कि वह मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिलने का प्रयास कर रहे हैं। वह पूरे मामले की सच्चाई उनके सामने रखेंगे और न्याय की मांग करेंगे। उन्होंने जूना अखाड़ा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें प्रयागराज ले जाने के नाम पर जबरन मंदिर से हटाया गया।

### घर लौटे महंत राम गिरि, गुमशुदगी रिपोर्ट निरस्त करने की मांग

लालबाग स्थित सिद्धपीठ नौ देवी काली माता मंदिर से जुड़े विवाद के बीच पूर्व महंत राम गिरि ने अपने घर सुरक्षित पहुंचने की पुष्टि की है। उन्होंने प्रयागराज के कीडगंज थाने में आवेदन भेजकर अपनी गुमशुदगी की दर्ज रिपोर्ट को निरस्त करने का अनुरोध किया है।

# संगठनों व संस्थाओं ने जयंती पर बाबा साहेब को नमन किया

## विचार गोष्ठियों में संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के कार्यों को याद किया, ढोल नगाड़े के साथ निकाली गई शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती जिले में मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों के बीच मनाई गई। संगठनों व संस्थाओं के अलावा सरकारी कार्यालयों में भी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। बाबा साहेब की प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। सभी ने संविधान के माध्यम से मिले अधिकारों के लिए बाबा साहेब को योगदान को अमूल्य बताया।

वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने कमजोर असहाय और दबे कुचले लोगों को संविधान में अधिकार देकर उनको मजबूती दी। कहा कि डॉ आंबेडकर ने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए संकल्पित कराया था। कहा था कि शिक्षा ही वह हथियार है जिससे समाज में समानता का अधिकार मिल सकता है।

सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उनके योगदान को याद करते हुए सभी को संविधान के मूल्यों की रक्षा व उसके पालन की प्रतिबद्धता की याद दिलाई गई। यहां आंबेडकर समाज के संगठनों के अलावा राजनीतिक दलों समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, बसपा व आंबेडकर समाज से जुड़े संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को नमन कर उनके विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। यहां सपा सांसद रुचि वीरा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर, सपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य ने मौजूदगी दर्ज कराई।

वहीं, दूसरी ओर डॉक्टर आंबेडकर मेमोरियल कमेटी की ओर से डॉ.भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती एमडीए नया मुरादाबाद स्थित पार्क में मनाई गई। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता कमेटी के संरक्षक वीर सिंह ने की। उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान ठाकुर देवेंद्र सिंह, अजय वंश समेत कोषाध्यक्ष बृजनंदन ने बाबासाहेब के महान कार्यों पर प्रकाश डाला। देश के निर्माण और तरक्की में योगदान को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वाल्मीकि समाज महासभा के नेतृत्व में भी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। नवनियुक्त उत्तर प्रदेश महामंत्री ऋतुराज वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ से महर्षि वाल्मीकि सहित समस्त दलित महापुरुषों की मूर्ति लगवाने की मांग की।

जनता सेवक समाज की ओर से भी जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान विनय शर्मा, अतुल गौरी, सूर्यांश गुप्ता, शिवम पाठक, सुभाष चंद्र गुप्ता, सुमित गुप्ता, दिव्यांश गुप्ता,शकील खान आदि शामिल रहे।



आंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार



आंबेडकर पार्क में लोगों को संबोधित करते सांसद रुचि वीरा।




आंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

### पाकबड़ा व अन्य क्षेत्रों में भी बाबा साहेब को याद किया

पाकबड़ा समेत आसपास के गांवों में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल रहे। पाकबड़ा कस्बे के मोहल्ला मौर्य नगर में लोगों ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर उनको नमन किया। शोभा यात्रा कस्बे के विभिन्न मोहल्ले में निकाली गई। गांव नगला बनवीर में भी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में ढोल नगाड़े भी बजाए गए। इस दौरान बंटी सिंह, जयप्रकाश सिंह, सत्येंद्र चौधरी, रंजीत सैनी, रोहित सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

### जयंती पर याद किए गए डॉ. भीमराव आंबेडकर

मुरादाबाद, अमृत विचार : भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा (भारत) की ओर से मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर राम चौक के पास एएमएच कांप्लेक्स में साध्वी गीता प्रधान ने कार्यालय का उद्घाटन कर डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जसपाल सिंह वाल्मीकि ने कहा कि दलित समाज पर बहुत डॉ. भीमराव आंबेडकर का बहुत उपकार है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश अध्यक्ष (उप्र) विनेश कुमार राही ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव डॉ. मोहम्मद आलम, डॉ. विकास चौहान, राजवीर सिंह वाल्मीकि, आशीष, प्रमोद, सुनील, दिनेश आदि मौजूद रहे।

### विचार गोष्ठी में ली संविधान के पालन की शपथ

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के महानगर कार्यालय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संविधान के मार्ग पर चलने की शपथ ली। समाजवादी पार्टी के महानगर कैंप कार्यालय में विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सपा महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक हाजी यूसुफ अंसारी ने कहा कि बाबा साहेब ने हमें समानता, न्याय और हक की जो लड़ाई लड़ना सिखाया है, वह आज के समय में देश और समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा की बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रतिबद्ध हैं। बाबा साहेब के विचार केवल किताबी नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्रोत हैं। संचालन महानगर महासचिव गजेंद्र यादव ने किया। इस दौरान हाजी केसर अली कद्दूसी शुऐब हसन पाशा, लाखन सिंह सैनी जयपाल सिंह सैनी प्रदेश सचिव गजेंद्र यादव लालू परवेज वेद प्रकाश सैनी, सलीम वारसी, कमरूज्जमा सैफी, असद कमाल, डॉ. सोमवीर यादव, अरबाज खान, शाहिद हुसैन गामा, आसिफ अंसारी, सरताज सैफी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गांव-गांव पहुंचे अधिकारी, कार्यक्रमों में हुए शामिल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी कार्यालय से लेकर जिले के अन्य सरकारी विभागों में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कलेक्ट्रेट, शिक्षा, बिजली विभाग,एआरटीओ कार्यालय तथा परिवहन विभाग, परिवहन निगम के अलावा अन्य विभागों में भी बाबा साहेब को जयंती पर नमन किया गया। मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अपने कार्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान के मूल्यों की रक्षा कर उसके अनुरूप चलने की शपथ दिलाई। संभागीय परिवहन विभाग के कार्यालय में संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह, पीटीओ नरेंद्र कुमार,पवन कुमार,डीवीएम सचिन कुमार आदि ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। बिजली विभाग के मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड अशोक कुमार चौरसिया समेत अधीक्षण अभियंता,अधिशासी अभियंताओं ने अपने कार्यालय में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प चढ़ाए। माध्यमिक शिक्षा विभाग में भी जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने पहले कर्मचारियों के साथ कार्यालय में बाबा साहेब की जयंती मनाई और मिठाई बांटी, फिर सलेमपुर गांव में आयोजित बाबा साहेब की जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए। क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके अटूट संकल्प और संवैधानिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो समाज को अज्ञानता और गुलामी से मुक्त कर सकती है साथ ही उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।







डॉ. आंबेडकर के चित्र पर मिष्ठान्न चढ़ाते मुख्य अभियंता।

### कांग्रेसियों ने बाबा साहेब को नमन कर लिया संविधान की रक्षा का संकल्प

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ की ओर से आंबेडकर जयंती पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान की सुरक्षा का संकल्प लिया गया। कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष भयंकर सिंह बौद्ध की अगुवाई पार्टी के नेता सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में पहुंचे। यहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। केंद्र पर संविधान से छेड़छाड़ करने की कोशिश का आरोप लगाया। संविधान की सुरक्षा का संकल्प भी कांग्रेसियों ने लिया। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर, पूर्व जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, अफजल साबरी, राजेन्द्र बाल्मीकि, आलोक जाटव, मंगलसेन, नरेश सिंह, विपिन कुमार,मोहित बौद्ध, जितेंद्र सागर, राजबहादुर आदि मौजूद रहे।



### जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने की। डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और जय भीम, जय समाजवाद,जय संविधान के नारे लगाए गए। उन्होंने कहा कि संविधान ही देश की सबसे बड़ी ताकत है और इसे बचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सामाजिक न्याय और एकता पर जोर देते हुए पीडीए की मजबूती की बात कही। पूर्व विधायक हाजी रिजवान ने कहा कि देश को बाबा साहेब के संविधान के अनुसार ही चलना चाहिए, जबकि जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि पीडीए में सभी पीड़ित और वंचित वर्ग शामिल हैं। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर आंबेडकर पार्क में पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। हालांकि सपा से सांसद रुचिवीरा खुद पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने नहीं पहुंची।

### न्यूज ब्रीफ

### नगर निगम कार्यालय में मनी आंबेडकर जयंती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर की 135 वी जयंती मंगलवार को टाउन हॉल स्थित नगर निगम कार्यालय में मनाई गई। इसमें भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, आशुतोष कुमार राय, संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा, उप नगर आयुक्त रामपाल, कार्यालय अधीक्षक देवाशीष, सौरभ कुमार नाजिर, सचिन सिंह, सुनील लश्करी, जतिन शर्मा, सचिन चंदेल, सतेंद्र सिंह, मो. सुब्हान, मोहित चौहान, हीरा लाल, चंद्रशेखर, कपिल, मुस्तकीम आदि कर्मचारियों शामिल हुए। इसके अलावा कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी प्रेम बाबू वाल्मीकि, ओमीलाल वाल्मीकि मौजूद रहे।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के कांठ रोड पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। नया गांव निवासी आकाश पुत्र सुनील स्कूटी से जा रहा था। इसी दौरान आशियाना फेज एक स्थित नर्सिंग होम के पास सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। इसमें आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे तथा घायल को तत्काल कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### निकाह का झांसा देकर लाखों की रकम हड़पी रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद/बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता को निकाह का झांसा देकर लाखों की रकम हड़प ली। उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। वायरल करने की धमकी देकर कई बार शारीरिक संबंध भी बनाए। बाद में निकाह से इंकार कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व फेसबुक के माध्यम से उसकी जान पहचान मोहल्ला अंसारियान के कलीम अहमद से हुई। वह सिलाई का काम करने का बहाना करके समय-समय पर पैसे की मांग करता था। कई बार उसने रकम ले ली। वीडियो कॉल के दौरान कुछ अश्लील फोटो व वीडियो चोरी छुपे बना ली। उसे वायरल करने की धमकी देकर और शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध भी बनाए। गर्भवती होने पर उसका गर्भपात भी कर दिया। 24 मार्च को बिचौलिए असलम के साथ कलीम के माता-पिता ने घर आकर शादी का पक्का वादा किया था। लेकिन अब वह मुकर रहे हैं।

**प्रतियोगिता** | अंडर-20 अंतर मंडलीय फुटबॉल चैंपियनशिप में दूसरे दिन भी खेले गए चार मुकाबले

# बस्ती और कानपुर ने हासिल की एकतरफा जीत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **वाराणसी मंडल ने अलीगढ़ मंडल को 7-0 से हराया बनाया दबदबा**
- **प्रयागराज ने कड़े मुकाबले में 2-1 से मेरठ मंडल पर हासिल की जीत**

**अमृत विचार :** अंडर-20 अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को चार रोमांचक मुकाबले खेले गए। दिन के पहले मैच में बस्ती मंडल ने विंध्याचल मंडल को 3-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में कानपुर मंडल ने देवीपाटन मंडल को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से पराजित किया।

तीसरे मैच में वाराणसी मंडल का दबदबा देखने को मिला, जहां उसने अलीगढ़ मंडल को 7-0 के बड़े अंतर से हराया। दिन का अंतिम मुकाबला मेरठ मंडल और प्रयागराज मंडल के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। पहले हाफ तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। दूसरे हाफ में मेरठ ने लगातार आक्रमण किए, लेकिन प्रयागराज की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उन्हें विफल कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में प्रयागराज को मिले अवसर को उन्होंने गोल में बदलते हुए 2-1 से जीत दर्ज की। इस अवसर पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन अमरोहा के सचिव मुहम्मद नसीम इकबाल, एमपीएस के कनवीनर सुशील सिंह, प्रधानाचार्य शकील अहमद, जिला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उस्मान खान, सहायक सचिव आमिर मिर्जा व सुरेंद्र पाल सिंह, कोषाध्यक्ष शुजा उद्दीन खान, मंसूर अली, वरिष्ठ खिलाड़ी मुहम्मद फहीम व शुएब अहमद, उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ से नामित पर्यवेक्षक आरिफ नजमी रहे। चयनकर्ताओं में मेराज खान, इरफान खान, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शम्सी रजा व पवन तोमर शामिल रहे। निर्णायक मंडल में हाजी मुनव्वर, निताई सरदार, सौरभ कुमार सिंह, रमेश जैसल, मुहम्मद अकीब, मुहम्मद फरमान, कुमारी सानिया सलीम व कुमारी निशिता सिंह ने अपनी भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में आए सभी अतिथियों का स्वागत महिला विंग की सचिव माधुरी देवी ने किया, जबकि संचालन महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने किया।



एमपीएस के मैदान पर अंतर मंडलीय फुटबॉल चैंपियनशिप में खेलते खिलाड़ी।

## काली माता मंदिर भूमि पैमाइश की रिपोर्ट आज आने की उम्मीद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर की जमीन की पैमाइश के बाद तैयार की जा रही रिपोर्ट बुधवार को जारी होने की उम्मीद है। पहले यह रिपोर्ट सोमवार तक आने की संभावना जताई गई थी, लेकिन प्रक्रिया पूरी न होने के कारण इसमें देरी हो गई थी।

राजस्व विभाग की टीम ने शनिवार को राजस्व निरीक्षक ब्रह्मपाल सिंह के नेतृत्व में मंदिर परिसर और उससे संबंधित भूमि की पैमाइश की थी। इसके बाद से मापन से जुड़े आंकड़ों का अभिलेखों से मिलान किया जा रहा है। राजस्व निरीक्षक ब्रह्मपाल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अभिलेखों और मौके की स्थिति का बारीकी से मिलान किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बुधवार को ही रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद मंदिर की भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

# बिना परमिशन आंबेडकर प्रतिमा लगाने से रोका

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** बिना परमिशन के डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगा रहे लोगों को पुलिस ने रोक दिया। कहा कि जब तक परमिशन नहीं होती है नया कोई कार्य नहीं किया जाएगा। इसके बाद ही प्रतिमा को स्थापित किया जा सकेगा। फिलहाल समाज के लोगों ने प्रतिमा को वहां से हटा दिया गया है।

आंबेडकर जयंती के अवसर पर थाना क्षेत्र के गांव नगला बलवीर में जाटव समाज के लोगों ने गांव में ही बनी जाटवों की धर्मशाला में डॉ. भीमराव आंबेडकर की नई मूर्ति को लगाया जा रहा था। सोमवार को जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने रात में ही जाकर मूर्ति को वहां से हटवा दिया। कहा कि बिना परमिशन के कोई भी नया कार्य नहीं किया जाएगा। जब तक परमिशन नहीं आती है तब तक के लिए मूर्ति नहीं लगाई जाएगी। लोगों ने वहां से मूर्ति को हटाकर घर में रख लिया है। फिलहाल मूर्ति अभी वहां पर नहीं लगी है। जब तक परमिशन नहीं आती है। तब तक मूर्ति को नहीं लगाया जाएगा। सीओ हाईवे राजेश कुमार ने बताया कि डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगा रहे थे, लेकिन बिना परमिशन के मूर्ति लगाने के लिए मना कर दिया गया है। वहां से मूर्ति को हटा दिया गया है। परमिशन के बाद ही मूर्ति वहां लगेगी।



धर्मशाला से हटाकर घर में रखी प्रतिमा।

## दहेज हत्या में फरार आरोपी दंपती को भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी दंपती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने मंगलवार को बताया कि ग्राम बाकीपुर, थाना कुन्दरकी निवासी शकीला ने अपनी पुत्री नाजरीन की हत्या का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया था। आरोप था कि नाजरीन को मायके से पैसे लाने के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और पैसे न लाने पर उसके पति व अन्य परिजनों ने उसकी हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने कचौदन के मैदान क्षेत्र से आरोपी इस्लाम और उसकी पत्नी यासमीन को गिरफ्तार कर लिया। दंपती को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ,जहां ये दोनों को न्यायालय ने जिला कारागार भेजा है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


ठाकुरद्वारा नगर में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल शहर के लोग। ● अमृत विचार


अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक व अन्य लोग।


कार्यक्रम में मौजूद सपा विधायक फ़हीम इरफ़ान। ● अमृत विचार

# जयंती पर याद किए गए भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर

## नगर व देहात क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में संविधान निर्माता के जीवन पर प्रकाश डाला, शोभायात्रा निकालकर किया गुणगान

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** तहसील सभागार में बाबा साहब के जन्मदिन पर हुए कार्यक्रम में एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहसीलदार प्रवीण कुमार, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव, अभिनय सिंह, अधिवक्ता नवाब हुसैन, सुनील कुमार, आफाक हुसैन आदि ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला।

नगर पालिका सभागार में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट सफाई कार्य के लिए रामश्री को प्रशस्ति पत्र एवं शाल उड़ाकर सम्मानित किया। ढकिया नरू स्थित आंबेडकर पार्क में सतीश पाल सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में बाबा साहेब का जन्मदिन मनाया। नगर के अंबेडकर पार्क में अंबेडकर संघ के अध्यक्ष डॉ जगतपाल सिंह, डॉ कुंवर सिंह, राम अवतार सिंह, बादाम सिंह, डा चरन सिंह, शिव ओम सागर, कपड़ा मंत्रालय के पूर्व सदस्य वाजिद हुसैन एडवोकेट ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में मोहन सिंह, जयचंद,अशोक कुमार जाटव, सोहन सिंह, जाकिर हुसैन अंसारी, ,सुनील कुमार, अकील सैफी, हुदा वाजिद, शराफत हुसैन मलिक, राजेश, प्रभात कोरी आदि रहे। सभी आंबेडकर पार्कों में बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने क्षेत्र के गांवों में जयंती पर लोगों से बच्चों को शिक्षित बनाने और नशा से मुक्ति दिलाने का संकल्प दिलाया।

वहीं दूसरी ओर भाजपा के जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव एवं मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता (एडवोकेट) ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उपस्थित जनसमूह ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर, अभिलाष गौड़, प्रशांत चौधरी, रविंद्र चौधरी, दीपक सक्सेना, मनोज सक्सेना, विजेंद्र चंद्रवंशी, पंकज चौहान,मनोज प्रजापति, गीता कोहली, श्रीकांत गुप्ता, निखिल पांडे, गिरीश,मेघपाल सिंह, निहाल सिंह, शरद गुप्ता, काशीराम जाटव,यादराम अनिल कुमार, रामनिवास शर्मा, पवन शर्मा, उदयराज सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।


मैनाठेर में शोभायात्रा में शामिल अनुयायी। ● अमृत विचार


नगर के आम्बेडकर पार्क में शपथ दिलाते भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल।


गांव बारूभूड़ा में आंबेडकर की जयंती पर पहुंचे सपा विधायक एवं कार्यकर्ता।

### भोजपुर में विचार गोष्ठी का आयोजन

**भोजपुर, अमृत विचार :** देहात सपा विधायक हाजी नासिर के नेतृत्व में सपाइयों ने भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। मुरादाबाद देहात के सपा विधायक हाजी नासिर की अध्यक्षता में नगर पंचायत के मोहल्ला जाटवोवाला, सेहल एवं गांव बारूभूड़ा समेत छह गांवों में विचार गोष्ठियां आयोजित की गईं। सपा विधायक ने डॉ भीमराव अंबेडकर के देश को योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान देहात विधानसभा क्षेत्राध्यक्ष अध्यक्ष मोईन उद्दीन एवं सपा जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष गौरव चौहान ,राकेश कुमार,किशन लाल, शिव लाल, सरवर मिर्जा एजाज अजीजी,नवाब जान,जाकिर हुसैन कैलाश कुमार , नरेश, राजू, रोहित, बृजेश कुमार, लकी, सुशील आदि ने भी संबोधित किया


कुंदरकी क्षेत्र में संबोधित करते विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार


मंच पर उपस्थित अधिकारी व सम्बोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

### बिलारी में शोभा यात्रा आज निकलेगी

बिलारी। आंबेडकर संघ के तत्वावधान में बाबा साहब के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा बुधवार अपराह्न 3 :00 बजे नगर में निकाली जाएगी। अध्यक्ष जगतपाल सिंह ने बताया इसके उपरांत पार्क में विचार गोष्ठी और दो दिनी मेले का आयोजन होगा। मेले को लेकर बाबा साहेब के अनुयायियों में उत्साह है।

### कांठ में हर्षोल्लास से मनाई संविधान निर्माता की जयंती

संवाददाता, कांठ, अमृत विचार : नगर में क्षेत्र में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती पर गोष्ठियां आयोजित कर उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। क्षेत्र में जगह-जगह बाबा साहेब की शोभायात्रा पुलिस सुरक्षा व्यवस्था में निकाली गई जिसमें युवकों और बच्चों ने गुलाल से रंग खेल कर बाबा साहेब के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इसके उपरांत संत शिरोमणि रविदास मंदिर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी से पूर्व एसडीएम संत दास पवार, नायब तहसीलदार योगेश शर्मा एवं अनिल मिश्रा, ओमप्रकाश बौद्ध, सोनू, मौलाना असद, पंकज भदौरिया आदि ने बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं दूसरी ओर अन्य कार्यक्रमों में राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित डॉ. अनुज अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहब के विचारों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कमल भारती, ग्राम प्रधान सचिन चौधरी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सत्यवान सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष अंकुश, अंकित, अतुल कुमार, जुल्फिकार अंसारी, वीरेंद्र सिंह, फहीम अहमद, मैराज अली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उधर, कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी एवं शरीफ आजाद ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, शरीफ आजाद, विनीत चौहान, कलवा, राजेशपाल एडवोकेट, जाफर अली अंसारी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बाबा साहब का पूरा जीवन शोषित एवं वंचितों के लिए: कमाल अख्तर

कांठ, अमृत विचार : भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब के विचारों को स्मरण किया गया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन शोषित एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उनका संघर्ष हमें शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से समाज में बदलाव लाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर नौरतन सिंह जाटव, निवेश कुमार, देवेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, दीपक कुमार, धीर सिंह जाटव, विक्रम सिंह यादव, गौरव कुमार, नाजिम सैफी, आरिफ मलिक, अरशद, उम्मेद अली आदि लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा विधायक रामवीर सिंह ने बाबा साहब की जयंती पर काटा केक

कुंदरकी, अमृत विचार। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने क्षेत्र के शिवपुरी, जगरामपुरा, रोंडा, दौलतपुर, हृदयपुर, जेतीया सादुल्लापुर, नूरपुर, सब्जीपुर जटपुरा, हरियाना, शेखूपुर खास और कुंदरकी नगर सहित विभिन्न ग्रामों में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उपस्थितजनों ने समानता, न्याय व अधिकार के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कई ग्रामों में केक काटा गया। विपिन मास्टर, अमरसिंह, उमेशचंद्र, जसवंत सिंह, भीमसेन मास्टर, मुदित, राहुल, देवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बाबा साहब की जयंती पर मंदिर से निकाला जुलूस

संवाददाता अगवानपुर। नगर पंचायत के मोहल्ला सराय फारूख स्थित जाटवों वाले मंदिर से बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती पर जुलूस निकाला गया। जुलूस में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। जुलूस मंदिर से निकल कर स्टेशन रोड होता हुआ सेरुआ चौराहा से स्टेशन वाले मंदिर से वापस जाटवो वाले मंदिर पर जुलूस का समापन हुआ। वहीं दूसरी ओर बाल्मीकि समाज के लोगों ने भी बाबा साहब की जयंती पर जुलूस निकाला जोकि नगर में घुमाते हुए बाल्मीकि मंदिर पर जुलूस समाप्त हुआ। जिसमें सभी वर्गों के लोग मौजूद रहे। इस दौरान अंशुल गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब के विचारों पर हर भारतीय को चलना चाहिए। बाबा साहब ने जो संविधान हमारे भारत के लिए लिखा है उस पर हर भारतीय को गर्व है। इस दौरान नगर अध्यक्ष गुलरेज़ खान,अजय पाल, छत्रपाल, धर्मपाल, जुनैद आलम, शाहिद नेता, आदेश बाल्मीकि, जय कुमार बाल्मीकि, राम सिंह, जानकी प्रसाद, ठाकुरदास, कैलाश चंद्र,आदि लोग मौजूद रहे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा।

### बाबा साहब को जयंती पर किया याद

भगतपुर। क्षेत्र के गांव निवाड़ खास में स्थित कामेश्वर इंटर कॉलेज में मंगलवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। प्रधानाचार्य मुनेश सिंह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया और बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलते हुए देश सेवा करने का आह्वान किया। शिक्षक ब्रजकिशोर, ओमेन्द्र कुमार व अचल कुमार ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम साक्षी, हिमांशी, कामिनी, संजना, कार्यालय लिपिक रूपेंद्र कुमार एवं विद्यालय कर्मचारी सुदेश कुमार, बालमुकुंद, सुनील कुमार, कामिल, रुद्र प्रताप, रोहित कुमार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ठाकुरद्वारा में धूमधाम से निकाली बाबा साहब डॉ आंबेडकर शोभायात्रा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : डा. भीमराव आंबेडकर जयंती नगर व देहात क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंती पर शोभा यात्रा परंपरागत तरीके से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी व अजय यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायणी सेना न संयुक्त रूप से किया। शोभा यात्रा से पूर्व कांशीपुर चुंगी स्थित पार्क पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी, पूर्व विधायक विजय यादव, अजय यादव ने बाबा साहब के बताए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। शोभा यात्रा नगर के मोहल्ला गिलोवाला मस्जिद चौराहा , रामलीला छहराहा, बड़ा बाजार, कोतावाली चौराहा, गंज बाजार, पहुंचने पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंघल, कुशाग्र सिंघल, मोहित सिंघल, अवनीत पुष्पाके सुरेश हवाई,पंकज कुमार, मुकेश कुमार नीरज कुमार ,ई नंदू कांत, सतीश कुमार ,शुभम अग्रवाल, संजीव कुमार ,कमलेश कुमार, कार्तिक वर्मा अनमोल मराठा आदि ने पुष्प बरसा कर स्वागत किया । सभा में बाबा साहेब संविधान निर्माता के जीवन पर प्रकाश डाला गया। वही क्षेत्र के ग्राम कुआखेड़ा खालसा में भी बाबा भीम राव अम्बेडकर जयंती मनाई गई व शोभायात्रा का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा खालसा में भी शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें एडवोकेट पीयूष चौहान, अंशुल कुमार, शिवराम सिंह, डा0 रामपाल सिंह गौतम शिवकिशोर, कालू सिंह गौतम राजेंद्र सिंह ,शेर सिंह सागर राकेश सागर रोहित सिंह, पवन पुष्पद,धर्मेन्द्र जाटव अर्जुन चेतन, गौतम सागर प्रदीप जाटव, रोहित गब्बर, रंजीत कुमार, सुशील सागर सोनू जाटव ,अंकित सागर,अनुराग सागर,अंकुल कुमार, धर्मवीर , शोभित जग्गा, राहुल , राजू ( जय सिंह), श्योराज सिंह ,अर्जुन सागर पूर्व , गौरवच जाटव, ईश्वर सागर, मोहित ,आदित्य , सुशील सागर, तरूण सागर, प्रिन्स कुमार, विशाल जाटव, बिट्टू चौहान, रोमेश, ऋषभ, योवांग ( छोटू), राजू, अंशुल कुमार, शिवोम सागर,रविप्रकाश, धर्मेन्द्र सागर घनवेंद्र शर्मा सही अन्य मौजूद रहे। वहीं नगर कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी ने शरीफ आजाद अंसारी, सभासद ज़ाहिद अली एडवोकेट, जिला सचिव मो .दीन सिद्दीकी, जिला सचिव हाजी मुस्तकीम अंसारी, शरीफ सिद्दीकी, मोइन कुरेशी, अब्दुल्ला अंसारी, इदरीस कस्सार, दबीर अंसारी, मास्टर रईस अहमद, हाजी इकबाल अंसारी, जाकिर हुसैन, आलम अंसारी, गुलजेब कुरेशी, मास्टर शाहिद हुसैन, अब्दुल वाजिद अंसारी आदि ने बाबा साहब की जयंती पर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

### बारुभूड़ा में धूमधाम से मनी आंबेडकर जयंती, प्रगति सिंह सम्मानित

भगतपुर : विकास खंड भगतपुर टांडा की ग्राम पंचायत नकटपुरी खुर्द के गांव बारुभूड़ा में मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर माल्यार्पण कर धूमधाम से समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि मुरादाबाद देहात 27 के विधायक हाजी नासिर कुरैशी ने गांव की बेटी प्रगति सिंह के सिविल जज बनने पर उसी मंच से स्वागत किया गया। विधायक ने पुष्प गुच्छ देकर प्रगति और उनके परिवार को बधाई दी। प्रगति ने जिले, विधानसभा और ग्राम पंचायत का नाम रोशन किया। इस दौरान सपा जिला उपाध्यक्ष गौरव चौहान, विधानसभा अध्यक्ष मोइनुद्दीन खान, मजदूर सभा जिला अध्यक्ष शाकिर अली राईनी, महानगर उपाध्यक्ष फईम मंसूरी, शहजाद सिद्दीकी, शान सिद्दीकी, आस मोहम्मद मलिक, ग्रामवासी कैलाश सिंह, नरेश सिंह, राजू सिंह, रोहित सिंह, विरजेश, लकी, सुशील व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

# एसडीएम ने खत्म कराया अनशन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मीडिया प्रभारी राजकुमार कश्यप का आमरण अनशन एसडीएम विनय कुमार और खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने मांगें पूरी करने के आश्वासन पर समाप्त करा दिया। नागरिक एकता परिषद के पदाधिकारी और अन्य संगठन के लोग भी आमरण अनशन में शामिल थे। इनकी मांगें निजी विद्यालयों द्वारा एडमिशन, महंगी पुस्तकें और यूनिफॉर्म से आम आदमी पर बढ़ते को रोकने की थीं। मांगों को मानने के आश्वासन के बाद आमरण अनशन कर रहे राजकुमार कश्यप को जूस पिलाकर आमरण अनशन समाप्त कराया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी मांगों को मानते हुए बिलारी क्षेत्र के सभी संचालित निजी


आमरण अनशन कर रहे राजकुमार कश्यप को जूस पिलाते एसडीएम विनय सिंह।

विद्यालयों को नोटिस भेजना की बात कही। जिसमें कहा गया कि कोई भी निजी विद्यालय छात्र छात्राओं से री एडमिशन के नाम पर कोई शुल्क नहीं लेगा ,साथ ही छात्र-छात्राओं को किसी एक निश्चित पुस्तक विक्रेता से पुस्तक लेने के लिए बाध्य नहीं करेगा। यूनिफॉर्म भी किसी एक निश्चित विक्रेता से खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा, साथ ही स्कूल जाने वाली छात्र-छात्राओं को घर से लाने और ले जाने के लिए वहां की सुविधा दी जाती है। जिसके लिए वह अब यूपी इंटीग्रेटेड स्कूल व्हीकल पोर्टल पर ऑन बॉन्डिंग कराएंगे साथ ही आरटीओ कार्यालय पर ऑनलाइन पंजीकरण करा कर फिटनेस प्राप्त करने के बाद ही वाहनों की सुविधा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि इन बिंदुओं को लेकर किसी भी विद्यालय की शिकायत आती है तब उसे पर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान आमरण अनशन कर रहे राजकुमार कश्यप, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष सतीश चौधरी, तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष अंकुर चौधरी ,खिलेंद्र सिंह, बिट्टू यादव, नागरिक एकता परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर राकेश रफीक, प्रेम कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दहेज की मांग को लेकर रिश्ता तोड़ने के मामले में रिपोर्ट

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में शादी की तिथि निश्चित होने के बाद लड़के के पिता ने दहेज में वैगन आर गाड़ी, 5 लाख नगदी की मांग कर रिश्ता तोड़ दिया और शादी करने से इनकार कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना कांठ पुलिस ने इस संबंध में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम सहदोली जाबिर पुत्र अली हुसैन ने पुत्री अरमाना की शादी अमरोहा के थाना धनौरा मंडी के गांव निवासी उस्मान पुत्र इरफान के साथ 24 मार्च को तय की। 30 मई को बरात आनी थी। 2 अप्रैल को जाविर ने लड़के के पिता इरफान को फोन कर कार्ड छपवाने के लिए नाम पूछे तो उसने शादी करने से मना कर दिया था।

# मशीन की चपेट में आकर युवक की मौत

संवाददाता, मूंढापांडे

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में चतरपुर नक्टा खेड़ा में मंगलवार की रात गेहूं निकालने की थ्रैशर मशीन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। वहीं स्वजनों ने पुलिस कार्यवाही से इंकार कर दिया। युवक की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया।


मृतक राजीव।

गांव चतरपुर नक्टा खेड़ा निवासी राजीव पुत्र मित्रपाल (30) अपने मौसा अमर सिंह के ट्रैक्टर पर गेहूं की निकासी पर मजदूरी करता था। मंगवार की रात राजीव अपने चाचा के गेहूं निकलवाने के गया था।


रोते बिलखते राजीव के स्वजन। ● अमृत विचार

**● चाचा के गेहूं निकालने गया था, मशीन की सफ़ाई के दौरान हादसा**

प्रत्यक्षदर्शी रामबाबू के मुताबिक गेहूं निकलने के बाद ट्रैक्टर बंद कर दिया। मशीन के अधिक चक्कर होने के कारण मशीन चलती रही। इस दौरान राजीव मशीन के कटर की सफ़ाई करने के लिए उसके ऊपर चढ़ गया और मशीन का ढक्कन खोल दिया। राजीव की शर्ट चलती मशीन की चपेट में आ गई। जिससे मशीन ने राजीव को अंदर खींच लिया। जिसमें राजीव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राजीव के परिवार में पत्नी कुसुम, बड़ी बेटी आराध्य और एक छोटा बेटा जतिन है। राजीव मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। गेहूं की फसल में राजीव खाने के लिए गेहूं इकठ्ठा करने के लिए कटर मशीन पर किसानों के गेहूं निकलवाने का काम करता था।

## बाबा साहब से हमें न्याय और समानता की प्रेरणा मिलती है: डीएम



**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। जिलाधिकारी ने संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं समानता की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब से हम सभी को न्याय और समानता की प्रेरणा मिलती है। देश के संविधान निर्माण में उनके द्वारा किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वें सामाजिक समानता के प्रणेता थे। उन्होंने समाज को सदैव शिक्षित, संगठित और संघर्ष शील बनने के लिए प्रेरित किया।

## बाबा साहेब का जीवन समानता का प्रतीक

**रामपुर, अमृत विचार :** रालोद जिला कार्यालय पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही बैसाखी की बधाई दी। रालोद जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है। रुहेलखंड क्षेत्रीय महासचिव सुमन सिंह परिहार ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं को समानता और सम्मान का अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक योगदान दिया। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ की क्षेत्रीय अध्यक्ष शशि बाला, रामपुर नगर अध्यक्ष नवाब खान, महिला जिला अध्यक्ष कुलदीप कौर, महिला जिला महासचिव कालीवती मौजूद रहीं। संचालन जिला महासचिव प्रभात भारद्वाज ने किया।

## स्वार में धूमधाम से मनी बाबा साहब की जयंती

**स्वार, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के सभागार में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज द्वारा बाबा साहब की जयंती मनाई। केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने बाबा साहब के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि बाबा साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो को अपने जीवन में अपनाएं और सामाजिक बुराइयों को त्याग कर बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा दिलाएं। कार्यक्रम में सर्वेश चौधरी, कपिल कुमार एडवोकेट, प्रदीप राजहंस, सुनील वाल्मीकि, अशोक लाला, विक्की, अनिल, सुधीर, हरकिशोर, पवन प्रकाश, रंजीत, महेन्द्र, मनोज, सौरव, विनोद, आकाश, कुन्ता देवी, वीरो देवी, सरीन और पूनम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## बिलासपुर में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास का माहौल में मनाई गई। वहीं कृषि राज्यमंत्री, पालिकाध्यक्ष समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। मंगलवार को कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल तथा ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ आंबेडकर पार्क पहुंचे। जहां पर उन्होंने बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान कृषि राज्यमंत्री ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर चेतन पारुथी, आंगनलाल राजपूत, सुरेंद्र कुमार कुक्कू, परमजीत कौर पोला, श्रेया मदान, प्रेम नरेश वाल्मीकि, रितु कुमारी, राजू सैनी, सौरभ सक्सेना, डॉ. बलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां ने कार्यकर्ताओं के साथ आंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मुराद हसन खां, जैद खां, जफर सुखनैन खां, मुकेश यादव, अमान खां आदि मौजूद रहे। जनसेवा सहायक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ओपी लोधी ने भी आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण की। सुनील जैन, वीर सिंह, विशाल शर्मा, इशरत अली, मखदूम पाशा, सरफराज आदि मौजूद रहे।


रामपुर में शोभायात्रा के बाद आंबेडकर पार्क में एकत्रित लोग। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल बाबा साहब की झांकी।


शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

# जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा नारों से गूंजी फिजा

## जिले भर में मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती, शहर में निकाली शोभायात्रा, तोपखाना रोड स्थित वाल्मीकि बस्ती से निकली संदेश यात्रा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** जय भीम ने बना डाला भारत का संविधान, जब जब सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा जैसे नारों से रामपुर की सड़कें गूंजती रही। मंगलवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती जिले भर में धूमधाम से मनाई गई। मंगलवार की सुबह तोपखाना रोड स्थित वाल्मीकि बस्ती से संदेश यात्रा निकाली गई। अपराह्न 2 बजे शहर के मोहल्ला पक्का बाग से बाबा साहब की शोभायात्रा निकाली गई। इसके अलावा स्कूल-कालेजों में भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

अंबेडकर जयंती पर शहर में नीले और सफेद गुब्बारों से जगह-जगह सजावट की गई है इसके अलावा बधाई संदेश देते नीले होर्डिंग लगाए गए हैं। राहे रजा पर शोभायात्रा के स्वागत के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शहर के मोहल्ला पक्का बाग से अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के तत्वावधान में अपराह्न 2 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर की 153वीं जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। इससे पहले शोभायात्रा का उद्घाटन शहर विधायक आकाश सक्सेना और भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में बाबा साहब डॉ.भीम राव आंबेडकर की संविधान लिखते हुए झांकी, गौतम बुद्ध, संत शिरोमणि रविदास, महिला संगीत करते हुए झांकी, बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर संविधान सौंपते हुए, डॉ.राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहर लाल नेहरू, महर्षि वाल्मीकि, माता सावित्री बाई फूले, देश की प्रथम शिक्षिका, सर्व धर्म की झांकी, ज्योतिबा फूले महाराज, भारत माता आदि की झांकियां शामिल थीं, जिन्हें सभी लोगों ने खूब सराहा। इनके साथ दौ बैंड चल रहे थे। शोभायात्रा मोहल्ला पक्का बाग से दोमहला रोड, बर्तन बाजार, जामा मस्जिद, जच्चा बच्चा सेंटर, मिस्टन गंज, गांधी समाधि, होते हुए सिविल लाइंस स्थित अंबेडकर पार्क पर जाकर संपन्न हो हुई। इसके बाद आंबेडकर पार्क में संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि ने झांकियों में सजे पात्रों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। शोभायात्रा में आयोजक दिनेश कुमार सागर, महेश कुमार सागर, जबर सिंह सागर, महावीर सिंह, अमर सिंह, राकेश सागर, राजेंद्र सागर, आनंद प्रकाश वाल्मीकि, विल्सन कुमार, रामप्रसाद चौधरी, प्रमोद कुमार सागर, नरेश कुमार, सैंपल सिंह, विजय कुमार सागर, विजय कुमार सागर, राकेश कुमार सागर, रतेंद्र सिंह रवि, नरेंद्र गुड्डू, मनोज कुमार सागर, पंकज सागर, आनंद कुमार सागर, अंशुल अंकुर सागर, रिंकू सागर, राजकुमार सागर, पप्पू सागर, रविंद्र सिंह, विमल कुमार सागर, विनय कुमार सागर, अजय कुमार सागर आदि मौजूद रहे।


शोभायात्रा में बाबा साहब के लिए कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### जगह-जगह लगाई गईं सबील बांटा शर्बत

शोभायात्रा के शामिल लोगों को ठंडा पानी और शर्बत पिलाने के लिए जगह-जगह सबील लगाई गईं। सर्राफा बाजार, मिस्टन गंज, राजद्वारा, राहे, गांधी समाधि के निकट लोगों ने सबील लगाकर शोभायात्रा में शामिल लोगों की सेवा की।

## आंबेडकर संदेश यात्रा में शामिल झांकियों ने मनमोहा

**रामपुर, अमृत विचार :** तोपखाना रोड स्थित वाल्मीकि बस्ती से मंगलवार को भारतीय अंबेडकर सभा के तत्वावधान में अंबेडकर संदेश यात्रा से निकाली गई। संदेश यात्रा में महापुरुषों, साहित्यकारों और समाजसेवियों की आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। इससे पहले संदेश यात्रा का शहर विधायक आकाश सक्सेना ने फीता काटकर उद्घाटन किया। शहर विधायक ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना था कि देश का प्रत्येक बालक उच्च शिक्षा ग्रहण करे और हम उनका यह सपना साकार करने के लिए कृतसंकल्प हैं। अंबेडकर चौराहा से निकाली गई संदेश यात्रा बापू माल, मछली बाजार, फराशखाना, किला पश्चिमी गेट, सर्राफा बाजार, जामा मस्जिद, चाकू मार्केट, बाजार नसरुल्लाह खां, कोतवाली, शाहबाद गेट, राहे मुर्तजा, सिविल लाइंस होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंची और बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संपन्न हुई। इस संदेश यात्रा में संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की झांकियां शामिल रहीं। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष सना खानम, मामून शाह खां, जुगेश अरोड़ा कुक्कू, भारत भूषण गुप्ता ने विचार व्यक्त किए। संदेश यात्रा में दिनेश मानव, अविनाश तपन, धर्म कुमार वाल्मीकि, दीप लव, अमर आदिवासी, बाबू लाल कौशल, ओमकार सेठ, आनंद प्रकाश वाल्मीकि, नीरज चौहान, विक्की राज, महिपाल वाल्मीकि, रंजीत कठेरिया, दीपक कठेरिया, अभय कठेरिया, विल्सन बाबू, राकेश दुली, आदेश पिंटू, अविनाश भारती, ओमप्रकाश, सुभाष, गिरधारी लाल, राहत अली, मंगल आदि शामिल रहे।


वाल्मीकि बस्ती से निकाली संदेश यात्रा में शामिल विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार


रमा सिंघल कॉलोनी में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार


सपा कार्यालय में बाबा साहब की जयंती मनाते सपाई। ● अमृत विचार


महिला डिग्री कालेज में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं छात्राएं एवं प्राध्यापक। ● अमृत विचार

## युग के महान पुरुष बाबा साहब ने दिया समानता का अधिकार: आसिम राजा

**रामपुर, अमृत विचार :** मिस्टनगंज स्थित सपा कार्यालय में मंगलवार को सपाईयों ने बाबा साहब की जयंती मनाई। पार्टी नेताओ और कार्यकताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सपा नगर अध्यक्ष मोहम्मद आसिम राजा ने कहा कि बाबा साहब युग के महान पुरुष थे और उन्होंने सभी को समानता का अधिकारी दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपने प्रारम्भिक जीवन में समाज की जिस असामानता और भेदभाव का अनुभव किया। नाबराबरी की पीड़ा झेली तथा जिस अपमान का अनुभव किया उसको बदलने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। अमेरिका, जर्मनी तथा इग्लैंड जाकर भी उच्च शिक्षा प्राप्त की। शिक्षा प्राप्ति के बाद समाज में नाबराबरी और भेदभाव दूर करने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। कहा कि बाबा साहब के इसी मिशन को आगे बढ़ाने का कार्य सपा नेता मोहम्मद आजम खां कर रहे हैं। राधे श्याम राही ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने गरीबी में अपना जीवन व्यतीत करके उच्च शिक्षा प्राप्त की तथा समाज एवं राष्ट्र की सेवा की। डॉ. अंबेडकर का कहना था कि समाज को बदलने के लिए शिक्षा अति आवश्यक है। अंत में सभी उपस्थित लोगों का अभार व्यक्त किया। सभा में अमरजीत सिंह, प्रदेश सचिव अखिलेश गंगवार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा जबी, अनुराधा चौहान, अमरीश पटेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष बिलासपुर मोहम्मद हसन खां, पूर्व विधायक विजय सिंह, हरज्ञान सिंह यादव, प्रमोद गंगवार, सतनाम सिंह मट्टू एडवोकेट, आरिफ आरोमा, अमित शर्मा, हामिद गोल्डन, अनिल सागर, सोनू कठेरिया, जफरूद्दीन खां एडवोकेट, राम प्रकाश सेठ, हरपाल सिंह औलख सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन आसिम खां ने किया।

## बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्राध्यापकों और छात्राओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कालेज प्राचार्य डॉ. सुनीता ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें शिक्षा, आत्मसम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। प्राचार्य ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचार शिक्षा, समानता, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों पर आधारित हैं। डॉ. सोनू पुरी ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष, सामाजिक न्याय एवं समानता के लिए किए गए योगदान से रूबरू कराया। डॉ. प्रीति लता ने कहा कि भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार के रूप में बाबा साहेब अंबेडकर ने कानून के समक्ष सभी नागरिकों की समानता सुनिश्चित की। इस दौरान प्रो .अनीता देवी, प्रो. निशात बानो, डॉ. रजिया परवीन, डॉ. नागेन्द्र पाल, डॉ. यामिनी, डॉ. प्रतिभा, डॉ. रजनी बाला आदि मौजूद रहीं।


बाबा साहब को माल्यार्पण करते भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार व अन्य।

## प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में बाबा साहब की जयंती मनाई

रामपुर, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में बाबा साहब की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने की। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके अद्वितीय योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। पूरा वातावरण जय भीम के उद्घोष से गुंजायमान रहा।

## बाबा साहब ने वंचित वर्गों के लिए किए कार्य

रामपुर, अमृत विचार : सैदनगर क्षेत्र के ग्राम दिलपुरा में बाबा साहेब की जयंती पर शोभा यात्रा निकाली। कार्यक्रम आयोजक राजीव कुमार अंबेडकर ने कहा बाबा साहब ने देश के शोषित वंचित उपेक्षित वर्गों के लिए कार्य किए। बाबा साहब ने शिक्षित होना बहुत जरूरी बताया है। केक काट कर कार्यक्रम समापन किया। इस दौरान राजीव अम्बेडकर, सुभाष कुमार सागर, दिनेश बाबू एडवोकेट, राजेश कुमार सागर, सतीश कुमार आदि रहे।

## बाबा साहब ने विपरीत परिस्थितियों में ग्रहण की शिक्षा: सीएमएस

रामपुर, अमृत विचार : जिला अस्पताल में मंगलवार को चिकित्सकों और फार्मासिस्टों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने कहा कि बाबा साहब ने विपरीत परिस्थितियों में रहकर शिक्षा ग्रहण की और संविधान निर्माता बनें। मुख्य चिकित्साधीक्षक ने कहा कि पढ़ने और आगे बढ़ने की प्रतिभा बाबा साहब में थी। उन्होंने विषम परिस्थितियों में संघर्ष किया और आगे बढ़े। उन्होंने संवैधानिक लड़ाइयां लड़ीं और संविधान लागू करने के लिए बहुत से लोगों को मनाया। इस मौके पर हरीश धोनी, अनुभव भारद्वाज, डॉ. ओपी आर्या समेत स्टॉफ मौजूद रहा।

## आंबेडकर के विचार सर्वाधिक प्रासांगिक: मुकेश

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में पनवड़िया स्थित तथागत बुद्ध विहार में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। जयंती समारोह में संभल के उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार ने बाबा साहब एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद आर के प्रभाकर ने त्रिशरण गमन, पंचशील ग्रहण कर बुद्ध वंदना कराई। मुख्यातिथि ने कहा कि समाज की एकता और अखंडता के लिए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी सर्वाधिक प्रासांगिक हैं। महासभा के प्रांतीय महामंत्री डॉ. अरविंद कुमार गौतम ने कहा कि हम सभी को बाबा साहब के शैक्षिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक विचारों को आत्मसात करो भारतीय संस्कृति की रक्षा के साथ अपेक्षित सर्वहारा समाज के कल्याण के कार्य करने की महती आवश्यकता है। जिला अस्पताल मुरादाबाद के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. एचके मित्रा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि सर्व स्वीकार्य समाज के कल्याण की विचारधारा है। इस दौरान डॉ. कैलाश चंद्र दिवाकर, विनोद कुमार, भूरा सिंह, आर प्रभाकर, डॉ. केदार सिंह, डॉ. भारत सिंह, सत्यवीर सिंह, अमर सिंह, रतिंदर सिंह रवि, बनवारी लाल गौतम, राजा राम अंबेडकर, मुरारी लाल सागर, कपिल कुमार, लालजी गौतम, देववीर सिंह, पीराम सिंह, राज कुमार, समर पाल सिंह, चैन सिंह, शेर सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ. सीएल चंचल ने जबकि, संचालन शोभित आदित्य ने किया।

## बाबा साहब की जयंती पर मसवासी में निकाली गई शोभायात्रा



**मसवासी, अमृत विचार :** नगर पंचायत मसवासी में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब की जयंती मनाई गई। अंबेडकर पार्क में मोहल्ला भूवरा में एवं चाऊपुरा में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके विशाल अंबेडकर शोभायात्रा भी निकाली गई। अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमारे लिए प्रेरणादाई है आज पूरा विश्व बाबा साहब की जयंती मना रहा है बाबा साहव ने विषम परिस्थितियों में भी अपने संघर्षमयी जीवन में शिक्षा प्राप्त की तथा भारतीय संविधान की रचना की जिससे आज भारत में शोषित वंचित समाज को भी आरक्षण का लाभ मिल रहा है हमें उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए। सभासद बृजनंदन सागर ने कहा कि बाबासाहेब साहब ने समता मूलक एवं धर्मनिरपेक्षता की नींव प्रदान की। इस मौके पर जाटव समाज एवं अंबेडकर युवक संघ द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल, सभासद बृजनंदन सागर, डॉ अनिल सागर, राजेंद्र सागर, ब्रह्मपाल सागर, सोमपाल सागर, शिवराज सागर, हरिराम सागर, राजू सागर, विजयपाल सागर, जयसिंह सागर, खुशीराम सागर, शमशीर सिंह गिल, कपिल गुप्ता, संजीव वर्मा, आदेश चंद्रा, नितिन जैन राजेंद्र दिवाकर, जितेंद्र चंद्रा आदि मौजूद रहे। संचालन राजेंद्र सागर ने किया। स्वार कोतवाली प्रभारी संदीप कुमार, पुलिस चौकी मसवासी प्रभारी अतुल कुमार पांडे मय पुलिस फोर्स के शोभायात्रा के साथ रहे।

## टांडा में श्रद्धापूर्वक मनाई बाबा साहब की जयंती



टांडा, अमृत विचार : नगरपालिका कार्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण तरीके से मनाई गई। इस अवसर पर पालिका प्रशासन और स्थानीय गणमान्य लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। नगरपालिका में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज उनके पति हाजी सरफराज ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान साहिबा सरफराज ने कहा कि बाबा साहब का जीवन और उनके विचार पूरी मानवता के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। वहीं तहसील क्षेत्र के गांव अब्बास नगर स्थित मैरिज हाल में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रशासन द्वारा दी गई अनुमति के अनुसार पुलिस बल की मौजूदगी में यह शोभायात्रा निकाली गई। मैरिज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पृथ्वी सिंह ने की तथा कुशल संचालन सतीश गौतम द्वारा किया गया। इस अवसर पर दानवीर सिंह, मेक सिंह, राजीव रघुनाथ सिंह, राधेश्याम, लाल सिंह, प्रीतम सिंह, दीप सिंह, महेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, अजय सागर, विपिन कुमार सचदेवा आदि रहे।

## मिलक में गूंजे जय भीम के नारे

मिलक, अमृत विचार : मिलक तहसील एवं नगर क्षेत्र में बाबा साहब के अनुयायियों ने अलग-अलग स्थानो पर शोभायात्रा निकालकर गोष्ठी की और बाबा साहब के विचारों को विस्तार पूर्वक बखान कर उनके बताएं मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। मिलक नवदिया में बाबा साहेब की शोभायात्रा का एसडीम अनुराग सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने फीता काटकर शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा नवदिया से चलती हुई तीन बत्ती चौराहा पर स्थित अंबेडकर पार्क पहुंची जहां बाबा साहब के अनुयायियों ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रथ पर शोभायात्रा के दौरान नगर मिलक नीले रंग में तब्दील हो गया। जय भीम के नारों की गूंज लोगों के दिलों व कानों में कई घंटों तक गूंजती रही। इस मौके पर नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह, एसएसआई विनोद कुमार, प्रदीप जाटव, टेकचंद गंगवार, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, एड. बाबू राम गंगवार, सूरज पटेल, कानन्द सागर, भाजपा नेता नरेन्द्र सिंह गंगवार, एड. बसंत कुमार, बसपा पूर्व दर्जा मंत्री सुरेंद्र सिंह सागर, मुकेश पटेल, एसडीएम स्टेनो प्रेम शंकर, राहुल गौतम, संजीव सागर, रशीद अंसारी, हेमंत कुमार, पुष्पेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# आस्था के संग शुरू हुई राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा

**कार्यालय संवाददाता रामपुर**

**अमृत विचार:** श्री सनातन रामलीला कमेटी के तत्वावधान में नवनिर्मित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को भक्ति और श्रद्धा के माहौल के बीच धूमधाम से हुआ। यह धार्मिक अनुष्ठान 20 अप्रैल तक विभिन्न वैदिक विधि-विधानों के साथ आयोजित होगा, जिसमें हरदोई से आए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा पूजा-अर्चना और अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे।


कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा बाबा लक्ष्मण दास समाधि स्थल से प्रारम्भ होकर सरस्वती विद्या मंदिर मार्ग से होते हुए उत्सव पैलेस स्थित नवनिर्मित राम मंदिर परिसर तक पहुंची।

कलश यात्रा में सिर पर कलश धारण किए महिलाएं पारंपरिक परिधानों में भक्ति गीत गाती हुई आगे बढ़ रही थीं, वहीं जय श्रीराम और सीताराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन यज्ञ, हवन, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। 20 अप्रैल को विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच भगवान राम की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। उसके बाद विशाल भंडारा होगा। इस दौरान नगर के गणमान्य लोग, रामलीला कमेटी के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


कलश यात्रा में शामिल होने के लिए जातीं श्रद्धालु और साथ में शहर विधायक।

# बैसाखी पर्व पर अखंड पाठ के साथ सजा कीर्तन दरबार

## दीवान सजा, रागी जत्थों के कीर्तन से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में संगत हुई निहाल



बिलासपुर गुरुद्वारे में बैसाखी के उपलक्ष्य में सजा दीवान। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में शामिल राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व अन्य। ● अमृत विचार



गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी के कार्यक्रम में पहुंचे शहर विधायक व सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● माटखेड़ा मार्ग स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी का पर्व धूमधाम से मनाया

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। मंगलवार सुबह अखंड पाठ साहिब की समाप्ति 9 बजे हुई। इसके बाद कीर्तन दरबार लगा पहले अरदास 10:30 बजे हुई। उसके बाद दूसरा दीवान सजा जो की देर शाम तक चला। जिसमें बाहर से आए रागी जत्था के द्वारा संगत को निहाल किया गया।

दिनभर चले धार्मिक कार्यक्रमों के साथ सुबह से लेकर शाम तक गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। वहीं लोगों ने अमृतपान किया। बठिंडा के रागी जथा भाई मनमोहन सिंह प्रीत ने कहा कि हर सिख का फर्ज बनता है कि वह दीन दुखियों की सेवा करें। वह गुरु के बताए मार्ग पर चले। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य लोगों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इनमें शहर विधायक आकाश सक्सेना, पुलिस अधीक्षक रामपुर सोमेंद्र मीना, सीडीओ गुलाबचंद्र, नगर पालिका अध्यक्ष सन मामून, भारत भूषण गुप्ता, वन स्टॉप सेंटर की चांद बी, तीरथ सिंह, लखविंदर सिंह, रणजीत कौर, नवनीत सिंह, दर्शन सिंह खुराना, गुरजीत सिंह, तनप्रीत सिंह, हरमीत सिंह, सेवा सिंह, मोनू सिंह, मनिंदर, अमनदीप सिंह, निरवैर सिंह, नरेंद्र पाल सिंह लकी को सम्मानित किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान निर्मल सिंह, मनमीत सिंह, समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, जसपाल सिंह वादी, इंदर सिंह आहूजा, अमरजोत सिंह कपूर, जगजोत सिंह, सेवा सिंह, नारायण सिंह, गुलशन अरोड़ा, मनिंदर सिंह, गुरपेज वजीर सिंह, सुखबीर सिंह, भवनीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बैसाखी पर गुरुद्वारे में सजा भव्य दीवान, 132 लोगों ने किया अमृतपान

**संवाददाता बिलासपुर,अमृत विचार :** नगर के माटखेड़ा मार्ग स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी के उपलक्ष्य पर भव्य दीवान सजाया गया। इस दौरान हजारों की तादाद में संगत ने मत्थे टेके और अरदास की। दिनभर चले विविध धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा सुबह से लेकर शाम तक गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। वहीं 132 लोगों ने अमृतपान किया।मंगलवार को गुरुद्वारा परिसर में सुबह से ही सिख संगत आनी शुरू हो गई। सुबह नित नेम के पाठ और आसा दी वार के कीर्तन के बाद गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी कुलविंदर सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी को जयकारों के साथ गुरुद्वारा परिसर में ही बनाएं गए पंडाल में ले जाकर विराजमान किया गया। इसके बाद अरदास हुई और गुरु की हजूरी में दीवान आरम्भ किया गया। दीवान में शामिल होने आए समुदाय के हजारों लोगों द्वारा मत्था टेककर अरदास करने का सिलसिला पूरा दिन चलता रहा। इस दौरान ज्ञानी मंदीप सिंह के हजूरी रागी, सतपाल सिंह एमए पंजाव के ढाड़ी जत्था, लखमीर सिंह मस्त के कविश्री जत्थों द्वारा सबद-कीर्तन कर संगत को निहाल किया गया। कथावाचक रंजीत सिंह ने कथा के माध्यम से गुरुओं के इतिहास पर प्रकाश डाला। वहीं, गुरुद्वारा परिसर में कबड्डी और कुश्ती समेत विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र तथा बाहर से आई टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल और ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लेकर दीवान के सम्मुख मत्था टेका। व्यवस्थाओं में हरजिन्द्र सिंह, कुलविंदर सिंह, अर्जुन सिंह, बलजीत सिंह, सतविंदर पाल सिंह, जरनैल सिंह, बलवीर सिंह चौहान, दलवीर सिंह, मनमोहन सिंह, स्वरूप सिंह, गुरनाम सिंह, मान सिंह, हरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, परमजीत कौर पोला, तारा सिंह चंदी, गुरनाम सिंह, संदीप सिंह पुरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान तीरथ सिंह ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### कनेक्शन काटने करने पर लाइनमैन को पीटा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बिजली विभाग के लाइनमैन ने उपभोक्ता द्वारा बिल जमा न होने पर कनेक्शन काट दिया। जिससे गुस्साए उपभोक्ता ने लाइनमैन को पीट दिया। पुलिस ने लाइनमैन की तहरीर पर दो नामजद सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। विद्युत उपकेंद्र डिबडिबा में यादराम लाइनमैन हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को वह गांव नवाबगंज में उपभोक्ताओं के बिजली के बिल जमा कराने के लिए कर्मचारियों के साथ गया था। इस दौरान गांव निवासी स्वर्गीय नरदेव का बिल जमा न होने के कारण उसका कनेक्शन काट दिया। इससे क्षुब्ध होकर विशाल, प्रियांश व एक अन्य साथी ने मारपीट कर घायल कर दिया। लाइनमैन ने आरोप लगाया कि तीनों ने सरकारी कार्य में भी बाधा उत्पन्न किया। बाद में पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि लाइनमैन की तहरीर पर तीनों व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### विधायक ने मरम्मत कार्य का लिया जायजा

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मंगलवार की रात राम-रहीम पुल की मरम्मत और सड़क निर्माण का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पुल की मरम्मत के कार्य में तेजी लाए जाए। पुल बंद होने से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि लोक निर्माण विभाग के नोडल अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि बारिश के कारण राम रहीम सेतु का मरम्मत कार्य प्रभावित हो गया था। कहा कि मरम्मत कार्य में तेजी लाई गई है। सेतु का मरम्मत कार्य दिनों-रात कराया जा रहा है। विधायक ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी से निर्माण कार्य गुणवत्ता परक करने पर जोर दिया।

### सात लोगों पर मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुरा गांव निवासी रोशन लाल मंगलवार को घायल अवस्था में कोतवाली पहुंचे। रोशन लाल ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि मेरे गांव के हरपाल अमर सिंह कमल सिंह जसवंत सिंह सूरजपाल विवेक सत्यवीर यह लोग खेत पर मौजूद थे। इन्होंने खेत के पास से मेड उखाड़ दी। आरोपियों ने कहा कि अब रास्ता परिवर्तन होगा। जब रोशन लाल ने इसका विरोध किया तो इन सातों लोगों ने मारपीट गाली गलौज करने लगे और तमंचा की बटों से मारपीट करते हुए रोशन लाल को गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महफूज उर रहमान खां का निधन

**रामपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नगर पालिका परिषद के सभासद महफूज उर रहमान खां का निधन हो गया। मरहूम की जनाजे की नमाज मोहल्ला घेर नेमत खां थाना कुंडा पर अदा की गई। नमाजे जनाजा में काफी लोग शामिल रहे। महफूज उर रहमान खां लंबे समय कांग्रेस के शहर अध्यक्ष पद पर रहे और लोगों की समस्याओं का निदान कराया। महफूज उर रहमान खां आजीवन नूरमहल की राजनीति से जुड़े रहे। वह प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कई अहम पदों पर रहे। उन्होंने पूर्व सांसद नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की के साथ राजनीति शुरू की। इसके बाद पूर्व सांसद बेगम नूरबानो के सबसे भरोसेमंद साथी रहे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के निधन पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने शोक जताया। पूर्व मंत्री नवेद मियां अपनी मां पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, पत्नी बेगम यासीन अली खां उर्फ शाहबानो, बेटे नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां और राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां के साथ मोहल्ला कुंडा स्थित उनके निवास पर पहुंचे और परिजनों ढांढस बंधाया। महफूज उर्रहमान खां वर्ष 1967 से लेकर अब तक रामपुर में सर्वाधिक बार निर्वाचित सभासद रहे।



महफूज उर रहमान खां, फाइल फोटो।

# अजीमनगर क्षेत्र में 200 बीघा की गेहूं फसल जलकर राख

कार्यालय संवाददाता रामपुर



आग लगने के बाद पहुंची पुलिस और लगी भीड़। ● अमृत विचार



गेहूं के खेत में उठती आग की लपटें। ● अमृत विचार

● खौद और आंगा गांव के तीस किसान हुए प्रभावित

● मुआवजा की मांग को लेकर किसानों ने की सड़क जाम

**अमृत विचार:** अजीम नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर भीषण आग से 200 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने किसी तरह जाम को खुलवाकर मामला शांत किया।

मामला थाना क्षेत्र के खौद चौकी स्थित जौहर खंडिया बाईपास का है। मंगलवार दोपहर गेहूं के खेत में आग लग गई। कुछ देर के अंदर ही आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल चौकी इंचार्ज उत्तम मलिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। इस दौरान पुलिस ने फायर ब्रिगेड को भी सूचना दे दी। हवा तेज होने के कारण कुछ देर के अंदर ही आग 1 किलोमीटर एरिया में फैल गई।

आसपास के दर्जनों किसान अपने ट्रैक्टर लेकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तक दो गांव के करीब 30 किसानों की 220 बीघा फसल जलकर तबाह हो चुकी थी। आग बुझाने में कई किसानों की मामूली रूप से झुलसने की भी सूचना है। मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने खंडिया बाईपास पर जाम लगा दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्र अधिकारी टांडा कीर्ति निधि आनंद पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान अधिकारियों ने पीड़ित किसानों से भी बात की। पुलिस के हर संभव मदद के आश्वासन से जाम खुलवा दिया गया।

### भीषण आग से खौद आंगा के यह किसान प्रभावित

डाक्टर आरिफ, रामचरण, शाहिद, कदीर, नासिर, राशिद, सलीम, सगीर अहमद, रईस अहमद, नबी अहमद, सगीर, जफीर, जेबूल निशा, गुलशन, इसकूल नबी, मोहम्मद यासीन, नबी हुसैन, चतर सिंह, मिनतर पाल, शाहिद हुसैन, निसार हुसैन, अरविंद, मित्रपाल, इरशाद, शमीम हाजी, लाल सिंह, सोमपाल आदि शामिल हैं।

# इंजीनियर के बंद मकान से लाखों की चोरी

संवाददाता, बिलासपुर



बिलासपुर में चोरी के बाद जानकारी देती पीड़िता सुमन कुमारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** चोरों ने साफ्टवेयर इंजीनियर के बंद मकान को निशाना बनाते हुए भीतर से सोने-चांदी के आभूषण, लैपटॉप समेत तीन लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मौका-मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।

बिलासपुर क्षेत्र के गांव खौंदलपुर की गुरुनानक कॉलोनी निवासी सर्वेश कुमार मौर्य उत्तराखंड के उधमसिंहनगर स्थित एक प्राइवेट कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। पीड़ित सर्वेश व उसकी पत्नी ने सुमन कुमारी ने बताया कि उनका परिवार बीते सोमवार शाम अपने पैतृक गांव चैनपुर-मनौना तहसील मिलक गया था। वहां गेहूं की फसल कटवाने के बाद मंगलवार सुबह जब वापस घर लौटे तो उनके होश उड़ गए। मकान के मुख्य गेट का ताला टूटा होने के साथ समान अस्त-व्यस्त हालत में पड़ा था। साथ ही मौके पर मोहल्लेवासियों की भारी भीड़ लग गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे गए। उन्होंने परिजनों से जानकारी लेने के पश्चात ही घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम भी आ गई। गृहस्वामी ने पुलिस को बताया कि चोर संदूक में रखे टीका, नथ, मंगलसूत्र, दो जोड़ी पायल और लाकेट समेत आदि सोने-चांदी के आभूषण चुराकर ले गए हैं। इसके अलावा चोरों ने लेपटाप, कीमती सामान और इलेक्ट्रिक उपकरण आदि पर भी हाथ साफ़ कर दिया। पीड़ित स्वजन ने चोरी किए गए सामान की कीमत तीन लाख रुपये से भी अधिक बताई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना के खुलासे को एक टीम का गठन किया गया है। जल्द इसका खुलासा कर दिया जाएगा।

# संदिग्ध हालात में हलवाई की मौत, हत्या की आशंका

संवाददाता, बिलासपुर

● पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में हलवाई की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। उधर, मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।



मृतक नन्हे।

नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी सुशीला देवी के अनुसार उसका भाई नन्हे लाल विवाह समारोह में हलवाई का काम करता था। बताया कि वह दो-तीन दिन पहले घर से काम के लिए कहकर गए थे। साथ ही मंगलवार की तड़के घर के बाहर खड़े ठेले पर भाई को पड़ा देखा तो, परिवार में चीख-पुकार मच गई। बाद में आनन-फानन में उसे निजी चिकित्सक के पास ले गए। जहां उसे चिकित्सकों द्वारा भाई को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। साथ ही मौके पर पास पड़ोसियों की मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और परिजनों से जानकारी प्राप्त की। वहीं परिजनों ने मृतक की हत्या कर शव बाहर फेंकने की आशंका जताई है।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल परिजनों की ओर से अभी कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## न्यूज डायरी



### गश्त के दौरान रोती मिली मासूम पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना कोतवाली पुलिस को गश्त के दौरान बापू माल के पास एक मासूम बच्ची रोती हुई मिली। पुलिस टीम द्वारा तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए आसपास के लोगों से बच्ची के बारे में जानकारी करने का प्रयास किया। लेकिन प्रारम्भिक स्तर पर कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। बच्ची को सुरक्षित रूप से मिशन शक्ति केंद्र थाना कोतवाली लाया गया, जहां मिशन शक्ति फेज-5 .0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। बच्ची की पहचान के लिए उसके फोटो के माध्यम से निरंतर प्रयास किए गए, जिसके फलस्वरूप बच्ची के परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। इसके बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपनी बच्ची को सुरक्षित पाकर परिजनों द्वारा रामपुर पुलिस की प्रशंसा की गई। मिशन शक्ति केंद्र थाना कोतवाली पुलिस द्वारा बच्ची के परिजनों को मिशन शक्ति फेज-5 .0 अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक भी किया गया।



### एएसपी ने थाना भोट का निरीक्षण किया

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने थाना भोट का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, अभिलेखों, मिशन शक्ति केंद्र एवं परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के समुचित संधारण, अभिलेखों में अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को अद्यतन रखने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान भोट थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



### एनडीपीएस एक्ट का 68.164 किग्रा माल नष्ट कराया

**रामपुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन दहन अभियान के तहत मंगलवार को रामपुर पुलिस ने सुशीला बायो मेडिकल वेस्ट प्लांट मुरादाबाद में इन्सीनेटर के माध्यम से जिलास्तरीय कमेटी द्वारा एनडीपीएस एक्ट का 68 .164 किग्रा . के 82 माल को नष्ट कराया। पुलिस महानिदेशक उप्र के अनुपालन में जिले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यूनियन ऑफ इंडिया बनाम मोहनलाल व अन्य में पारित 28 जनवरी 2016 के निर्णय के अनुक्रम में एनडीपीएस एक्ट मालों के नष्टीकरण की कार्रवाई की गई। रामपुर पुलिस द्वारा पैरवी करते हुए न्यायालय से आदेश प्राप्त कर एनडीपीएस एक्ट के अभियोगों से संबंधित कुल 82 माल को नष्ट कराया। इनमें 24 .887 किग्रा . चरस, 41 .950 किग्रा . डोडा चूर्ण, 0 .082 किग्रा . स्मैक, 1 .245 किग्रा . अन्य का नष्टीकरण किया गया। पूरी कार्रवाई जिला स्तरीय कमेटी की निगरानी में संपन्न हुई।

### एकता विहार कॉलोनी में बाबा साहब की जयंती मनाई

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित एकता विहार कॉलोनी में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ . संतोष कुमार ने बाबा साहब के जीवन एवं उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला ।बच्चों की प्रस्तुति के पर बहुजन एकता परिवार द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बाबा साहब के चित्र भेंट कर सभी को सम्मानित किया। संचालन शुभेंद्र पाल सिंह ने किया। कार्यक्रम में मनोज कुमार, दिनेश कुमार सागर, रमेश सागर एवं अर्जुन सिंह का योगदान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनराज कठारे ने की, सुरजीत कठेरिया, आनंद कुमार एवं महेंद्र पाल सिंह का भी विशेष योगदान रहा।

### सदा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे बाबा साहब: कमल तुरैहा

**रामपुर, अमृत विचार** : तुरैहा मछुआ समाज द्वारा सराये गेट स्थित बाबा रामस्वरूप की समाधि पर बाबा साहब की जयंती मनाई। संगठन के जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा कमजोर व असहाय समाज की आवाज को बुलंद किया है। उन्होने हमेशा समाज को जागरूक व स्वावलंबी बनाने के लिए ही कार्य किए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे। जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट सभासद ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान महामंत्री एडवोकेट रामसिंह तुरैहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट सभासद, धर्म सिंह, अजय कुमार प्रधान, मास्टर अरविंद कुमार, राम सरन, राजीव कुमार तुरैहा, राम सरन तुरैहा, अर्जुन कुमार, रवि तुरैहा, प्रीतम तुरैहा, अर्जुन सिंह आदि रहे।

# रुद्रपुर-काशीपुर मार्ग पर फायरिंग में तीन पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिलासपुर

● पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दर्ज किया मामला, विवेचना के बाद होगी कार्रवाई

**अमृत विचार:** दो पक्षों में विवाद के दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी। जिसके चलते दूसरे पक्ष के व्यक्ति बाल-बाल बच गए। पुलिस ने इस मामले में तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

बिलासपुर क्षेत्र के गांव मनिहारखेड़ा निवासी विजय कुमार द्वारा कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि 12 अप्रैल की रात सात बजे वह अपने दोस्त रवि, नजर अली और महेश दास के स्कॉर्पियो गाड़ी से रुद्रपुर-काशीपुर मार्ग पर जूस पीने के लिए गए थे। इस दौरान उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी जूस की दुकान के बराबर में पड़े स्टील के पाइप पर अचानक चढ़ गई। इसी बात को लेकर वहां मौजूद लोगों से विवाद हो गया। साथ ही धीरे-धीरे विवाद मारपीट में बदल गया। वहीं विजय का आरोप है कि दूसरे पक्ष द्वारा अचानक फायरिंग कर दी जिससे वह बाल-बाल बच गए। बाद में उसने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवक की पिटाई में दो पुलिसकर्मी निलंबित

संवाददाता, बिलासपुर

● बेरहमी से पिटाई करते हुए वीडियो हुआ था वायरल

**अमृत विचार:** क्षेत्र की रुद्र-बिलास पुलिस पर तैनात हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल को एक व्यक्ति को पीटना भारी पड़ गया। पीड़ित ने पिटाई के बाद वीडियो बनाकर पुलिस कर्मियों पर आरोप लगाया। साथ ही पुलिस कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने को लेकर एसपी से गुहार लगाई। वहीं पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए दोनों पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

मोहल्ला ट्रांजिट कैंप कालोनी रुद्रपुर उत्तराखंड निवासी संजय सिंह के अनुसार बीते रविवार की देर रात वह किसी काम से ग्रीनपार्क कालोनी स्थित एक होटल आए थे। आरोप है कि रुद्र बिलास चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल संदीप चीमा और कांस्टेबल नितिन राठी ने उसे हिरासत में लिया और बिना किसी ठोस कारण के उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें युवक ने पुलिस कर्मियों पर अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाते हुए नजर आए। वहीं पीड़ित ने सोमवार को एसपी को घटना से अवगत कराकर दोनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना से न्याय की गुहार लगाई और साक्ष्य भी प्रस्तुत किए। प्राथमिक जांच में दोषी पाए जाने पर एसपी ने अनुशासनहीनता के चलते संदीप चीमा और नितिन राठी दोनों पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। वहीं, प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि संजय सिंह शराब के नशे में धुत था। वह होटल के आस-पास रहने वाले व्यक्तियों से नशे में बदसलूकी कर रहा था। जिसके चलते लोगों ने उसकी पिटाई की थी। बाद में लोगों ने डायल 112 पुलिस को फोन कर संजय सिंह के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर पुलिस उसे अपने साथ रुद्र बिलास चौकी पर ले आई थी। उसने पुलिस कर्मियों के साथ बदसलूकी की। जिस पर पुलिस द्वारा उसका मेडिकल नहीं कराया गया। साथ ही लापरवाही के चलते पुलिस अधीक्षक यह कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि दोनों सिपाहियों की लापरवाही सामने आई है, जिसके चलते दोनों निलम्बित कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**रहरा, अमृत विचार :** मंगलवार को चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर ब्रह्मदत्त त्यागी, संरक्षक सुरेंद्र सिंह त्यागी व प्रधानाचार्य श्री श्याम सुंदर मौर्य ने बाबा साहब के स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर ने विद्यालय में उपस्थित छात्राओं को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी द्वारा किए गए शिक्षा के क्षेत्र के कार्यों के संबंध में विस्तार से बताया गया। विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर वीरेंद्र कुमार, रामपाल सिंह, दीपक कुमार, मुनीम कुमार, श्रीमती रेखा, श्रीमती शबाना, श्रीमती शोभा त्यागी आदि उपस्थित रहे।

### कैंटीन संचालक पर किया जानलेवा हमला

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित एक कैंटीन संचालक पर युवक द्वारा धार धार हथियार से बार कर उसे घायल कर दिया। घायल कैंटीन संचालक सीएचसी पहुंचा, हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल के परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। नगर निवासी महेंद्र पुत्र काशीराम नगर के झकड़ी चौराहे पर स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान के निकट कैंटीन चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। सोमवार शाम को वह कैंटीन खोलने लगा तभी एक युवक ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे महेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घायल महेंद्र को उसके परिजन कोतवाली ले गए और आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, कोतवाली पुलिस द्वारा तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी भेज दिया, जहां उपचार के दौरान महेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया की मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है, घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कर दिया गया है।

# डॉ. आंबेडकर जयंती पर समानता व न्याय का दिया संदेश

## कलेक्ट्रेट सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में मनाई गई बाबा साहेब की 135वीं जयंती, बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** मंगलवार को संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कलेक्ट्रेट सहित विकास भवन और सभी तहसीलों में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मंगलवार को डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती पर कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांतों को केवल समारोह तक सीमित न रखते हुए उन्हें अपने दैनिक जीवन और कार्यशैली में उतारना चाहिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह ने कहा कि डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता थे, जिन्होंने समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए संविधान का निर्माण किया। वहीं अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर मसीहा नजम, शशिभूषण पाठक, जिला सूचना अधिकारी मोहम्मद दानिश, प्रशासनिक अधिकारी उपेंद्रनाथ त्रिवेदी सहित कलेक्ट्रेट के लोग उपस्थित रहे।

**बाबा साहेब को विधायक ने दी श्रद्धांजलि :** संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर सदर विधायक महबूब अली ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। विधायक ने कहा कि भारतीय संविधान ने समाज के सभी वर्गों को बेहतर प्रतिनिधित्व दिया है और भेदभाव से मुक्ति दिलाते हुए देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रदान की है। विधायक ने लोगों से अपील की कि वे बाबा साहेब के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज में समानता व न्याय की भावना को मजबूत करें।

**मंडी धनौरा :** श्रद्धेय बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर नगर के मोहल्ला सुभाष नगर स्थित बाबा साहब पार्क में एक गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष राजेश सैनी ने कमेटी के सदस्यों के साथ बाबा साहब को नमन करते हुए उनके विचारों और आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने नशाखोरी जैसी बुराइयों से दूर रहने और पिछड़े व दलित समाज को आगे बढ़ाने में योगदान देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में वास्तविक बदलाव लाया जा सकता है।

**मंडी धनौरा :** मंगलवार को तहसील परिसर में संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी शैलेश कुमार दुबे ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम दुबे ने तहसीलदार मूसराम थारू, नायब तहसीलदार योगेश कुमार लोधी तथा कानूनगो मनोज कुमार सहित अन्य कर्मचारियों के साथ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की गई।



डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स।



विधायक और चेयरमैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शोभायात्रा का किया शुभारंभ। • अमृत विचार



बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते विधायक कमाल अख्तर एवं अन्य।

### आंबेडकर जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता भीमराव रामजी आंबेडकर की 135वीं जयंती पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डॉ. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा ने नगरवासियों का मन मोह लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी और नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान समिति पदाधिकारियों ने दोनों अतिथियों को बाबा साहब का प्रतीक चिन्ह, पटका व साफा पहनाकर सम्मानित किया। शोभायात्रा में महात्मा बुद्ध, बाबा साहब डॉ. आंबेडकर व उनकी पत्नी रमाबाई, रानी लक्ष्मीबाई और भारत माता की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं।



शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते गणमान्य लोग। • अमृत विचार

### सैदनगली में निकली भव्य शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली में मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंगलवार को शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्षा डॉ. अनुकृति चौधरी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक ने फीता काटकर किया। जुलूस बाजार और बस स्टैंड मार्ग से होते हुए अंबेडकर मूर्ति स्थल तक पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। रास्ते में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। शोभायात्रा में महात्मा बुद्ध, बाबा साहब और अन्य महान विभूतियों पर आधारित आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं, जिन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक, विजयपाल सैनी, दीपक प्रधान, वीर सिंह सैनी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में संघ के अध्यक्ष रवि कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, मंत्री शिवम कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, संगठन मंत्री राकेश कुमार, संयुक्त मंत्री विकास सागर सहित अन्य पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

### श्रद्धा से याद किए संविधान निर्माता

**हसनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को नगर स्थित चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके अद्वितीय संघर्ष, सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

### बाबा साहेब को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**हसनपुर, अमृत विचार :** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अंबेडकर उद्यान समिति द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी इफ्तेदार उल्ला ख़ां और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने विचार व्यक्त किए। मुकेश जाटव, रोहतास सिंह उर्फ डब्लू भैया, डॉ. अशोक कुमार, सतवीर सिंह, अजय पाल आदि रहे।

### सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई आंबेडकर की जयंती

**हसनपुर, अमृत विचार :** डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती मंगलवार को सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई। विधायक कमाल अख्तर ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मोहल्ला खेवान स्थित सपा नेता नवल जाटव के आवास पर डाक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी के द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बदर कुरैशी, नवल कुमार जाटव, युसूफ कुरैशी, साजिद खान, बबलू गौतम, पंडित यतेंद्र शंकर गौड, राशिद कुरैशी, ब्रजकिशोर जाटव, शोएब मंसूरी, अरशद चौधरी, राहुल सागर, थान सिंह जाटव, वजीर चौधरी, रामचंद्र जाटव आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती

**गजरौला, अमृत विचार :** डॉ .भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति के संयोजन में मंगलवार को चौपला स्थित डॉ .भीमराव अंबेडकर पार्क में आयोजित जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के डीआईजी डॉ .नरेन्द्र सिंह ने बाबा साहब की नीतियों पर चलने का आह्वान किया। चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी ने विचार व्यक्त किए। कलाकार हरिराम तूफान उर्फ शेखचिल्ली ने अपनी टीम के कलाकारों के साथ डॉ .आंबेडकर के जीवन से जुड़े प्रसंगों को अपनी शानदार प्रस्तुतियों से यादगार बनाया। पूर्व विधायक हरपाल सिंह, पूर्व विधायक अशफाक अली खां, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश आर्या, रेडियोमैन राम सिंह बौद्ध, पीसीएस सतीश चंद्रा, वन क्षेत्रधिकारी गढ़ रेंज करन सिंह, भाजपा नेता हेम सिंह आर्य, भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह, अंबेडकर युवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चन्द मौर्य, अध्यक्ष महेश प्रधान, जयवीर सिंह, मुकेश कुमार, किरनपाल सिंह, बीपी सिंह, रविराज सिंह, डॉ .पृथी सिंह, प्रोफेसर ओमकार सिंह, डॉ .सुरेन्द्रपाल सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, होरी सिंह, डॉ .डीएस हर्ष, परमेश्वरी लाल, निर्मल सिंह आदि मौजूद रहे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष इंद्रवती ने भी अपने आवास पर डॉ .भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। इस मौके पर बलवीर सिंह, मीनाक्षी चौधरी, विपिन कुमार, समीक्षा चौधरी, धर्मेश चंद्रा, दिनेश चंद्रा, टीकाराम, रिंकू सागर आदि मौजूद रहे।

### मोहन राम लाइब्रेरी में बनाई बाबा साहेब जयंती

**रहरा, अमृत विचार :** हसनपुर स्थित श्री मोहन राम लाइब्रेरी में बाबा साहब की 135वीं जयंती के काट कर मनाई गई। इस मौके पर लाइब्रेरी के संचालक दिनेश लोहिया ने छात्र-छात्राओं को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा को अपना लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इस मौके पर मनु कुमार, राजा गुर्जर, ऋषभ प्रधान, हिमांशु कपासिया, हिमांशु मुखिया, गौरव प्रधान, उधम सिंह आर्य, गौरव नागर, कोशिंदर नागर आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने पांच थानों का किया औचक निरीक्षण

• पुलिस कर्मियों को दिए जरूरी दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने पहली बार एक साथ पांच थानों का औचक निरीक्षण किया। मंगलवार को उन्होंने हसनपुर, सैदनगली, डिडौली, आदमपुर और रहरा थानों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना प्रभारियों और स्टाफ से कार्यप्रणाली की जानकारी ली और अभिलेखों की जांच की। एसपी ने थाना हसनपुर, रहरा, आदमपुर, सैदनगली व डिडौली थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिले के टॉप-10 अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ ही महिला अपराधों को प्राथमिकता से लेने के निर्देश दिए गए।

**डिडौली थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया :** एसपी लखन सिंह ने डिडौली थाने में सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरों की लाइव फीड चेक की और सभी प्रमुख तिराहों-चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने त्योहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर समेत अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

हिस्ट्रीशीटरों की नियमित चेकिंग और फ्लाई सीट में प्रविष्टियां पूर्ण करने को भी कहा गया। इसके अलावा आम जनता के लिए स्वच्छ वातावरण, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और प्रसाधन की सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा थाने में स्वच्छता अभियान व वृक्षारोपण कराने के भी निर्देश दिए गए।



थाने का निरीक्षण करते एसपी लखन सिंह यादव। • अमृत विचार



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद कंवर सिंह तंवर। • अमृत विचार

# कार्यक्रम में भाजपा सांसद ने बताईं सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता, धनौरा,

**अमृत विचार:** नगर के कंचन बाजार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलो गांव की ओर चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें अमरोहा सांसद कंवर सिंह तंवर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर सांसद तंवर ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश के योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों को विस्तार से बताया। इस मौके पर अमरोहा नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन, सुभाष बंसल, मोहित अग्रवाल, जितेंद्र प्रजापति, विकास अग्रवाल, भगत राम मित्तल, सूरज अग्रवाल, कमल अग्रवाल, नरेंद्र कुमार, बृजेश अग्रवाल, सुरेंद्र सैनी आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खौलता दूध गिरने से तीन भाई-बहन झुलसे

संवाददाता हसनपुर

• पीड़ित बच्चों के चाचा ने मारी थी दूध के बर्तन में लात

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। जहां गुस्साए चाचा ने अपने ही भाई के मासूम बच्चों पर खौलता हुआ दूध पलट दिया। इस घटना में तीन मासूम बच्चे बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें आनन-फानन में नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली निवासी पीड़ित सुनील ने बताया कि उसका छोटा भाई रोजाना घर से पीने के लिए दूध ले जाता था। मंगलवार सुबह घर में दूध की मात्रा कम थी, जिसके चलते उसे दूध देने से मना कर दिया गया। इस बात से आरोपी आगबबूला होकर पीड़ित के घर पहुंचा। आरोपी घर में घुसा और चूल्हे पर उबल रहे दूध की पतीली में जोर से लात मार दी। पतीली पलटने से खौलता हुआ दूध पास ही मौजूद बच्चों पर जा गिरा। घटना में 10 वर्षीय वैष्णवी, 8 वर्षीय मनीष और माँ प्रीति की गोद में खेल रही 6 माह की मासूम तनिष्का बुरी तरह झुलस गई। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए, जिन्हें देखकर आरोपी फरार हो गया। पीड़ित पिता सुनील ने बताया कि छोटा भाई होने के कारण वह पहले भी चार बार आरोपी की मारपीट बर्दाश्त कर चुका था, लेकिन इस बार उसने बच्चों को निशाना बनाया है। पीड़ित के द्वारा आरोपी छोटे भाई के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर लेकर पुलिस ने दूध से झूलसे मासूमों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां उनका उपचार जारी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# विवाद होने पर प्रेमी ने खाया जहरीला पदार्थ

**गजरौला, अमृत विचार:** प्रेमिका से झगड़ा होने पर रविवार को जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

घटना सोमवार की है। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का गजरौला क्षेत्र की निवासी युवती से प्रेम संबंध है। पुलिस के मुताबिक सोमवार को युवक गजरौला में युवती से मिलने आया था। लेकिन वहां उसका कुछ विवाद हो गया था। इसके बाद युवक वहां से गजरौला पहुंचा व अपने परिजनों को फोन कर आत्महत्या की बात कही थी। इसके बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर युवक हसनपुर मार्ग पर डिवाइडर पर बेहोश होकर गिर गया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय-सहायक निबंधक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद**

संख्या 3266/एम.बी.डी.-11763/मुरादाबाद दिनांक 11.03.2026, सेवा में, 01. श्री नरेश चन्द्र जैन पुत्र श्री मुकुट बिहारी लाल जैन, भूतपूर्व अध्यक्ष, 02. श्री राजगोपाल जैन पुत्र श्री ब्रजलाल जैन, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, 03. श्री आदेश कुमार जैन पुत्र श्री कस्तूर चन्द्र जैन, भूतपूर्व मुख्यमंत्री, 04. श्री पीयूष जैन पुत्र श्री महेन्द्र कुमार जैन, भूतपूर्व अर्थमंत्री, 05. श्री विरेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री मानक जैन, भूतपूर्व निर्माण मंत्री, 06. श्री कस्तूर जैन पुत्र श्री श्यामलाल जैन, भूतपूर्व आडिटर, 07. श्री प्रकाश चन्द्र जैन पुत्र श्री ज्ञान चन्द्र जैन भूतपूर्व पुस्तकालय मंत्री, 08. श्री रमेश कुमार जैन पुत्र श्री राजकुमार जैन, भूतपूर्व धर्मशाला मंत्री, 09. श्री डा. पी.के. जैन पुत्र श्री कस्तूर चन्द्र जैन, भूतपूर्व स्वास्थ्य मंत्री, निवासी गण-मौ. साहूकारा बिलासपुर, जिला रामपुर। विषय : संस्था दिगम्बर जैन समाज, पता बिलासपुर जिला रामपुर के संबंध में। महोदय, उपर्युक्त विषयक श्री नवीन कुमार जैन द्वारा अपने पत्र जो कार्यालय में दिनांक 21.02.2026 को प्राप्त है, के माध्यम से संस्था के नवीनीकरण किये जाने हेतु शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। जिसके साथ प्रस्तुत प्रपत्रों में प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2025-26 में आपको चयनित नहीं दर्शाया गया है तथा क्रम संख्या 04 आपका पद परिवर्तन किया गया है। उपरोक्त के संबंध में यदि आपको कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति/अनापत्ति नोटरी शपथ पत्र के माध्यम से पत्र जारी होने की तिथि से दो सप्ताह के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक रजिस्ट्रार

**कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियत्रक, मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद**

पत्रांक : 76/स्वी.अनु./परि.-ई-निविदा/2026-27 दिनांक : 13 अप्रैल 2026

**गेहूँ खरीद ई-टेण्डर विज्ञप्ति (परिवहन कार्य हेतु)**

कार्यालय अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन, लखनऊ के पत्रांक 5471/अ.आ.वि./र.वि.व.-02/2026-27 दिनांक 29 दिसम्बर 2025 के साथ संलग्न शासनादेश सं. 380/29-5-2025/ई-2000859 दिनांक 24.12.2025 के द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूँ खरीद हेतु जारी समय-सारणी के बिन्दु संख्या 12 में हैण्डलिंग/परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति ई-टेण्डरिंग माध्यम से किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिसके निर्देशों के अनुपालन में मुरादाबाद सम्भाग में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत खाद्य विभाग की विपणन शाखा के प्रस्तावित गेहूँ, क्रय केन्द्रों पर हैण्डलिंग कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन ई-निविदायें आंमत्रित की जाती है। हैण्डलिंग कार्य हेतु निविदाएं पृथक-पृथक प्राप्त की जायेंगी एवं अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 3773/अ.वि.श./है.परि./परि.दर/359/2022 दिनांक 25.07.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) के कार्यवृत्त दिनांक 10.07.2023 व राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) के कार्यवृत्त दिनांक 18.09.2024 एवं राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की नवीनतम बैठक में निर्गत कार्यवृत्त दिनांक 15.04.2025 के क्रम में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत रबी विपणन वर्ष 2026-27 अन्तर्गत गेहूँ खरीद हेतु परिवहन कार्य के लिए ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जा रही है। मुरादाबाद सम्भाग में क्रय संस्थाओं के अनुमोदित गेहूँ क्रय केन्द्रों की केन्द्रवार संलग्न सूची के अनुसार जनपद रामपुर में 10 गेहूँ क्रय केन्द्र व जनपद सम्भल में 06 गेहूँ क्रय केन्द्र व जनपद अमरोहा में 09 गेहूँ क्रय केन्द्र व जनपद मुरादाबाद में 08 गेहूँ क्रय केन्द्र इस प्रकार सम्भाग में कुल प्रस्तावित 33 नये गेहूँ क्रय केन्द्रों से सम्बद्ध भा.खा.नि. डिपो तक परिवहन कार्य किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रस्तावित क्रय केन्द्रों में से यदि किसी क्रय केन्द्र का चयन नहीं किया जाता है अथवा चयन के उपरान्त निरस्त किया जाता है तो क्रय केन्द्र हेतु डाली गयी समस्त परिवहन की निविदाएं निरस्त समझी जायेंगी। गेहूँ के परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। बाजरा के परिवहन कार्य हेतु प्रत्येक केन्द्र पर निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90 (जी.एस.टी.)=590/- (मात्र पांच सौ नब्बे रूपये) एवं धरोहर धनराशि रू. 15000/- (मात्र पन्द्रह हजार रूपये) सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), मुरादाबाद के पदनाम से आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से सम्भागीय वरिष्ठ लेखाधिकारी (खाद्य), मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के खाता सं.-34446938072 एवं आई.एफ.एस.सी. कोड- SBIN0000682 में जमा किया जायेगा। परिवहन कार्य हेतु एस.एल.सी. द्वारा निर्गत एस.ओ.आर. दर से 10 प्रतिशत कम दर से अधिक दर की निविदाएं स्वीकार नहीं की जायेंगी।

आमंत्रित ई-निविदा में संलग्न सूची के अनुसार निविदादाता द्वारा प्रत्येक केन्द्र हेतु पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र संलग्न किये जायेंगे तथा प्रत्येक केन्द्र के लिए प्रतिभाग करने हेतु अलग-अलग निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की "स्कैन्ड कापी" ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 13.04.2026 के सायं 05:00 बजे से दिनांक 18.04.2026 के पूर्वान्ह 11:00 तक अपलोड की जा सकेगी। टेक्निकल बिड दिनांक 18.04.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तदर्थ गठित ई-निविदा समिति के द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड के प्रपत्रों की जाँचोपरान्त इसमें अर्ह निविदादाताओं की ही वित्तीय (फाइनेंशियल बिड) पर विचार किया जायेगा। तदोपरान्त वित्तीय निविदा, निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक मुरादाबाद के पास सुरक्षित होगा।

निविदा की किसी भी शर्तो में परिवहन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगे। अतः समस्त इच्छुक निविदादाता उक्त वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहे।

**सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी**

**मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद**

## न्यूज ब्रीफ

### लाभ न देने पर मार्ट प्रबंधक के वारंट जारी

**चंदौसी, अमृत विचार :** एक मार्ट ने त्यौहार की स्कीम के तहत 2500 रु की खरीदारी करने पर 99 रु अतिरिक्त भुगतान करने पर 1000 के मूल्य का बैग मुफ्त दिया जाने की घोषणा की थी। इस स्कीम का लाभ लेने के लिए चंदौसी निवासी अनमोल वार्ष्णेय ने खरीदारी की, लेकिन बैग नहीं दिए गए। उपभोक्ता फोरम वाद दायर किया, लेकिन प्रबंधक फोरम के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुआ। उपभोक्ता फोरम ने प्रबंधक को वारंट जारी किया है।

### दहेज के विवाद में मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** छरैरा निवासी इदरीश ने अपनी बेटी मुस्कान की शादी करीब तीन वर्ष पहले इमरान निवासी बारीपुर भमरौआ के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर मुस्कान को लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। बताया गया कि बीते दिन पति और अन्य ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट की और उसे तीन तलाक की धमकी दी। मायके पक्ष के लोग समझौते के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने मारपीट की, जिसमें इशलाक सहित अन्य लोग घायल हो गए। इशलाक की तहरीर पर पुलिस ने मुस्कान के पति इमरान, देवर समीर, ससुर इरफान और सास के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### प्रदेश अध्यक्ष ने चंदौसी की टीम को सराहा

**चंदौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्य समिति की बैठक का आयोजन इटावा में किया गया था। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि प्रदेश कार्य समिति की बैठक में 63 जिलों के व्यापारी प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में नव वर्ष संवत 2082 को अपने जिले में बेहतर तरीके से लागू करने के लिए चंदौसी जनपद संभल की टीम को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद संभल से जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश वार्ष्णेय, चंदौसी नगर अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, सोनू यादव आदि व्यापारी शामिल हुए।

### डा. आंबेडकर का जन्मदिवस मनाया

**मनोटा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत निबोला में भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मदिवस बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राजबाला व उनके पति नरेश सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उनके विचारों को याद किया। वहीं ग्राम पंचायत शाहपुर सिरपुड़ा में भी बाबा साहब का जन्मदिवस उत्साह के साथ मनाया गया।

### आंबेडकर जयंती पर निकली शोभायात्रा

**असमोली, अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को असमोली क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात शोभायात्रा असमोली के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों का उत्साह देखने को मिला।

### बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाने का एलान

**बबराला, अमृत विचार :** डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के मौके पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष काज़ी हम्माद मुबीन ने घोषणा की कि वे अपने गुन्नौर स्थित स्कूल में दलित समाज के पांच गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करेंगे।



कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह का सम्मान करते आयोजक। ● अमृत विचार



बहजोई में आंबेडकर जयंती शोभायात्रा के दौरान डीएम राजेंद्र पैंसिया को बुद्ध की प्रतिमा भेंट करते आयोजक।



दारनी गांव में फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ करते ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

# जिले भर में उत्साह से मनाई गई डॉ. बाबा साहेब की जयंती

## सामाजिक समरसता का दिया संदेश, शहर से लेकर देहात तक निकाली गईं शोभायात्राएं, सरकारी कार्यालयों में भी आयोजित किए गए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती जनपद संभल में पूरे उत्साह, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संभल, बहजोई, चंदौसी सहित विभिन्न शहरों और कस्बों में भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जबकि कई स्थानों पर बुद्ध कथा, गोष्ठियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

संभल शहर में अंबेडकर जयंती की मुख्य शोभायात्रा मोहल्ला सोतीपुरा से शुरू हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई देर शाम नगर पालिका मैदान में जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में सजी आकर्षक झांकियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। झांकियों के माध्यम से डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष, भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका और गौतम बुद्ध के सिद्धांतों को दर्शाया गया। हाथों में झंडे और बाबा साहेब के चित्र लिए लोग जय भीम के नारों के साथ आगे बढ़ते रहे। विभिन्न समाजों और वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी कर कार्यक्रम को सफल बनाया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यात्रा संयोजक सुधीर कुमार ने विचार व्यक्त किए।

**संभल/बहजोई :** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम का



आंबेडकर जयंती के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं राज्य मंत्री गुलाब देवी।

आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय का प्रतीक है तथा उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि बाबा साहब सामाजिक समरसता और संघर्ष के प्रतीक हैं, जिनसे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव कुमार ने किया। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग लखनऊ से आए कलाकारों द्वारा नारी सशक्तिकरण और महिलाओं से संबंधित योजनाओं पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। वहीं शाम को जिलाधिकारी बहजोई में निकाली गई अंबेडकर जयंती शोभायात्रा में शामिल हुए। जिलाधिकारी को भगवान बुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

**चंदौसी:** चंदौसी शहर में मंगलवार को अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वावधान में अंबेडकर शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाबी देवी ने फीता काटकर किया। राज्य मंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश के लिए संविधान दिया है। वह हमेशा दलित समाज के लिए कार्य करते रहे। शोभायात्रा में डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से संबंधित विभिन्न झांकियों के अलावा भगवान बुद्ध व देश भक्ति से संबंधित झोकियां शामिल थीं। शोभायात्रा में समिति अध्यक्ष विनोद कुमार, सूर्यजीत सिंह, प्रवीन कुमार, गोपेश कुमार, थानेश्वर दयाल, गवेंद्र कपिल, नरेंद्र कुमार, योगेश कुमार, कपिल कुमार मोनू, श्रेष्ठ गौतम आदि शामिल रहे।

**बबराला :** डॉ. आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में मंगलवार को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आरंभ आंबेडकर पार्क स्थित डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। दोपहर करीब एक बजे शुरू हुई इस यात्रा में सम्राट अशोक, ज्योतिबा फुले, एपीजे अब्दुल



मनोटा के निबोला गांव में डा. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग।

कलाम, महर्षि वाल्मीकि और गौतम बुद्ध समेत विभिन्न महान विभूतियों की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। ब्रह्मोस मिसाइल और नई संसद भवन की झांकी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। अलीगढ़ के मीरी पीरी खालसा ग्रुप के नीले - पीले बाने में निहंगों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। वहीं, कुछ युवाओं ने बाइक पर खतरनाक स्टंट करते हुए लोगों का ध्यान खींचा। शोभायात्रा इंदिरा चौक, मुख्य बाजार रेलवे रोड, महाराजा अग्रसेन मार्ग, पुराना रामलीला मैदान और सर्राफा बाजार से होकर गुजरी। रास्ते में जगह-जगह समाजसेवियों द्वारा शर्बत और ठंडे पेयजल के स्टॉल लगाए गए। देर शाम शोभायात्रा का समापन पुनः आंबेडकर पार्क पर हुआ। इस दौरान समिति अध्यक्ष लोकेश कुमार एडवोकेट, हरपाल सिंह, गौरव कुमार, दिलीप कुमार एडवोकेट, सोरन सिंह, सुनील बाबू, प्रधानाचार्य जगन्नाथ सिंह, मूर्तिकार सुरेंद्र कुमार, कार्तिक गोयल, अरुणकांत, गर्वित गोयल, रोहतास गौतम, रजनी, विद्यावती, अर्चना सागर, कन्यावती, रेनू आदि मौजूद रहे।



बुलडोजर पर चढ़कर लोगों पर पुष्पवर्षा करते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

### आंबेडकर जयंती पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** शाहपुर सिरपुड़ा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के तहत बाबा साहब की शोभायात्रा गांव और मोहल्लों में निकाली गई। इस दौरान भीम कथा एवं गौतम बुद्ध कथा का भी आयोजन किया गया, जिसमें बाबा साहब के विचारों और गौतम बुद्ध के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ समिति के अध्यक्ष जगदीश सरन, कोषाध्यक्ष कविंद्र सिंह, सदस्य सतेंद्र सिंह, अनुज कुमार, अंकित, सौरव, जितेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आंबेडकर जयंती पर सौंधन में निकाली शोभायात्रा

**सौंधन, अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती सौंधन क्षेत्र में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। सौधन में शोभायात्रा निकाली गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सिहावली स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में चरनसिंह भारती उपस्थित रहे, जबकि ब्लॉक प्रमुख प्रेमकुमारी और विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखपाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डोली श्रीवास्तव ने किया। वहीं सौंधन और मिलक गांव स्थित अंबेडकर पार्क में भी जयंती धूमधाम से मनाई गई। डीजे की धुन पर लोग झूमते नजर आए और नीले रंग की गुलाल उड़ाते हुए भव्य झांकी निकाली गई।

### आंबेडकर जयंती पर गूंजे जय भीम के नारे, श्रद्धा के साथ किया आयोजन

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा क्षेत्र में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने विचार व्यक्त किए। जयंती के मौके पर केसरपुर, सिरसा, कस्बा गवां, हरदासपुर और करकौरा सहित विभिन्न गांवों से होते हुए भव्य रैली निकाली गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष पति भगवानदास दिवाकर, पूर्व चेयरमैन अखिलेश अग्रवाल, प्रमोद कुमार, प्रधानाचार्य हरीशपाल सिंह, ईशांत भारती, अखिलेश गौतम, अजय भारती, चंद्रपाल सैनी, राजकुमार, बिट्टू कश्यप, हरीश कश्यप, ग्राम प्रधान ओमप्रकाश सिंह, यादराम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### दारनी मे निकली डा. आंबेडकर शोभायात्रा, लोगों ने की पुष्प वर्षा

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढफतेह गढ़ के ग्राम दारनी मंगलवार को डा. आंबेडकर शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ ग्राम प्रधान अनिरुद्ध कुमार ने अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर व फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य झांकी बाबासाहब डां भीमराव अंबेडकर, ज्योतिब फूले, गौतमबुद्ध, संत रविदास, सावित्रीबाई, भारत माता, आदि जयन्ती स्थाल से ग्राम डारनी मे भ्रमण करते ग्राम मुडियाखेडा मे भ्रमण करते हुए जयन्ती स्थाल पर समापन हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष राधाचरन, हरिश कुमार, ओमकार सिह छोटेलाल, रामौतार, गंगाचरन, उमेश, सरवन, राजेन्द्र नेताजी, अमरसिंह, अनिकेत, व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध हालात में किन्नर की मौत, साथी शव छोड़कर फरार

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में सोमवार रात को किन्नर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। इसके बाद उसके साथ गांव से बाहर शव छोड़कर फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए है। वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से किन्नर की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।



मृतक किन्नर।

गांव ओबरी निवासी अली वारिस उर्फ अली बारिश करीब 15 साल पहले घर छोड़कर जनपद बदायूं के इस्लामनगर क्षेत्र में किन्नर समुदाय के साथ रहने लगा था। परिजनों के मुताबिक वह जन्म से किन्नर नहीं था, बल्कि बाद में किन्नर बना और उसने अपना नाम काजल रख लिया



संभल के ओबरी गांव में घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

था। हालांकि इस दौरान वह कभी-कभार अपने घर भी आ जाया करता था। घटना से पहले सोमवार देर रात करीब 12 बजे अली के बड़े भाई ताहिर के पास नाजिश नाम के व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि अली की तबीयत बेहद खराब है और उसे तत्काल ले जाएं। परिजनों ने सुबह पहुंचने की बात कहकर फोन काट दिया, लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद स्थिति बदल गई। बताया जा रहा है कि देर रात करीब 3 बजे किन्नर समुदाय के कुछ लोग अली का शव लेकर उसके गांव की ओर आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पुलिस की गाड़ी को देखकर वे घबरा गए और शव को गांव के बाहर ओवरहेड टैंक के पास रास्ते में छोड़कर फरार हो गए। कुछ देर बाद मोहल्ले के लोगों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने परिजनों को सूचना दी। शव मिलने की खबर से गांव में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तड़के करीब 5 बजे पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

### शव पर कई जगह थे चोट के निशान

परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं और उसके मुंह से खून निकलने की भी बात सामने आई है, जिससे मामला और भी संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हालांकि प्रारंभिक जांच में युवक के काला पीलिया से पीड़ित होने की बात भी कही जा रही है। थाना प्रभारी मोहित कुमार चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# एक लाख रुपये का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल

- पिता-पुत्र की हत्या में शामिल होने का है आरोप
- आरोपी के दोनों पैरों में लगीं पुलिस की गोलियां

**अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में केल टिकटा रोड पुलिस और पिता-पुत्र के हत्यारोपी के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस को देखते ही आरोपी पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा। जबावी कार्रवाई में पुलिस की दो गोलियां आरोपी के पैर में लगीं और वह गिर गया। पुलिस ने आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी पर एक लाख रुपये का ईनाम है।

पुलिस को मंगलवार शाम सूचना मिली कि धनारी गांव निवासी नरेश और उसके बेटे भीमसेन की हत्या का मास्टर माइंड क्षेत्र में छिपा है और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने धनारी क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। रात करीब 10 बजे केल टिकटा रोड पर पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही



घायल बदमाश अरविंद।

थी, तभी एक संदिग्ध युवक बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब आरोपी को रोकने का प्रयास किया तो वह बाइक लेकर गौरीपुर गांव की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने जब पीछा किया। इसी दौरान आरोपी की बाइक फिसल गई और वह गिर गया। इसके बाद खुद को घिरता देख अरविंद पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के दोनों पैरों में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अरविंद निवासी ग्राम रझेड़ा सलेमपुर थाना कैलादेवी बताया, जो कि इस हत्याकांड में वांछित चल रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शातिर अपराधी है और काफी समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। घायल बदमाश को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही आसपास के आधा दर्जन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई।

# बाबा साहेब का झंडा लगा रहा युवक करंट से झुलसा

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- हाईटेंशन लाइन के खंभे में लगा रहा था झंडा
- गंभीर हालत में युवक को कराया भर्ती, गांव के लोगों ने की मदद

**अमृत विचार:** थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव सिंगोली पूर्वी में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। बाबा साहेब का झंडा लगाने के दौरान एक युवक हाई वोल्टेज लाइन के करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी दिनेश (27) हाइटेंशन लाइन के बिजली के खंभे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर का झंडा लगाने के लिए चढ़ रहा था। इसी दौरान वह 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आसपास मौजूद लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना और हादसा हो गया। आनन-फानन में घायल युवक को रजपुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। दिनेश के माता-पिता नहीं हैं और वह अविवाहित है। गांव के लोग ही उसका सहारा हैं और उसके इलाज का खर्च भी ग्रामीण मिलकर उठाने की बात कह रहे हैं। लोगों ने बताया कि वे लोग उसे मना करते रहे, लेकिन उत्साहित युवक खंभे पर चढ़ गया। इसके बाद हादसा हो गया।

# संभल कल्कि फिल्म की शूटिंग शुरू



संभल कल्कि फिल्म की शूटिंग के शुभारंभ पर पूजा अर्चना करते निर्माता व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** संभल कल्कि फिल्म की शूटिंग मंगलवार को शुरु हो गई। कालेज के एक हाल में अदालत का सेट लगाया गया। जहां दो अधिवक्ताओं के बीच हुई बहस को कैमरे में कैद किया गया। मंगलवार को फिल्म निर्माता अमित जानी, निर्देशक भारत एस श्रीनेत ने विधि - विधान से पूजा अर्चना कर फिल्म की शूटिंग की शुरुआत की। कालेज के मैदान के बराबर में बने एक बडे हाल में अदालत का सेट लगाया।

3.30 बजे फिल्म का पहला सीन शूट किया गया। इसमें जज की भूमिका एसएम कालेज के प्राचार्य डा. दानवीर यादव ने निभाई। संभल कल्कि फिल्म में महेश मांजरेकर अब्बाजान, विजय राज भाईजान तथा रजनीश दुग्गल बनवारी लाल गोयल की भूमिका में नजर आएंगे।

# गंगा स्नान के दौरान खनन ठेकेदार का मुंशी डूबा

कार्यालय संवाददाता, संभल

- अब तक नहीं लग सका शव का सुराग, तलाश जारी

**अमृत विचार :** तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र में असदपुर गंगा घाट पर मंगलवार को स्नान के दौरान खनन ठेकेदार का मुंशी गंगा में डूब गया। घटना के आठ घंटे बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। स्थानीय गोताखोर लगातार उसकी तलाश में जुटे हैं, वहीं एनडीआरएफ टीम को भी सूचना दी गई है।

जानकारी के अनुसार, गांव असदपुर स्थित अस्थाई गंगा घाट के पास शासन से अनुमति मिलने के बाद गंगा में खनन कार्य के लिए करीब एक किलोमीटर लंबा पुल बनाया गया है। इसी दौरान नदी में गहरा गड्ढा हो गया था। बताया जा रहा है कि ठेकेदार का मुंशी परवल सिंह (24) स्नान करने के लिए गंगा में उतरा था, तभी वह खनन के कारण बने गहरे गड्ढे में डूब गया। काफी देर तक बाहर न आने पर साथियों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। सूचना मिलने पर थाना पुलिस व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए और खोजबीन शुरू कराई गई। डूबा युवक परवल सिंह जनपद फर्रुखाबाद के थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव दुर्गुपुर का निवासी बताया गया है। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि युवक की तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया है, साथ ही एनडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और खोज अभियान जारी है।

# आंबेडकर के चित्र वाली फ्लेक्सी जलने पर आक्रोश

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** असमोली क्षेत्र के सैदपुर जयराम गांव में आंबेडकर जयंती के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा लगाई गई बधाई संदेश फ्लेक्सी रात में किसी तरह जल गई। कहा जा रहा है कि शरारती तत्वों ने आग लगाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। सैदपुर जयराम गांव में मंगलवार को अंबेडकर जयंती के लिए गांव की एक गली में ग्रामीणों द्वारा अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ की शुभकामना संदेश का फ्लेक्सी लगाई गई थी। सोमवार की रात्रि किसी समय शरारती तत्वों ने फ्लेक्सी बोर्ड में आग लगा दी। मंगलवार सुबह जैसे ही लोगों की नजर जली हुई फ्लेक्सी पर पड़ी तो फ्लेक्सी का कुछ हिस्सा जला देख ग्रामीणों में रोष फैल गया। थाना प्रभारी मोहित कुमार चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज टाटा मोटर्स प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को झंडी दिखाएंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ स्थित टाटा मोटर्स प्लांट में निर्मित 10 लाखवीं कमर्शियल गाड़ी को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। यह माइलस्टोन वाहन जीरो-एमिशन इलेक्ट्रिक बस है, जो ग्रीन मोबिलिटी और सतत विकास के प्रति प्रदेश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 1992 में स्थापित यह प्लांट करीब 8 हजार लोगों को रोजगार देता है और कौशल विकास के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है। यह उपलब्धि यूपी के औद्योगिक विकास, निवेश और 'नेट-जीरो' लक्ष्यों की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

### रेजिडेंट्स से लेकर संकाय तक करें अनुसंधान : धीमन

**अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी पीजीआई (एसजीपीजीआई) में अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में निदेशक डॉ. आरके धीमन ने संस्थान में मजबूत शोध संस्कृति विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान की शुरुआत रेजिडेंट डॉक्टरों, शोधार्थियों और युवा संकाय सदस्यों के स्तर से ही होनी चाहिए, ताकि वैज्ञानिक सोच को शुरुआती चरण से ही मजबूती मिल सके। निदेशक ने सुझाव दिया कि संकाय सदस्य अपने कार्य समय का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा अनुसंधान गतिविधियों को समर्पित करें। उन्होंने युवा संकाय सदस्यों को व्यावहारिक सलाह देते हुए कहा कि वे आंतरिक अनुदानों के माध्यम से शोध कार्य प्रारंभ करें और उनके परिणामों के आधार पर बाह्य अनुदानों के लिए योजनाएं बनाएं। निदेशक ने यह भी कहा कि संस्थान के वरिष्ठ शोधकर्ता एक समय में कम से कम छह पीएचडी छात्रों का मार्गदर्शन करें, ताकि उच्च प्रशिक्षित शोधकर्ताओं का एक मजबूत समूह तैयार किया जा सके। इससे पीजीआई को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए आईसीएमआर, नई दिल्ली में प्रस्ताव भेजने में मदद मिलेगी। कार्यशाला में डॉ. अमित गोयल, डॉ. खलिकुर रहमान, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. सी.पी. चतुर्वेदी, डॉ. अतुल गर्ग और श्याम कुमार ने बहुविषयक अनुसंधान के लिए उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं और संभावनाओं की जानकारी दी।

### 14566 हेल्पलाइन पर शिकायतों का निस्तारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पीड़ितों को त्वरित और प्रभावी न्याय दिलाने के लिए शुरू की गई 14566 अत्याचार एवं उत्पीड़न हेल्पलाइन अब मजबूत सहारा बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शासन-प्रशासन को संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की दिशा में यह पहल जमीनी स्तर पर असर दिखा रही है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस हेल्पलाइन पर दर्ज सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया गया, जो सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच कुल 628 शिकायतें दर्ज हुईं। जांच में 75 शिकायतें डुप्लीकेट पाई गईं, जिन्हें अलग कर दिया गया। शेष सभी मामलों में संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश देकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया गया। महीनेवार आंकड़ों में सितंबर (80) और अक्टूबर (79) में सबसे अधिक शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि अन्य महीनों में भी लगातार शिकायतें आती रहीं— जो इस बात का संकेत है कि लोग अब इस हेल्पलाइन पर भरोसा जता रहे हैं।

# श्रमिकों को राहत, उपद्रवियों पर एक्शन की तैयारी

## वेतन बढ़ोतरी करने के साथ डबल ओवरटाइम देने, समय पर भुगतान और इकाईयों में श्रम कानून लागू करने के निर्देश

- सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहीं जांच में लगी टीमें
- हिंसा में शामिल लोगों पर एनएसए लगाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नोएडा में श्रमिक आंदोलन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने एक साथ राहत और सख्ती की रणनीति अपनाई है। एक ओर न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी कर श्रमिकों को राहत दी गई है, वहीं दूसरी ओर हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ में शामिल उपद्रवियों पर कड़ा एक्शन लेने की तैयारी शुरू हो गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित हाई पावर कमेटी जहां श्रमिकों से संवाद कर उन्हें काम पर लौटने के लिए प्रेरित कर रही है, वहीं गृह विभाग और पुलिस प्रशासन पूरे मामले की गहन जांच में जुटा है। डीजीपी राजीव कृष्ण और नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने संकेत दिए हैं कि हिंसा में शामिल "हार्डकोर उपद्रवियों" पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून तक लगाया जा सकता है। प्रभावित इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आगजनी व पुलिस पर हमले के सबूत जुटाए जा रहे हैं। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद डीजीपी के साथ हालात पर नजर बनाए हुए हैं। सरकार ने गौतमबुद्ध नगर-गाजियाबाद में न्यूनतम मजदूरी में 3000 तक की बढ़ोतरी की है। इसके तहत अकुशल श्रमिकों का वेतन 11,313 से बढ़ाकर 13,690, अर्धकुशल का 15,059 और कुशल श्रमिकों का 16,868 कर दिया गया है। जिलाधिकारी मेधा रूपम के अनुसार, अब श्रमिकों को ओवरटाइम का दोगुना भुगतान मिलेगा, साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित होगा और हर महीने की 10 तारीख तक वेतन सीधे बैंक खाते में जमा किया जाएगा।

### एसटीएफ करेगी डिजिटल ट्रेल की जांच

- नोएडा में श्रमिकों से जुड़े मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों के बीच बड़ा खुलासा हुआ है। यूपी पुलिस ने 50 से अधिक ऐसे बॉट हैंडल चिन्हित किए हैं, जिन्हें पिछले 24 घंटों के भीतर बनाया गया। जिनका इस्तेमाल भ्रामक नैरेटिव गढ़ने के लिए किया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, ये सभी हैंडल संगठित तरीके से श्रमिकों से जुड़े मुद्दे पर अफवाह फैलाने और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे। प्रारंभिक जांच में यह मामला एक सुनियोजित साजिश की ओर इशारा करता है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि चिन्हित किए गए सभी हैंडल्स के डिजिटल ट्रेल की डिटेल जांच यूपी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा की जाएगी। जांच के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि इन हैंडल्स को किसने और किस उद्देश्य से संचालित किया। अफवाह और दुष्प्रचार फैलाने वाले ऐसे सभी सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपुष्ट खबरों पर भरोसा न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

### श्रम कानूनों का सख्ती से पालन होगा

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर बनी हाई लेवल कमेटी ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर में श्रमिकों से बात की है। बैठक में अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई), प्रमुख सचिव (श्रम), श्रम आयुक्त, मंडलायुक्त मेरठ, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर और पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में श्रमिकों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। उन्होंने वेतन बढ़ाने, साप्ताहिक छुट्टी, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, श्रमिकों की सुरक्षा और बेहतर कामकाजी माहौल जैसी मांगें रखीं। कमेटी ने श्रमिकों को भरोसा दिलाया कि उनके हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा और सभी कंपनियों में श्रम कानूनों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

### हिंसा में श्रमिक नहीं, बाहरी लोग शामिल : दीपक

- **अमृत विचार, लखनऊ/नोएडा :** नोएडा में श्रमिक आंदोलन और हिंसा को लेकर बनीं हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने मंगलवार को कहा कि श्रमिक प्रतिनिधियों ने खुद बताया है कि हिंसा में उनका कोई हाथ नहीं था, बल्कि बाहरी और असामाजिक तत्वों ने हालात बिगाड़े। प्रेसवार्ता में दीपक कुमार ने कहा कि कर्मचारियों के अनुसार उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण था और उनकी मांगें वेतन वृद्धि, साप्ताहिक अवकाश तथा बेहतर कार्य परिस्थितियों से जुड़ी थीं। लेकिन कुछ लोगों ने इस आंदोलन की आड़ लेकर तोड़फोड़, आगजनी और पथराव जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस इनपुट को गंभीरता से ले रही है और अब जांच का फोकस उन बाहरी तत्वों की पहचान पर है, जिन्होंने औद्योगिक माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और खुफिया सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। सरकार ने साफ किया है कि हिंसा और अराजकता किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### 20,000 न्यूनतम वेतन की खबरें भ्रामक

- दीपक कुमार ने यह भी बताया कि हाई पावर कमेटी की सिफारिशों के आधार पर नोएडा-गाजियाबाद में श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में 3000 तक की अंतरिम वृद्धि लागू कर दी गई है, जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर 20,000 न्यूनतम वेतन लागू होने की खबरें पूरी तरह भ्रामक हैं और श्रमिकों से अपील की कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें।

### नोएडा हिंसा पर सरकार जिम्मेदार : अखिलेश यादव

- अखिलेश यादव ने नोएडा में हाल में हुए श्रमिक आंदोलन और हिंसा को लेकर भी प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक विफलता के कारण हालात बिगड़े और सरकार अब इसे साजिश बताकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रही है।

### मशरूम उत्पादन से बदली जिंदगी

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में योगी सरकार की पहल अब जमीन पर असर दिखा रही है। भदोही जिले की पप्पू देवी इसका सशक्त उदाहरण बनकर उभरी हैं, जिन्होंने मशरूम उत्पादन के जरिए न केवल अपनी आर्थिक स्थिति बदली, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के नए रास्ते खोल दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) आज ग्रामीण महिलाओं के लिए आर्थिक आजादी का मजबूत माध्यम बन रहा है। इसी मिशन की मदद से पप्पू देवी ने पारंपरिक खेती से अलग राह चुनते हुए मशरूम उत्पादन शुरू किया और आज उनकी सालाना आमदनी 8 से 10 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है। पप्पू देवी ने शुरुआत में अपनी जमा-पूंजी से करीब ढाई लाख रुपए निवेश किए और 50 हजार रुपए का ऋण लेकर इस उद्यम की नींव रखी। सीमित संसाधनों और छोटे स्तर से शुरू हुआ यह काम आज एक सफल व्यवसाय में बदल चुका है।

# सपा का स्टेट गेस्ट हाउस कांड और कांग्रेस का आंबेडकर विरोध वास्तविक चरित्रः मुख्यमंत्री

## योगी ने 75 जिलों में बाबा साहेब की प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण का किया वर्चुअल शुभारंभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद डॉ. आंबेडकर को नमन करते योगी।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने स्टेट गेस्ट हाउस में महिलाओं के साथ बर्बर व्यवहार कर अपना वास्तविक चरित्र दिखाया था। कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव से वंचित रखने का प्रयास किया। उन्हें भारत रत्न न मिले, इसके लिए षडयंत्र रचे। कांग्रेस आज भले ही संविधान की प्रति लेकर घूम रही है, लेकिन उसकी असलियत को समझने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को डॉ. आंबेडकर महासभा कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्मारिका का विमोचन किया और 75 जिलों में स्थापित बाबा साहेब की 75 मूर्तियों के सौंदर्यीकरण व संरक्षण कार्य का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके पहले हजरतगंज चौक स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दलितों के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले गिनाएं कि बाबा साहेब के नाम पर उन्होंने क्या किया और उनके दर्शन से क्या प्रेरणा ली? सब जानते हैं कि कौन मुख्यमंत्री बनने पर दलित महापुरुषों के स्मारक तोड़ने की धमकी देता था। कड़वा-कड़वा थू, मीठा-मीठा गप, नहीं चलेगा और समाज यह स्वीकार भी नहीं करेगा, क्योंकि समाज असलियत जानता है। जाति के नाम पर समाज को बांटने वाली ताकतें बताएं कि जब बांग्लादेश में दलित नौजवान को जलाया जा रहा था तो उनका मुंह क्यों सिला था।

इस अवसर पर आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, महापौर सुषमा खर्कवाल, आंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज, महामंत्री अमरनाथ प्रजापति, कोषाध्यक्ष डॉ. सत्या दोहरे आदि की मौजूदगी रही।

### बना रहे डॉ. आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक व शोध केंद्र

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लखनऊ में हमारी सरकार ने तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविद को बुलाकर डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक व शोध केंद्र के कार्य को बढ़ाया। इसके प्रथम चरण का काम लगभग पूरा हो चुका है, जुलाई तक द्वितीय चरण का कार्य कराने का निर्देश दिया है। यहां दलित बच्चों के लिए बाबा साहेब के दर्शन पर शोध करने का प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा। सामाजिक न्याय और जनचेतना के लिए केंद्र बनेगा, जिससे समाज महापुरुषों के बारे में जान सके। यहां छात्रावास, शोध केंद्र, ऑडिटोरियम, बाबा साहेब की भव्य प्रतिमा भी स्थापित हो रही है।

### बाबा साहेब ने दिखाई थी न्याय की रोशनी

- मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार करने, दलितों, वंचितों, गरीबों को न्याय प्रदान करने के लिए समर्पित था। हर दलित-वंचित, गरीब, महिला जब न्याय की अपेक्षा रखती है और उसे जो रोशनी दिखाई देती है, वह रोशनी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने ही दिखाई थी। बाबा साहेब का जो प्रकाश फैला है, उसे हड़पने के लिए कुछ स्वार्थी ताकतें फिर से उनके नाम का स्मरण करने का नाटक कर रही हैं।



पार्टी कार्यालय पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करतीं बसपा सुप्रीमो मायावती, साथ में अन्य।

# देश में बढ़ती सामंती सोच के कारण संविधान के लक्ष्य प्रभावित : मायावती

- बाबा साहेब आंबेडकर जयंती पर बसपा सुप्रीमो मुखिया का सरकार पर निशाना
- कहा-गरीबी, बेरोजगारी और जातिवाद खत्म किए बिना नहीं मिलेगा संविधान का पूरा लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में बढ़ती सामंती और जातिवादी सोच के कारण संविधान के मूल उद्देश्यों को पूरी तरह लागू नहीं किया जा सका है। इसके निदान के लिए देश व राज्यों में भी डा. आंबेडकर की ''सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय'' की नीति व सिद्धांत वाली उनकी अनुयायी पार्टी बसपा की सरकार जरूरी है।

मायावती ने मंगलवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय और अन्य स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बसपा प्रमुख ने नौ माल एवेन्यू स्थित केंद्रीय कैंप कार्यालय में डा. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कहा कि बहुजन समाज आज भी गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक भेदभाव जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे मजबूत संविधान वाले देश में भी अगर बहुजन समाज को सम्मान और न्याय नहीं मिल पा रहा है, तो यह चिंताजनक है। संविधान का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता स्थापित करना था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में यह लक्ष्य अधूरा दिखाई देता है। मायावती ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने जो संविधान देश को दिया, वह सभी वर्गों को समान अधिकार और अवसर प्रदान करने के लिए बनाया गया था। लेकिन आज भी समाज के कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। मायावती ने कहा कि केवल जयंती मनाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उनके सिद्धांतों को जमीन पर लागू करना जरूरी है। उन्होंने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत को अपनाने की अपील की। आरोप लगाया कि वर्तमान सरकारें बहुजन समाज के मुद्दों पर गंभीरता से काम नहीं कर रहीं।

# बाबा साहब की प्रतिमाएं तोड़ने वाले अब सुरक्षा का दे रहे बजट



लखनऊ में बाबा साहब को नमन करते अखिलेश यादव।

- आंबेडकर जयंती पर सपा प्रमुख का भाजपा पर हमला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। हजरतगंज स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी लाभ के लिए बाबा साहब के नाम का इस्तेमाल कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार में सबसे अधिक आंबेडकर प्रतिमाएं तोड़ी गईं, और अब वही लोग चुनाव से पहले उनकी सुरक्षा के नाम पर बजट देकर "झूठा संदेश" देने की कोशिश कर रहे हैं। उनका इशारा हाल ही में यूपी कैबिनेट के उस प्रस्ताव की ओर था, जिसमें आंबेडकर प्रतिमाओं की सुरक्षा के लिए कैनोपी लगाने का निर्णय लिया गया है। सपा प्रमुख ने कहा कि बाबा साहब का संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि "लोहे की तलवार" है, जो समय-समय पर समाज को सम्मान दिलाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि संविधान दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के लिए ढाल और संजीवनी है, जो उन्हें न्याय और समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि चुनाव के समय 400 सीटें जीतने के बाद संविधान बदलने की बातें कही गई थीं, लेकिन देश और प्रदेश की जनता ने लोकतंत्र और संविधान को बचाने का काम किया। सपा प्रमुख ने कहा कि आज भी समाज में दलितों और पिछड़ों के साथ भेदभाव की घटनाएं सामने आती हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगहों पर लोगों को शादी में घोड़ी पर चढ़ने या पानी छूने तक पर अपमानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए यह संघर्ष लंबा है और समाजवादी पार्टी इसे लगातार आगे बढ़ाती रहेगी।



डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करतीं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल व अन्य।

# राहुल गांधी राजनीतिक पर्यटक : अनुप्रिया पटेल

- बंगाल में भाजपा और यूपी 2027 में एनडीए की जीत का दावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में नेता विरोधी दल कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 'राजनीतिक पर्यटक' करार देते हुए कहा कि उनके प्रचार से पश्चिम बंगाल की राजनीति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में एनडीए तीसरी बार सत्ता में लौटेगा।

मंगलवार को गांधी भवन में आयोजित आंबेडकर जयंती समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत में अनुप्रिया पटेल ने कहा कि बंगाल में कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक है, ऐसे में वहां परिवर्तन तय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास केंद्रित सरकार का गठन होगा। यूपी चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि फिलहाल सीट बंटवारे पर कोई चर्चा नहीं है, बल्कि संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि अपना दल (एस) आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलते हुए सामाजिक न्याय को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों में जुट जाएं। कार्यक्रम में आशीष पटेल और आरपी गौतम समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जागरूकता

आज और कल निकाली जाएंगी पदयात्राएं, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की भागीदारी होगी सुनिश्चित

# उच्च शिक्षण संस्थानों में चलेगा नारी शक्ति वंदन अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक कर विभागीय अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए।

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, निदेशालय के पदाधिकारियों और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता है। यह अभियान 10 से 20 अप्रैल 2026 तक प्रदेशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में चलाया जाएगा। इसके तहत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और आमजन की सक्रिय भागीदारी के साथ विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंत्री ने बताया कि 15 और 16 अप्रैल को प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 'नारी शक्ति पदयात्रा' आयोजित की जाएगी। इसमें समाज की प्रतिष्ठित महिलाओं को नेतृत्व देने के साथ एनसीसी, एनएसएस स्वयंसेवकों और 'लखपति दीदी' जैसी लाभार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है और यह अभियान उसी कड़ी को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

### नारी शक्ति दीवार बनेगी अभिव्यक्ति का मंच

- अभियान के तहत महिला महाविद्यालयों और छात्रावासों में 'नारी शक्ति दीवार' स्थापित की जाएगी, जहां महिलाएं अपने विचार लिखकर और हस्ताक्षर कर भागीदारी निभाएंगी। इसके साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया जाएगा। मंत्री ने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार किया जाए। साथ ही मिस्ड कॉल नंबर और स्टिकर के जरिए जनसमर्थन जुटाने पर भी जोर दिया गया।

### अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

- अभियान के सफल संचालन के लिए स्पष्ट जिम्मेदारियां तय की गई हैं। उच्च शिक्षा परिषद के सचिव निजी विश्वविद्यालयों से समन्वय करेंगे, कुलसचिव सरकारी व अनुदानित कॉलेजों से संपर्क रखेंगे, जबकि क्षेत्रीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रमों का संचालन सुनिश्चित करेंगे।

### प्रमुख गतिविधियां

- 15–16 अप्रैल : नारी शक्ति पदयात्रा
- स्कूटी रैली और जनसंपर्क अभियान
- बैनर, कार्ड और प्रचार सामग्री का उपयोग
- छात्र-छात्राओं की व्यापक भागीदारी

### निषाद समाज को मिले अनुसूचित जाति का दर्जा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकलव्य समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर निषाद ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को हजरतगंज चौराहे पर स्थित बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अम्बेडकर जयंती धूम-धाम से मनाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि निषाद समाज दिल्ली, महाराष्ट्र सहित 14 प्रदेशों में अनुसूचित जाति में आता है तथा सेंसेक्स ऑफ इंडिया 1961 में निषाद मल्लाह को लखनऊ, आगरा, इटावा और उन्नाव में अनुसूचित जाति में रखा गया है। परंतु उन्हें अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी न करके पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। इस विसंगति को दूर करने के लिए एकलव्य समाज पार्टी निरंतर प्रयासरत है।



नज़रिया एक छोटी सी चीज है, जो बड़ा फर्क पैदा करती है।
-विंस्टन चर्चिल, इंग्लैंड के पूर्व प्रधानमंत्री



# असंतोष का उफान

नोएडा में मजदूरों-कर्मचारियों का हालिया उग्र प्रदर्शन भारत के औद्योगिक ढांचे में गहरे पैठे असंतोष का लक्षण है। यह घटना उद्योग और श्रम संबंधों के उस लंबे समय से दमित और तनावपूर्ण असंतुलन की ओर इशारा करती है, जो अब फूट पड़ा है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इस प्रदर्शन का कोई स्पष्ट पारंपरिक नेतृत्व नहीं था। तथाकथित 'जेनजी' श्रमिकों की अग्रिम भूमिका यह संकेत देती है कि पारंपरिक यूनियनें अप्रासंगिक नहीं हुईं हों, पर ट्रेड यूनियनों का प्रभाव कमजोर अवश्य हुआ है। नई पीढ़ी जिस तरह अधिक त्वरित, डिजिटल और स्वतः स्फूर्त संगठन की ओर बढ़ रही, उससे श्रम आंदोलन अधिक अनिश्चित और असंगठित हो गया है, जहां संवाद के औपचारिक मंच कमजोर पड़ते हैं और टकराव की संभावना बढ़ती है। प्रदर्शन के उग्र होने में प्रशासनिक विफलता स्पष्ट दिखती है। पांच दिन से चल रहे विरोध-प्रदर्शन के बावजूद पुलिस और प्रशासन आकलन नहीं कर पाया।

खुफिया निगरानी में कमी, श्रमिक असंतोष की गहराई को न समझ पाना और समय रहते संवाद स्थापित न करना, ये सभी कारण इस विफलता के साफ संकेत हैं। घटना का मूल कारण श्रमिकों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में निहित है। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे सटे राज्यों में अकुशल श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में भारी अंतर है, दिल्ली में अकुशल श्रमिक को लगभग 20 हजार रुपये, हरियाणा में 15 हजार से अधिक और उत्तर प्रदेश में 11,313 रुपये मिलना असमान श्रम बाजार की तस्वीर प्रस्तुत करता है। सवाल यह है कि क्या इनमें से कोई भी वेतन आज की महंगाई, निजी शिक्षा-स्वास्थ्य और शहरी जीवन यापन की लागत के अनुरूप है? एक छोटे परिवार के लिए किराया, राशन, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन का खर्च जोड़ें तो वर्तमान न्यूनतम वेतन जीवनयापन के न्यूनतम मानकों को भी पूरा नहीं करता। ऐसे में 12 घंटे काम, ओवरटाइम का उचित भुगतान न होना, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और श्रमिक कल्याण योजनाओं का अभाव, यह सब मिलकर असंतोष को विस्फोटक बनाते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उच्च स्तरीय समिति और न्यूनतम वेतन संशोधन जैसे कदम स्वागतयोग्य हैं, परंतु यह केवल तात्कालिक राहत हैं। जब तक श्रम कानूनों का कठोर क्रियान्वयन, निरीक्षण तंत्र की मजबूती और उद्योगों की जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक स्थिति में स्थायी सुधार संभव नहीं है।

न्यूनतम वेतन निर्धारण का आधार केवल 'जीवित रहने' की लागत नहीं, बल्कि उसमें 'सम्मानजनक जीवन', सामाजिक सुरक्षा भी शामिल हो। राज्यों के बीच वेतन असमानता को कम करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक संतुलित ढांचा बने। श्रमिक आंदोलन भी हिंसा से दूर रहें। हिंसा से न केवल वैध मांगें कमजोर होती हैं, बल्कि श्रमिक खुद कानूनी और प्रशासनिक दबाव में आ जाते हैं। यदि कोई बाहरी तत्व हिंसा भड़काने का प्रयास करता है, तो उसे सख्ती से अलग करना होगा। कुल मिलाकर यह घटना सरकार, उद्योग और समाज— तीनों के लिए चेतावनी है कि यदि श्रमिक असंतोष को समय रहते संवाद, न्यायपूर्ण वेतन और सुरक्षित कार्यस्थल के माध्यम से शांत नहीं किया गया, तो बड़े संकट का रूप ले सकता है।

## प्रसंगवश

# नारी सशक्तिकरण के बीच पुरुष संवेदनाओं की अनदेखी

देश के विभिन्न हिस्सों विशेषकर दिल्ली, गुरुग्राम और जयपुर से ऐसी खबरें सामने आई हैं, जहां पुरुषों ने मानसिक तनाव, आर्थिक दबाव और वैवाहिक विवादों के कारण कठोर कदम उठाए। ये घटनाएं केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं हैं, बल्कि समाज की उस सोच को दर्शाती हैं, जहां पुरुषों को अपनी भावनाएं व्यक्त करने का अवसर नहीं मिलता। वर्तमान समय में भारतीय समाज एक गहरे परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। नारी सशक्तिकरण ने महिलाओं को नई पहचान, आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान की है, जो एक सकारात्मक और आवश्यक सामाजिक बदलाव है, किंतु इस परिवर्तन के साथ एक और पहलू उभर कर सामने आ रहा है, पुरुषों की बदलती सामाजिक और मानसिक स्थिति, जिस पर अपेक्षित गंभीरता से विचार नहीं किया जा रहा।

रिसर्चगेट पर उपलब्ध कई हालिया शोध (2020–2024) बताते हैं कि 25–35% पुरुष मानसिक या भावनात्मक प्रताड़ना का सामना करते हैं। इंडियन फैमिली फाउंडेशन की रिपोर्ट्स में भी पुरुषों के उत्पीड़न और आत्महत्या के मामलों को एक गंभीर सामाजिक मुद्दा बताया गया है। देश में हाल ही में वैवाहिक विवादों और तलाक के मामलों में बढ़ोतरी चर्चा का विषय बनी है। पारिवारिक अदालतों में आने वाले मामलों से यह स्पष्ट होता है कि पति-पत्नी के बीच संवाद की कमी, आर्थिक दबाव और आपसी समझ की कमी रिश्तों को कमजोर कर रही है। तलाक के बाद पुरुषों को न केवल आर्थिक जिम्मेदारियों जैसे गुजारा भत्ता का बोझ उठाना पड़ता है, बल्कि अपने बच्चों से दूर रहने की पीड़ा भी सहनी पड़ती है।



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

क्या एक समाज सच में इस तरह सशक्त कहलाया जा सकता है, अगर वह केवल एक पक्ष की आवाज़ सुनता हो? नारी सशक्तिकरण का मूल उद्देश्य महिलाओं को समान अधिकार और अवसर प्रदान करना है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। यह परिवर्तन समाज के संतुलित विकास के लिए आवश्यक है। महिला और पुरुष, दोनों मिलकर समाज की आधारशिला हैं, लेकिन समानता का वास्तविक अर्थ केवल एक वर्ग को आगे बढ़ाना नहीं, बल्कि दोनों वर्गों के बीच संतुलन स्थापित करना है।

आज भी समाज में पुरुषों के लिए एक तय छवि बनाई गई है उन्हें मजबूत रहना है, जिम्मेदार बनना है और अपनी भावनाओं को दबाकर रखना है। बचपन से ही उन्हें सिखाया जाता है, 'मर्द बनो, रोते नहीं।' यही वाक्य उनके पूरे जीवन की दिशा तय कर देता है। वे अपने दर्द को छुपाना सीख जाते हैं, अपनी कमजोरी को स्वीकार करने से डरते हैं और धीरे-धीरे एक ऐसी खामोशी में जीने लगते हैं, जो बाहर से मजबूती दिखती है, लेकिन अंदर से उन्हें तोड़ती रहती है।

एक उदाहरण के रूप में देखें, एक व्यक्ति का वैवाहिक विवाद तलाक तक पहुंच गया। कानूनी प्रक्रिया के बाद उसे हर महीने आर्थिक सहायता देनी पड़ी और बच्चों से मिलने का समय भी सीमित हो गया। बाहर से वह सामान्य जीवन जीता हुआ दिखाई देता था, लेकिन अंदर से वह अकेलेपन और मानसिक तनाव से जूझ रहा था। उसने अपनी भावनाएं किसी से साझा नहीं कीं, क्योंकि उसे डर था कि समाज उसे कमजोर समझेगा। यह स्थिति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हजारों ऐसे पुरुषों की है जो रिश्तों की टूटन के बाद खामोशी में जी रहे हैं। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# नदियां: आर्थिक लाभ बनाम पर्यावरणीय हानि





प्रो. नीलिमा गुप्ता
पूर्व कुलपति

भारत की नदियां देश की जीवनरेखा मानी जाती हैं। भारत में गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी जैसी प्रमुख नदियां न केवल जल का स्रोत हैं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और अर्थव्यवस्था का आधार भी हैं। इन नदियों के किनारे सभ्यताओं का विकास हुआ और आज भी करोड़ों लोगों की आजीविका इन पर निर्भर है, किन्तु वर्तमान समय में बढ़ते हुई शहरीकरण के कारण नदियों का प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुका है। औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और बढ़ती जनसंख्या के कारण नदियों में अपशिष्ट पदार्थों का अत्यधिक प्रवाह हो रहा है।

कारखानों से निकलने वाले रासायनिक कचरे, सीवेज का बिना शोधन के सीधे नदियों में प्रवाह, कृषि में उपयोग होने वाले रसायनों का बहाव तथा धार्मिक गतिविधियों में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्टों का विसर्जन, ये सभी कारक नदियों के जल को दूषित कर रहे हैं। इससे न केवल जल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि जलीय जीव-जंतुओं का जीवन भी संकट में पड़ गया है और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

भारत की नदियां देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कृषि क्षेत्र में सिंचाई का प्रमुख स्रोत नदियां ही हैं, जिससे खाद्यान्न उत्पादन बढ़ता है और देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है। आर्थिक दृष्टि से देखें तो भारत के कृषि क्षेत्र का सकल उत्पादन (Gross Value Added – GVA) लगभग 20–25 लाख करोड़ रुपये (हाल के वर्षों के अनुमान अनुसार) है, जिसमें सिंचाई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अनुमानतः इस कृषि उत्पादन का 55–60% हिस्सा सीधे या परोक्ष रूप से नदी-आधारित सिंचाई से जुड़ा हुआ है। इसका अर्थ है कि नदियों के माध्यम से होने वाली सिंचाई से ही लगभग 12–15 लाख करोड़ रुपये के कृषि उत्पादन को समर्थन मिलता है।

इसके अतिरिक्त, जलविद्युत उत्पादन में भी नदियों का विशेष योगदान है, जो स्वच्छ ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत है। भारत में स्थापित कुल जलविद्युत क्षमता लगभग 45–50 गीगावाट (GW) के आसपास है। नेशनल हाइड्रोलिक पॉवर कॉर्पोरेशन (NHPC) तथा विभिन्न राज्य विद्युत बोर्डों द्वारा संचालित परियोजनाएं नदियों पर आधारित हैं, जैसे कि टेहरी डैम, भाखड़ा नांगल डैम और सरदार सरोवर डैम। आर्थिक दृष्टि से देखें तो भारत में जलविद्युत उत्पादन से प्रतिवर्ष लगभग 1.5 से दो लाख करोड़ यूनिट (kWh) बिजली उत्पन्न होती है। यदि प्रति यूनिट औसत दर 4–5 मानी जाए, तो जलविद्युत से होने वाला वार्षिक राजस्व लगभग 60,000 करोड़ से 1,00,000 करोड़ के बीच आंका जा सकता है। यह राजस्व केंद्र और राज्य सरकारों, बिजली वितरण कंपनियों तथा निजी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आय का स्रोत हैं।

कई उद्योग नदियों के जल पर निर्भर करते हैं, जैसे वस्त्र, कागज, चीनी और रासायनिक उद्योग। नदियां अंतर्देशीय जल परिवहन का भी माध्यम हैं, जिससे माल ढुलाई सस्ती और सुगम होती है। नदियों से संबंधित उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार हैं और इनके माध्यम से बड़े पैमाने पर राजस्व अर्जित होता है। गंगा, यमुना और कृष्णा जैसी नदियों के किनारे अनेक उद्योग विकसित हुए हैं, जो जल पर प्रत्यक्ष रूप से निर्भर हैं।

भारत में वस्त्र (टेक्सटाइल), कागज (पेपर), चीनी (शुगर), रासायनिक (केमिकल), खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) और चमड़ा (टेनरी) उद्योग मुख्यतः नदी जल का उपयोग करते हैं। अनुमानतः देश के लगभग 30–40% मध्यम और बड़े उद्योग किसी न किसी रूप में नदी जल पर निर्भर हैं। केवल वस्त्र उद्योग ही भारत में लगभग 10–12 लाख करोड़ के वार्षिक कारोबार का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें एक बड़ा हिस्सा नदी तटीय क्षेत्रों में स्थित इकाइयों से आता है।

यदि समग्र रूप से देखा जाए, तो नदी-आधारित औद्योगिक गतिविधियों से भारत को प्रतिवर्ष लगभग 15–20 लाख करोड़ तक का आर्थिक योगदान (टर्नओवर स्तर पर) प्राप्त होता है। इसमें प्रत्यक्ष उत्पादन, निर्यात और सहायक सेवाएं शामिल हैं। उदाहरण के लिए, कागज उद्योग का आकार लगभग 80,000 करोड़ से अधिक है, जबकि चीनी उद्योग भी एक लाख करोड़ से अधिक के स्तर पर योगदान देता है और ये दोनों ही उद्योग जल पर अत्यधिक निर्भर हैं।

मत्स्य पालन (फिशरीज) के माध्यम से भी लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। भारत विश्व के अग्रणी मत्स्य उत्पादक देशों में से एक है। कुल मत्स्य उत्पादन (समुद्री+आंतरिक) हाल के वर्षों में लगभग 160–180 लाख टन प्रतिवर्ष तक पहुंच चुका है। इसमें से लगभग 70–75% हिस्सा आंतरिक जल स्रोतों, जैसे- नदियों, झीलों, तालाबों और नहरों से आता है। इसका अर्थ है कि केवल नदी एवं संबंधित जल स्रोतों से ही लगभग 110–130 लाख टन मत्स्य उत्पादन होता है।

नदियों के प्रदूषण को रोकने के लिए कई प्रभावी उपाय किए जा सकते हैं। सबसे पहले, औद्योगिक अपशिष्टों के निस्तारण के लिए कड़े नियमों का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रत्येक उद्योग को अपने अपशिष्ट जल का शोधन करना अनिवार्य होना चाहिए। इसके साथ ही, नगरों में आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) स्थापित किए जाने चाहिए, ताकि गंदा पानी साफ करके ही नदियों में छोड़ा जाए।

दूसरा महत्वपूर्ण उपाय है जनजागरूकता। जब तक आम जनता को नदियों के महत्व और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक कोई भी प्रयास पूर्ण रूप से सफल नहीं हो सकता। लोगों को यह समझाना आवश्यक है कि वे प्लास्टिक, कचरा और अन्य हानिकारक पदार्थ नदियों में न डालें। धार्मिक आयोजनों में भी पर्यावरण के अनुकूल सामग्री का उपयोग किया जाना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

भारत की नदियां देश की जीवन रेखा मानी जाती हैं। शहरीकरण के कारण नदियों के बढ़ते प्रदूषण को रोकना होगा, जिससे कि भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

## आमने सामने



टीएमसी के नेताओं ने बालू माफिया, पत्थर माफिया और 'कट मनी' के जरिए जनता का पैसा लूटा है। भाजपा की सरकार बनने पर यह पैसा सूद समेत वापस लौटाया जाएगा। टीएमसी का सिंडिकेट राज अब खत्म होने वाला है। बंगाल की जनता भाजपा के पक्ष में वोट दे और परिवर्तन लाए।
-अमित शाह
गृहमंत्री

19 राज्य और केंद्र सरकार मेरे खिलाफ एकजुट होकर लड़ रहे हैं। मैं अकेले आम लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही हूं। दिल्ली की ताकतों के सहारे भाजपा कभी बंगाल नहीं जीत पाएगी। मतदाता सतर्क रहें और लोकतांत्रिक अधिकारों का सही प्रयोग करें।
-ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



# वैश्विक स्तर पर रणनीतिक धातु बनती चांदी



ऋषभ मिश्रा
असिस्टेंट प्रोफेसर
कानपुर आईआईटी

बीते एक साल में अगर किसी धातु ने सबसे ज्यादा चौंकाया है, तो वह चांदी है। कभी गरीब का 'सोना' कही जाने वाली चांदी ने सिर्फ पिछले 12 महीनों में करीब 180 फीसदी की जबरदस्त छलांग लगाकर उद्योग निवेशकों और नीति निर्माताओं तीनों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और सोलर पैनलों में बढ़ते उपयोग ने चांदी को भविष्य की रणनीतिक धातु के रूप में स्थापित कर दिया है। इसकी तेज़ी में मांग एवं आपूर्ति (डिमांड-सप्लाई) का अंतर (गैप) प्रमुख वजह है ही साथ ही जियो-पॉलिटिक्स भी बड़ी भूमिका निभा रही है। वहीं दूसरी तरफ, दुनिया में चांदी के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक देश चीन द्वारा इस साल इसके निर्यात पर लगे अनेक प्रतिबंधों के चलते माना जा रहा है कि आने वाले महीनों में भी चांदी की चमक बरकरार रहेगी। वैसे चांदी में यह बढ़त केवल हालिया नहीं है, बीते 45 सालों में इसके दामों में करीब 88 गुना तक की बढ़ोतरी हो चुकी है।

वस्तुतः पहले चांदी का ज्यादातर इस्तेमाल केवल आभूषणों व बर्तनों इत्यादि तक ही सीमित था, लेकिन अब जैसे-जैसे ग्रीन एवं क्लीन एनर्जी की तरफ देश आगे बढ़ रहा है, इससे संबंधित उद्योगों जैसे इलेक्ट्रिक कारों की बैटरियों और सोलर पॉवर के पैनल्स में चांदी की खपत तेजी से बढ़ रही है। यह चांदी की मांग और इसके फलस्वरूप कीमतों की वृद्धि में सबसे मजबूत कारक (फैक्टर) बन गया है। एक अध्ययन के अनुसार ग्रीन एवं क्लीन एनर्जी तथा इसके अन्य उपकरणों में 59 फीसदी तक चांदी का उपयोग होने लगा है।

चांदी के खनन में बीते दस सालों में गिरावट देखी गई है। 'वर्ल्ड सिल्वर सर्वे' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2015 में चांदी का वैश्विक उत्पादन 89 करोड़ आउंस था, जो कि 2024 में गिरकर 82 करोड़ आउंस रह गया। यानी कि इसके उत्पादन में 8.6 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि इसी अवधि में मांग में 17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मांग एवं आपूर्ति में यह अंतर (गैप) भी कीमतों को बढ़ा रहा है। लगभग 6300 टन उत्पादन के साथ मेक्सिको चांदी का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।

बाजार के विशेषज्ञों व निवेशकों ने भी समझ लिया है कि चांदी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं है, इसलिए निवेशकों ने भी इसमें निवेश करना शुरू कर दिया है। इसके अतिरिक्त सेंट्रल बैंकों की नजर भी अब चांदी पर टिक गई है और उन्हें यह प्रतीत होता दिखाई दे रहा है कि वे अपने रिज़र्व में चांदी भी रख सकते हैं। इससे बाजार में चांदी की और भी अतिरिक्त मांग बढ़ने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 में चांदी पर किए गए निवेश में 150 से 180 फीसदी तक का रिटर्न मिला है।

चांदी के दाम बढ़ने के पीछे भू-राजनीतिक वजहें भी हैं। ट्रंप कैंप का मानना है कि भविष्य की जंग तेल नहीं बल्कि टेक्नोलॉजी और मेटल्स पर लड़ी जाएगी। इसी के चलते अमेरिका ने हाल ही में चांदी और तांबे को 'रेयर मेटल' (दुर्लभ धातुओं) की श्रेणी में डाल दिया है। इसके मद्देनज़र चीन ने भी चांदी के निर्यात पर सख्ती करनी शुरू कर दी है। इससे भी चांदी की कीमतों पर असर पड़ा है। एक रिपोर्ट के अनुसार चीन की निर्यात संबंधी सख्ती की वजह से वैश्विक स्तर पर चांदी की आपूर्ति 60 फीसदी तक घट सकती है।

वस्तुतः चांदी की मांग को पूरा करने में दो बड़ी तकनीकी समस्याएं हैं। पहला चांदी का लगभग 70-80 फीसदी उत्पादन अन्य धातुओं जैसे लेड, जिंक कॉपर या सोने की खदानों से 'बाय-प्रोडक्ट' के रूप में होता है। जब कोई धातु बाय-प्रोडक्ट होती है, तो उसका उत्पादन केवल उसकी अपनी मांग के हिसाब से नहीं बढ़ाया जा सकता है। दुनिया में बहुत कम खदानें ऐसी हैं जो केवल चांदी निकालती हैं।

दूसरा, चांदी का बड़ा हिस्सा सोलर पैनल, सेमीकंडक्टर और मेडिकल उपकरणों अथवा डिवाइसेस में इस्तेमाल किया जाता है। सोने के उलट इसका अधिकांश हिस्सा इन उत्पादों में स्थाई रूप से खप जाता है। साथ ही इसकी 'रिसाइक्लिंग' करना आर्थिक रूप से महंगा होता है। इसी वजह से यह एक तरह से बाजार से स्थाई रूप से बाहर निकल जाती है। यानी कि हर बार प्रोडक्ट में इस्तेमाल के लिए नई चांदी की जरूरत पड़ती है।

फोटोवोल्टिक सोलर पैनलों पर भी सिल्वर पेस्ट का उपयोग किया जाता है। गौरतलब है कि चांदी में सूर्य की रोशनी से उत्पन्न इलेक्ट्रॉनों को बेहद कम हानि के साथ प्रवाहित करने की क्षमता होती है। एक सोलर पैनल में 15 से 20 ग्राम चांदी लगती है। वहीं विशेषज्ञों के अनुसार दुनिया भर में 2030 तक सोलर क्षमता के 170 फीसदी तक बढ़ने का अनुमान है।

एक ईवी में औसतन 25 ग्राम तक चांदी लगती है। यह चांदी बटेरियों, वायरिंग पावर, इलेक्ट्रॉनिक्स कंट्रोल यूनिट्स और चार्जिंग स्टेशनों में इस्तेमाल होती है। ईवी के चलन के साथ ही चांदी की भी मांग बढ़ती जा रही है। अमेरिका में ही 2030 तक 2.8 करोड़ ईवी चार्जिंग पोर्ट्स लगाने की योजना है, जिनमें चांदी की बड़ी खपत होगी। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

चांदी ने सिर्फ पिछले 12 महीनों में करीब 180 फीसदी की जबरदस्त छलांग लगाकर उद्योग निवेशकों और नीति निर्माताओं तीनों का ध्यान खींचा है।

## सोशल फोरम

# फारसी के लफ्ज

ईरानी सिनेमा देखते समय बार-बार ये भी एहसास होता है कि फ़ारसी ज़बान के कितने लफ़्ज़ आज हमारी भाषा में चले आए हैं और यूं रच-बस गए हैं कि ख़याल भी नहीं आता ये पराये हैं। इधर मैंने यही प्रयोग किया कि ईरान की एक शॉर्ट फिल्म लगा ली और गिनने लगा कि इसमें ऐसे कितने लफ़्ज़ आते हैं, जिन्हें हम पहचानते हैं। एक दर्जन के बाद मैंने गिनना छोड़ दिया।



सुशोभित
लेखक

हिंदी ख़ुद एक फ़ारसी लफ़्ज़ है! हिंदू और हिंदुस्तान भी। ऋग्वेद में जो सप्त-सिंधु है, वही अवेस्ता ग्रंथों में हप्त-हिंदू करके आया है। हिंदू लफ़्ज़ की एटिमोलॉजी अगर आप खोजते-खोजते अतीत में चलते चले जाएं, तो फ़ारस की सरज़मीं पर ख़ुद को पाएंगे। इस शब्द का अरबी ज़बान से भी रिश्ता है। हिंदा- अरबी औरतों का एक प्रचलित नाम रहा है। इस्लामिक इतिहास की क़द्दावर शख़्सियत अबू-सूफ़्यान की बीवी का नाम हिंदा ही था।

बेशक, ईरानी फिल्मों में इन लफ़्ज़ों का उच्चारण थोड़ा फ़र्क़ होता है। जैसे युद्ध के लिए जंग शब्द हम अकसर इस्तेमाल करते हैं, उसको वो लोग 'जैंज' की तरह बोलते हैं। इंसानियत हमारा एक जाना-पहचाना शब्द है, इसे हम 'सा' पर हल्का-सा बलाघात देकर मोनोसिलेबिक अंदाज़ में बोल देते हैं, ईरानी लोग इसे थोड़ा खींचकर बोलेंगे- 'इंसाssनियssत', लेकिन शब्द वही है। इसे बोलने का संगीत और मिठास फ़ारसी में थोड़ा ज़्यादा है।

दारिउश मेहरजुई की फिल्म है- 'गाव'। यह वास्तव में 'गाय' शब्द है, जो गाय और काऊ के बीच एक सेतु बनाता है। इसी तरह माजिद माजिदी की फिल्म है- 'पेदार'। यह 'पिता' शब्द है- पितृ और फ़ादर के बीच सेतु बनाने वाला। इस तर्ज़ में सोचें तो आप इंडो-यूरोपियन ज़बानों के बीच एक लंबा तारतम्य पा सकते हैं। बीसियों ऐसे शब्द खोज सकते हैं।

आज बोलचाल की हिंदी में ऐसे कितने शब्द हैं, जो फ़ारसी ज़बान से आए हैं? कोई गिनती ही नहीं। सैकड़ों लफ़्ज़ हैं। कुछ तो ऐसे, जिनके बारे में हमें कभी ख़याल भी नहीं आता कि ये हमारे नहीं हैं। जैसे कि- कि, अगर, शहर, शुक्रिया, अंदर, दरवाज़ा, कुर्सी, दीवार, बाज़ार, सरकार, सब्ज़ी, दुनिया, ख़ुशी, हमेशा। हम इन शब्दों को रोज़ बोलते चले जाते हैं। वक़्त, ख़बर, अख़बार, माफ़ी, परेशानी, इम्तिहान, तक़दीर, ख़याल, अदालत, ज़िला, मेहरबानी- ये तमाम फ़ारसी के लफ़्ज़ हैं। भाषाएं जड़ नहीं होतीं। वो आपस में लड़ती नहीं। लगातार बहती और एक-दूसरे में घुलती-मिलती जाती हैं- पानी की तरह। -फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# वर्क कल्चर: समर्पण या छिपा हुआ प्रेशर

हाल ही में सोशल मीडिया पर शादी के दिन दूल्हा और दुल्हन के काम करने वाले ऐसे कई मामले वायरल हो रहे हैं, जिन्होंने वर्क लाइफ बैलेंस पर नई बहस छेड़ दी है। एक कंपनी के सीईओ ने गर्व के साथ बताया कि उनकी टीम का एक कर्मचारी अपनी शादी के दिन भी ऑनलाइन आकर काम के मैसेज का जवाब दे रहा था। सीईओ ने इसे समर्पण बताया, लेकिन इंटरनेट यूजर इस बात से सहमत नहीं दिखाई दे रहे हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि अगर छुट्टी थी, तो काम के लिए मैसेज क्यों किया गया? क्या ये सच में समर्पण है या छिपा हुआ प्रेशर? कई यूजर्स ने कहा कि शादी जैसा खास दिन जिंदगी में बार-बार नहीं आता। ऐसे समय पर काम करना नहीं, बल्कि काम करवाना समस्या है। कुछ ने इसे टॉक्सिक वर्क कल्चर का उदाहरण भी बताया।

इसके बाद इस मुद्दे पर सीधी बहस छिड़ गई है। सवाल यह उठ रहा है कि काम जरूरी है, लेकिन क्या हर कीमत पर? असल में यह मामला सीधा-सादा नहीं है। सच कहा जाए, तो समर्पण बनाम दबाव की बहस में दोनों पक्षों में कुछ सच्चाई है, हालांकि पूरी तस्वीर समझने के लिए हमें इरादा, माहौल और सिस्टम तीनों को देखना पड़ेगा। कुछ लोग अपने काम को लेकर इतने समर्पित होते हैं कि वे खुद ही जुड़ाव बनाए रखते हैं। उन्हें लगता है कि जवाब दे देना कोई बड़ी बात नहीं है। वे अपनी टीम और प्रोजेक्ट को लेकर जवाबदेह महसूस करते हैं। अगर यह पूरी तरह स्वेच्छा है, तो इसे समर्पण कहा जा सकता है। सोशल मीडिया की प्रतिक्रिया इसलिए नकारात्मक थी, क्योंकि ऐसे मामलों में अक्सर बॉस या कंपनी की चाहत रहती है कि हर समय उपलब्ध रहो। न कहने पर कॅरियर पर प्रभाव पड़ने का डर रहता है।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ लोगों का कहना है कि छुट्टी टेक्निकली होती है, पर व्यावहारिक नहीं। ऐसे में कर्मचारी खुद जवाब देता दिखता है, लेकिन निर्णय पूरी तरह उसका नहीं होता। सवाल यह उठता है कि शादी जैसा दिन क्यों मायने रखता है? असल में शादी कोई सामान्य दिन नहीं है। यह जिंदगी का दिन है, जो केवल एक बार आता है। ऐसे दिन काम करना इच्छा कम और कल्चर का प्रभाव ज्यादा लगता है, इसलिए लोगों ने इसे समर्पण नहीं, बल्कि बाउंड्री फेल्योर माना है। इन सब बातों के बीच असली मुद्दा वर्क कल्चर है। यह घटनाएं एक बड़े सवाल की तरफ इशारा करती हैं।

क्या कंपनी सच में कर्मचारियों को डिस्कनेक्ट करने की आजादी देती हैं या हमेशा उपलब्ध रहना ही सफलता का रास्ता बना दिया गया है? असल में हेल्दी वर्क कल्चर में छुट्टी का विकल्प होता है। जरूरी काम के लिए बैकअप सिस्टम होता है। कर्मचारी की व्यक्तिगत जिंदगी का सम्मान किया जाता है। कंपनी में काम करते समय कर्मचारी को छुट्टी मिलना एक जिम्मेदारी होती है।

सोशल मीडिया पर बहस इस बात पर भी छिड़ गई है कि काम जरूरी है, लेकिन हर कीमत पर नहीं। अगर छुट्टी वाले दिन भी कर्मचारी खुद खुशी से जुड़ा है, तो यह ठीक है। पर अगर सिस्टम ऐसा है कि उसे जुड़ना पड़ता है, तो यह समस्या मानी जानी चाहिए। असल में यह घटना किसी एक कर्मचारी की नहीं, बल्कि पूरे वर्क ईको सिस्टम की कहानी है। समर्पण तब तक अच्छा है, जब तक वह स्वतंत्रता से आता है, न कि किसी डर या दबाव की वजह से। वर्क कल्चर कोई सजावटी शब्द नहीं है। यह तय करता है कि नौकरी सिर्फ काम है या जिंदगी का हिस्सा। अच्छा वर्क कल्चर वह है, जहां काम प्रमुख है, लेकिन इंसान उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।





## सुपरहिट शो और पद्मश्री सम्मान

रेलिया बैरिन पिया को लिए जाए रे जैसे गीतों के जरिए मालिनी ने तमाम सुपरहिट शो दिए। उनकी कला साधना ने उन्हें पद्मश्री से पहले यशभारती सम्मान, कालिदास सम्मान और अवध सम्मान दिलाए। उनकी साधना ने उन्हें ऐसी पहचान दी कि पति अपर मुख्य सचिव रहे हों या मौजूदा समय में मुख्यमंत्री के सलाहकार हैं, लेकिन यह आरोप नहीं लगता कि बड़े अफसर की बीवी हैं, इसलिए सफल हैं, जिसने उनके सुपरहिट शो देखे हैं, वो जानता है कि यह सफलता सिफारिश वाली नहीं जबरदस्त रियाज वाली है।

# शालू के मालिनी अवस्थी में बदलने का सफर

भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में एक शाम मालिनी अवस्थी के नाम से भी सजी। खचाखच भरे राज बिसारिया प्रेक्षागृह में प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने अभिनय, नृत्य और गायिकी में गुंथी जिंदगी के सफर की स्क्रिप्ट को इस अंदाज में पेश किया कि देखने वाले ठगे से रह गए। मालिनी अवस्थी ने अपने इस दो घंटे के शो में यह साबित किया कि जिंदगी में कोई बड़ा मुकाम हासिल करने के पीछे न जाने कितने बरसों की जद्दोजहद होती है। एक बड़े परिवार में जन्म लेने या बड़े परिवार में शादी हो जाने से मंच तो हासिल हो सकते हैं, लेकिन उन मंचों पर टिके रहने के लिए लगातार कई बरस तक किए गए संघर्ष और अच्छे उस्तादों से हासिल की गई शिक्षा ही काम आती है।

**-शबाहत हुसैन विजेता**
लखनऊ

कला साधना के दौरान उस्ताद राहत अली खान न मिले होते, उस्ताद नगीना साहब का आशीर्वाद न मिला होता, गिरिजा देवी जैसी गुरु न मिली होतीं, तो कन्नौज के एक डॉक्टर के घर जन्मी शालू आईएएस अफसर अवनीश अवस्थी से शादी होकर भी शालू ही रह जातीं, मालिनी अवस्थी न बन पातीं। उन्हें ऐसे उस्ताद मिले, जिन्होंने कहा कि गजल सीखनी है, तो शीन काफ दुरुस्त होना चाहिए। वो सवाल उठाती हैं कि कहां हैं ऐसे उस्ताद जो शागिर्द की डायरी पर गजल लिखकर दें। वो बताती हैं कि ईसाई स्कूल में पढ़ीं, घर में उस्ताद आते थे मुसलमान। गोरखपुर में रहकर संस्कृत सीखी। संस्कृत बीए तक साथ रही। उन्होंने माना कि अनुभव, जज्बात और किस्से कहानियों में भी शिक्षा होती है।

पिता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक थे, उस्ताद राहत अली खां से उनके दोस्ताना रिश्ते थे, उन्होंने कहा कि मेरी बेटी को भी सिखा दें, एक दिन वो घर आए भी सिखाने, सबक भी दे गए, लेकिन तीन महीने तक वो लौटे नहीं और शालू वही सबक तीन महीने तक दोहराती रही। उनकी मां ने समझाया कि प्यासे के



पास कुआं नहीं आता, प्यासे को जाना पड़ता है कुएं के पास। मां गाड़ी चलाकर रोज बेटी को ले जातीं राहत अली खां के घर। वो भजन गाते तो लगता मंदिर में बैठे हैं। राम के भजन ऐसे सुनाते वैसे क्या कोई राम भक्त सुनाएगा।

एक तरफ संगीत की शिक्षा चल रही थी, तो दूसरी तरफ मां-बाप को कभी कहना नहीं पड़ा कि पढ़ लो। पढ़ाई ऐसी कि पूरी क्लास में अव्वल आती थीं। लाइट अक्सर गायब हो जाती थी, तो कुप्पी में बैठकर पढ़ाई करती थीं। स्कूली शिक्षा और संगीत ट्रेन के ट्रैक की तरह साथ-साथ चले एक जैसी रफ्तार में। पिता का लखनऊ ट्रांसफर हो गया, तो भातखंडे में तालीम ली, रवींद्रालय में पहली बार गाया, तब धर्मनाथ मिश्र ने हारमोनियम पर संगत की, आज भी वही करते हैं। लखनऊ से हर शनिवार-रविवार गोरखपुर जाकर राहत अली खां से सीखने का क्रम चलता रहा। उस्ताद राहत अली लखनऊ में कार्यक्रम में आए तो उन्होंने अपने कार्यक्रम में शिष्या मालिनी से गवाया। वो उन्हें उस्ताद नगीना साहब का आशीर्वाद दिलाने ले गए। बड़ी हुईं तो घर वालों को चिंता हुई कि गाती हैं, देशभर में कार्यक्रम करने जाती हैं, शादी कैसे होगी? हालांकि मां हर जगह साथ में जाती थीं, लेकिन उन्हें कैंसर हो गया था। किसी ने कहा कि पड़ोस वाले अवस्थी जी का लड़का आईआईटी में पढ़ रहा है। उनसे बात चलाओ। बात हुई और मारुती वैन में सवार होकर अवस्थी परिवार मालिनी के घर पहुंच गया। उन्हें भातखंडे में क्लास से बुलाकर घर भेजा गया।

## लंदन में अंत्याक्षरी के शो ने बदल दिए दिन

टेलीविजन पर गजेन्द्र सिंह अंत्याक्षरी का संचालन कर रहे थे, उन्होंने बुलाया। लंदन में शो हुआ, तो मालिनी अवस्थी और भोजपुरी गायक बालेश्वर ने समां बांध दिया। इसके बाद पीछे मुड़कर देखने का मौका नहीं मिला।

## संगीत की दुनिया में शुरू की दूसरी पारी

जो स्लेट कोरी हो गई थी, उसे फिर से लिखने के लिए संवारा, संगीत की दुनिया में फिर से घुटनियों चलना शुरू किया। फिर से आकाशवाणी में काम मिलने लगा। संस्कृति विभाग कार्यक्रम देने लगा। अवनीश जब ललितपुर में डीएम थे, तो असगरी बाई से मिलने कालपी गई थीं। असगरी बाई ने समझाया था कि गाती थीं, तो गाती रहो।




## अवनीश अवस्थी से हुई शादी

मुलाकात के बाद अवनीश अवस्थी अपने ममेरे भाई के साथ मालिनी से मुलाकात करने आए। रिश्ता पक्का हो गया। उन्होंने कहा कि मेरी और मालिनी की पढ़ाई पूरी हो जाए, तब शादी होगी। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी हुई, तो अवनीश सिविल सर्विस की तैयारी करने लगे। वो आईएएस में सिलेक्ट हुए, सेलेक्शन के बाद अवनीश ने कहा-"सेवा के भाव से आईएएस में जा रहा हूं। हो सकता है, तुम्हें वो सुख न दे पाऊं, जो आईएएस की पत्नियों को मिलता है।" मालिनी ने कहा- "तुम सबसे सम्मान से मिलना, फिर इसके बाद शादी हो गई।" शादी से पहले के दो साल दोनों ने एक दूसरे को खूब चिट्ठियां लिखीं। चिट्ठियां इसलिए लिखीं, क्योंकि पहले महीने इतनी बात की कि 42 हजार रुपये का बिल आ गया। दूसरे महीने भी ऐसा ही होता, तो परिवार जान जाता कि दोनों हरदम बतियाते हैं। शादी के बाद लोगों को लगता था कि आईएएस की पत्नी है, इसलिए कार्यक्रम मिलते हैं। लोगों की यह सोच ऐसी चुभी कि घर में ही घुसी रह गईं। अपने दोनों बच्चों के पालन-पोषण में लग गईं। वो कहती हैं कि जीवन आनंद से भरा था, लेकिन अवनीश के पास समय नहीं था, मेरी स्थिति चांद तन्हा है आसमां तन्हा... और शाम वादा था ढल गया सारा... जैसी स्थिति हो गई। प्यार करने वाला पति, दो-दो बच्चों से भरी गोद, फिर भी बहुत कुछ खो गया था। गाना छूट गया था। पिताजी ने आकाशवाणी से बात की फिर से गाने की शुरुआत हुई।

---

## अनोखी परंपरा



# हैदराबाद की शामः रूहानियत खुशबू और सुकून का संगम

आधुनिकता की चमक-दमक और ऊंची-ऊंची इमारतों के बीच भी हैदराबाद का पुराना शहर अपनी परंपराओं को संजोए हुए है। यहां की तंग गलियों और ऐतिहासिक हवेलियों में आज भी एक पुरानी रस्म जीवित है, जो हर शाम मगरिब की अजान के साथ निभाई जाती है। यह परंपरा है घर के दरवाजे खोलना और लोबान या अगरबत्ती की खुशबू से पूरे वातावरण को महकाना। जैसे ही मगरिब की अजान की आवाज गूंजती है, पुराने शहर में एक खास तरह की शांति छा जाती है। दिनभर की हलचल मानो थम जाती है और घरों में एक अलग ही माहौल बन जाता है। इस समय घर की महिलाएं या बुजुर्ग खिड़कियां और मुख्य द्वार खोल देते हैं। साथ ही, मिट्टी के धुएंदान में सुलगते कोयलों पर लोबान डाला जाता है या अगरबत्ती जलाई जाती है, जिससे उठने वाला सुगंधित धुआं पूरे घर को एक रूहानी एहसास से भर देता है।

स्थानीय लोगों के लिए यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा और सुकून लाने का माध्यम है। कुछ लोगों का मानना है कि दिन और रात के संधिकाल में वातावरण में एक विशेष परिवर्तन होता है, जिसे शुभ माना जाता है। इसी कारण खुले दरवाजे उस सकारात्मकता के स्वागत का प्रतीक माने जाते हैं। हालांकि इसका कोई ठोस धार्मिक आधार नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक विश्वास और जीवनशैली का हिस्सा है। यह प्रथा केवल हैदराबाद तक सीमित नहीं है। भारत के कई हिस्सों में शाम के समय अगरबत्ती जलाना या दीपक जलाने की परंपरा है, जिसे शांति और सकारात्मकता से जोड़ा जाता है। दिलचस्प बात यह है कि यह रिवायत गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल भी पेश करती है। जिस समय मुस्लिम परिवारों में लोबान जलाया जाता है, उसी समय हिंदू परिवारों में संध्या के दौरान दीप जलाकर पूजा की जाती है। दोनों ही परंपराओं में शाम का समय पवित्र और शुभ माना गया है।

हालांकि इस्लामी मान्यताओं के अनुसार मगरिब के समय दरवाजे बंद रखने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इसे संवेदनशील समय माना गया है। ऐसे में दरवाजे खोलने की यह परंपरा अधिकतर सांस्कृतिक रूप में प्रचलित है। इस रस्म के पीछे कुछ व्यावहारिक कारण भी हैं। लोबान का धुआं वातावरण को शुद्ध करने और कीटाणुओं व मच्छरों को दूर रखने में सहायक माना जाता है। वहीं, दरवाजे और खिड़कियां खोलने से घर में ताजी हवा का प्रवाह होता है, जिससे दिनभर की घुटन कम हो जाती है। हैदराबाद की यह परंपरा न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखे हुए है, बल्कि जीवन में सुकून और संतुलन का संदेश भी देती है।

## लोकायन

# रूप बदलने वाले बहुरूपिए



शिवचरण चौहान
लेखक

एक बार बादशाह अकबर के दरबार में एक बहरूपिया आया। उसने दरबार में चुनौती दी कि वह ऐसा भेष बदल सकता है कि उसे कोई पहचान नहीं सकता। अगर कोई उसके भेष में कमी निकाल दे, तो वह उसे अपना गुरु बना लेगा। शर्त मान ली गई। एक दिन बादशाह के दरबार में एक बैल घुस आया। सभी दरबारी इधर-उधर भागने लगे। बैल, बादशाह के सिंहासन के पास आकर पंगुराने लगा। तभी बीरबल ने एक कंकड़ बैल की पीठ पर मारा। बैल ने पीठ हिलाई। बस बीरबल बोल पड़ा-"शहंशाह, यह बैल नहीं बहरूपिया है।" बैल चोट लगने से उधर की खाल हिलाता है, जिधर उसे चोट लगती है, किंतु बहरूपिए ने धोखे से दूसरी तरफ की खाल हिला दी। एक छोटी-सी गलती से वह पकड़ा गया। एक समय था जब रूप बदलना एक महत्वपूर्ण कला थी। बहरूपियों का समाज में सम्मान था। वे राजदरबारों में आदर पाते, इनाम-इकराम हासिल करते थे। जयपुर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश के बहरूपिए विख्यात थे। आज बहरूपियों के परिवार संकट में हैं। बहरूपियों की कला को सम्मान देने वाला कोई नहीं बचा। बहरूपियों का इतिहास बहुत प्राचीन है। बहरूपिए राजा, फकीर, साधु, देवी-देवता, डाकू, पागल, विद्वान, राजसैनिक, सिपाही, हरकारा, वैद्य, हकीम, गूजरी, महिला, बैल, बंदर आदि का रूप धारण कर लोगों का मनोरंजन करते थे। आज भी कुछ शहरों में बहरूपियों को कभी-कभार हाट-बाजारों में घूमते देखा जा सकता है। रूप बदलने के लिए बहुरूपिया मिट्टी, सिंदूर, बाल आदि से लेकर आधुनिक साधनों का प्रयोग करते हैं।




होली, दीवाली के त्योहार पर आज भी बहरूपियों को गली, मुहल्लों और बाजारों में घूमते हुए देखा जा सकता है। जैन साहित्य में बहरूपिए की एक कथा प्रसिद्ध है। पाटन-गुजरात के महाराजा कुमार पाल का महामंत्री उदयन एक युद्ध में गंभीर रूप से घायल हो गया। उदयन ने अपने बेटों से कहा- "मेरा अंत समय आ गया है। यदि मैं पंचमहाव्रतधारी महामुनि के दर्शन कर लूं, तो मुझे मोक्ष प्राप्त हो जाए।" युद्ध भूमि में किसी साधु का मिलना मुश्किल था। उसके बेटे वाग्भट्ट के दिमाग में एक बात आई। वह तुरंत एक बहुरूपिए के पास पहुंचा। धन देने का लालच देकर उसे साधु बनाकर ले आया। उदयन ने सामने मुनिराज को देखा तो बहुत प्रसन्न हुआ। चरण-स्पर्श के लिए मुनिराज को पास बुलाया और उसी के चरणों में अपने प्राण त्याग दिए।

वाग्भट्ट जब उसे पैसे देने लगा तो उसने लेने से इंकार कर दिया। बोला-"जिस रूप को देखकर महामंत्री ने परम प्रसन्न व श्रद्धावनत होकर प्राण त्यागे, अब वह रूप नहीं बदलेगा।" सचमुच वह बहुरूपिया साधु बनकर वन में चला गया। बहुरूपियों का कहना है कि नाटक, नौटंकी और टीवी के कारण उनका पेशा लगभग समाप्त हो रहा है। अब लोग आदर नहीं देते। बच्चे जरूर हंसते हैं, पर बड़े लोग भगा देते हैं। उन्हें दुकान-दुकान, मकान-मकान भटकना पड़ता है, तब कहीं शाम को रोटी नसीब होती है। समाज व सरकार यदि बहरूपियों को पुरस्कार, सम्मान या पेंशन देने लगे तो लुप्त होती इस कला को बचाया जा सकता है।

# प्राचीन वैश्विक संपर्कों के साक्ष्य : मिस्र की समाधियों में तमिल शिलालेख

अक्सर देखा जाता है कि पर्यटक किसी ऐतिहासिक इमारत या स्थल पर अपना नाम अंकित कर देते हैं। सामान्यतः इसे अनुचित और विरासत के प्रति असंवेदनशील व्यवहार माना जाता है। किंतु विडंबना यह है कि कभी-कभी ऐसी ही लिखावटें इतिहास के कुछ अनजाने अध्यायों को उजागर करने का माध्यम भी बन जाती हैं। हाल के दिनों में सामने आई एक महत्वपूर्ण खोज इसी का उदाहरण है, जिसमें लगभग 2,000 वर्ष पूर्व एक भारतीय पर्यटक सिकाई कोर्रन द्वारा मिस्र के प्रसिद्ध 'वैली ऑफ द किंग्स' में प्राचीन तमिल भाषा में अपना नाम आठ बार अंकित किए जाने के प्रमाण मिले हैं। यह खोज न केवल भारतीय उपमहाद्वीप और मिस्र के बीच प्राचीन संपर्कों को रेखांकित करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सांस्कृतिक और व्यापारिक आदान-प्रदान की परंपरा कितनी गहरी और व्यापक रही है।

भारतीय उपमहाद्वीप और मिस्र के बीच प्राचीन संपर्कों को रेखांकित करता यह महत्वपूर्ण शोध फ्रांसीसी विद्वान चार्लोट शिमड और स्विस प्रोफेसर इंगो स्ट्रॉच द्वारा प्रस्तुत किया गया है। उनके अनुसार, मिस्र की विभिन्न समाधियों में प्राप्त भारतीय भाषाई शिलालेखों में से लगभग एक-तिहाई अकेले सिकाई कोर्रन द्वारा अंकित हैं। यह तथ्य इस खोज को और भी अधिक विशिष्ट बनाता है, क्योंकि यह किसी एक व्यक्ति की उपस्थिति और उसके सांस्कृतिक हस्ताक्षर का प्रमाण प्रस्तुत करता है। यह शोध "तमिल एपिग्राफी : चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (11-14 फरवरी 2026), कार्यवाही खंड 1" शीर्षक पुस्तक में प्रकाशित हुआ है और इसे फरवरी 2026 में चेन्नई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया। इस सम्मेलन में तमिल अभिलेखों,



उनके ऐतिहासिक संदर्भों और वैश्विक प्रसार पर गंभीर विमर्श हुआ।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

विशेषज्ञों का मानना है कि सिकाई कोर्रन संभवतः एक व्यापारी, यात्री या तीर्थयात्री रहे होंगे, जो उस समय के समुद्री व्यापार मार्गों के माध्यम से भारत से मिस्र पहुंचे। स्पष्ट है कि प्राचीन काल में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिल क्षेत्र, रोमन साम्राज्य और मिस्र के साथ सक्रिय व्यापारिक संबंध रखता था। मसाले, वस्त्र, मोती और हाथी-दांत जैसी वस्तुएं भारत से निर्यात होती थीं, जबकि सोना, चांदी और अन्य विलासितापूर्ण वस्तुएं आयात की जाती थीं। मिस्र के मकबरों में तमिल लिपि में अंकित नाम इस बात के प्रमाण हैं कि भारतीय व्यापारी या यात्री न केवल वहां पहुंचते थे, बल्कि उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए स्थानीय स्मारकों पर लेखन भी किया। यह प्रवृत्ति आज के "ग्रैफिटी" के समान है, जहां व्यक्ति किसी स्थान



पर अपने अस्तित्व का चिह्न छोड़ता है। हालांकि प्राचीन संदर्भ में यह केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि सांस्कृतिक उपस्थिति का भी संकेत है। इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह भारतीय भाषाओं विशेषतः तमिल-की प्राचीनता और उसके अंतर्राष्ट्रीय प्रसार को रेखांकित करती है।

तमिल विश्व की सबसे प्राचीन जीवित भाषाओं में से एक है और इस प्रकार के शिलालेख उसके ऐतिहासिक विस्तार के ठोस प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के लिए यह खोज अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वैश्विक इतिहास के उस पक्ष को उजागर करती है, जिसमें विभिन्न सभ्यताओं के बीच संपर्क और संवाद स्थापित था। यह केवल व्यापार तक सीमित नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक, भाषाई और मानवीय स्तर पर भी सक्रिय था। अंततः सिकाई कोर्रन द्वारा छोड़े गए ये तमिल शिलालेख हमें यह समझने में मदद करते हैं कि प्राचीन विश्व उतना अलग-थलग नहीं था, जितना अक्सर माना जाता है। बल्कि, यह एक जीवंत, परस्पर जुड़ा हुआ संसार था, जहां लोग, भाषाएं और संस्कृतियां सीमाओं को पार कर एक-दूसरे से संवाद कर रही थीं। यह खोज न केवल अतीत की एक रोचक कहानी है, बल्कि वर्तमान में वैश्विक सांस्कृतिक संवाद की जड़ों को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है।



## हुईं आंखें नम

रात की खामोशी में 'चांदनी' मुस्कुराती है,
कहीं दूर से उनकी आवाज चली आती है।
कभी "पिया तू अब तो आजा..." की धुन,
ये दिल को मचलाने लगती 'गीत' को सुन।
कभी "दम मारो दम" की जबरदस्त मस्ती,
रूह में रंग भर जाती है आशा ताई हस्ती।
हर युग, हर दौर में उनका 'जादू' है कायम,
सदियों गूंजेगा ये सुर हर पीढ़ी को नायब।

जो उन्होंने हमें दिया है गजल या हो ठुमरी,
देखी फिल्मी गीतों की 'रंग-रंगीली' झुमरी।
मधुर स्वर की छाया हर दिल को छू जाती,
'संगीत' की रंगीन दुनिया में सबको रमाती।
आशाजी ने लिखा है संगीत में अपना नाम,
कोई जब गीत बजे दिल को रख लेते थाम।
उनकी मीठी तान सुन के हर दर्द खो जाता,
हुईं आंखें नम हमारी तोड़ गईं जैसे नाता।

**-संजय एम तराणेकर, कवि**

## गोल्ड ईटीएफ में 31,561 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों के पारंपरिक सुरक्षित निवेश विकल्प की ओर रुख करने से जनवरी-मार्च तिमाही में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 31,561 करोड़ रुपये का निवेश हुआ जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग छह गुना वृद्धि दर्शाता है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, बुधवार, 15 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## इंडिगो की चार दिन की सेल, टिकट पर 10 प्रतिशत तक छूट

**नई दिल्ली।** प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार से चार दिन की सेल की घोषणा की है जिसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर बुकिंग में 10 प्रतिशत तक छूट दी जायेगी। 'समर गेटअवे' सेल के तहत 14 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच बुकिंग करायी जा सकती है जबकि यात्रा की तारीख 01 जुलाई से 09 अक्टूबर 2026 के बीच होने की शर्त रखी गयी है। यात्री इंडिगो की वेबसाइट, मोबाइल ऐप, एआई-संचालित असिस्टेंट 6ईस्काई, इंडिगो के व्हाट्सएप नंबर (91-70651 45858), या चुनिंदा ट्रैवल पार्टनर के वेबसाइट्स और ऐप के माध्यम से बुकिंग करते समय 'एसयूएमआर10' (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) प्रोमो कोड का उपयोग करके इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, एयरलाइंस ने चुनिंदा ऐड-ऑन सेवाओं पर भी आकर्षक ऑफरों की घोषणा की है।

## केयरएज ने अदाणी ग्रीन एनर्जी को दी सर्वोच्च रेटिंग

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को केयर ईएसजी रेटिंग्स से 87.3 स्कोर के साथ शीर्ष रेटिंग मिली है, जो इस एजेंसी द्वारा आंकी गई भारतीय कंपनियों में सर्वोच्च स्तर है। रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि 'केयरएज-ईएसजी 1प्लस' की रेटिंग नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में टिकाऊ तौर-तरीकों के प्रति कंपनी की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह आकलन पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन (ईएसजी) से जुड़े जोखिमों और अवसरों के विश्लेषण पर आधारित है। पाया गया कि कंपनी ने जलवायु जोखिम प्रबंधन, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण जैसे क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन किया है।

## युवाओं को हुनरमंद बनाएगी विजन इंडिया किया समझौता

**नई दिल्ली।** मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाली कंपनी विजन इंडिया ने युवाओं को हुनरमंद बनाने और रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि यह समझौता उसके रोजगार मंच 'जस्ट जॉब्स' के माध्यम से किया गया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आवश्यक कौशल प्रदान करना और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। समझौते पर नाइलिट के कार्यकारी निदेशक डॉ. नितिन कुमार पुरी और विजन इंडिया के प्रतिनिधि आलोक रंजन ने हस्ताक्षर किए।

# ऊंची बनी रह सकती हैं ईंधन, उर्वरक की कीमतें

## अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने संयुक्त बयान में जतायी चिंता

**वॉशिंगटन, एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) का कहना है कि पश्चिम एशिया में युद्ध से स्थिति अनिश्चित बनी रहने के मद्देनजर ईंधन और उर्वरक की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक समूह के प्रमुखों ने पश्चिम एशिया में युद्ध के ऊर्जा एवं आर्थिक प्रभावों से निपटने के लिए इस महीने की शुरुआत में गठित समन्वय समूह के हिस्से के रूप में यहां मुलाकात की। संयुक्त बयान में तीनों संस्थानों ने कहा कि युद्ध के कारण लोगों का जबरन विस्थापन हुआ है, रोजगार प्रभावित हुए हैं और यात्रा व पर्यटन में गिरावट आई है जिसे सामान्य होने में समय लग सकता है।

बयान में कहा गया कि जैसा कि हमने इस महीने की शुरुआत में उल्लेख किया था कि युद्ध का प्रभाव व्यापक, वैश्विक और अत्यधिक असमान है। इसका असर खास तौर पर ऊर्जा आयात करने वाले देशों और निम्न-आय वाले देशों पर अधिक पड़ा है। इसमें कहा गया कि इस झटके के कारण तेल, गैस एवं उर्वरकों की कीमतें बढ़ी हैं जिससे खाद्य सुरक्षा तथा रोजगार को लेकर चिंताएं भी बढ़ी हैं।

बयान के अनुसार, पश्चिम एशिया के कुछ तेल एवं गैस उत्पादक देशों को निर्यात राजस्व में भी भारी नुकसान हुआ है। इसमें कहा गया कि पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी बेहद अनिश्चित है और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों का आवागमन अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुआ है। समन्वय समूहों ने कहा, भले ही होर्मुज जलडमरूमध्य से सामान्य आवाजाही बहाल हो जाए, फिर भी प्रमुख वस्तुओं की वैश्विक आपूर्ति को युद्ध के पूर्व स्तर पर लौटने में समय लगेगा और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान के कारण ईंधन एवं उर्वरक की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं।

कहा गया कि आपूर्ति में बाधाओं के कारण आवश्यक कच्चे माल की कमी से ऊर्जा, खाद्य एवं अन्य उद्योगों पर असर पड़ सकता है। युद्ध के कारण लोगों का विस्थापन, रोजगार पर असर और यात्रा व पर्यटन में कमी आई है जिसे सामान्य होने में समय लगेगा। इन तीनों संस्थानों के प्रमुखों ने ऊर्जा बाजार, वैश्विक अर्थव्यवस्था और विभिन्न देशों पर युद्ध के प्रभाव के अपने ताजा आकलन साझा किए। यह बैठक आईईए की मासिक ऑयल मार्केट रिपोर्ट और आईएमएफ के 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' जारी होने से पहले हुई।

### पेट्रोल पर 18, डीजल पर 35 रुपये प्रति लीटर का घाटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे माल की लागत में भारी बढ़ोतरी के बावजूद सरकारी तेल विपणन कंपनियों के पंप कीमतों को स्थिर रखे हुए हैं जिसके कारण पेट्रोल पर नुकसान बढ़कर 18 रुपये और डीजल पर 35 रुपये प्रति लीटर हो गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कीमतों को एक दशक से अधिक पहले विनियमन-मुक्त किए जाने के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अप्रैल 2022 से पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। ये तीनों कंपनियां प्रतिदिन करीब 2,400 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही थीं, जो अब सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद घटकर लगभग 1,600 करोड़ रुपये प्रतिदिन रह गया है।

### तीन गुना हुआ मार्च में रूस से कच्चे तेल का आयात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की मार्च, 2026 में रूस से कच्चे तेल की खरीद तीन गुना से अधिक होकर 5.3 अरब यूरो रही है। यह वृद्धि आयात मात्रा दोगुनी होने और वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के कारण हुई। यूरोपीय शोध संस्था सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में खरीद में गिरावट के बाद मार्च में भारत ने रूस से तेल की खरीद फिर तेज कर दी। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च, 2026 में भारत रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा। इस दौरान भारत ने कुल 5.8 अरब यूरो के रूसी ईंधन उत्पादों का आयात किया, जिनमें कच्चे तेल की हिस्सेदारी 91 प्रतिशत (5.3 अरब यूरो) रही।

# मझोले स्तर पर बढ़ेंगी भर्तियां पांच से 10 प्रतिशत वेतन बढ़ने का अनुमान : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर में तेजी से जुड़ी चिंताओं के बीच भारतीय कॉरपोरेट जगत में 2026-27 के दौरान भर्ती मुख्य रूप से मझोले स्तर के पदों पर केंद्रित रहने और वेतन वृद्धि पांच से 10 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

कार्यबल भर्ती से जुड़ी कंपनी जीनियस एचआरटेक की यह रिपोर्ट कहती है कि 49 प्रतिशत कंपनियों ने मझोले स्तर के पेशेवरों की भर्ती पर प्रमुख रूप से ध्यान केंद्रित करने की बात कही है। कुल कार्यबल विस्तार के संदर्भ में 28 प्रतिशत संगठनों ने 10-15 प्रतिशत से अधिक की भर्ती वृद्धि की योजना जताई, जबकि 43 प्रतिशत ने शून्य से पांच प्रतिशत की सीमित बढ़ोतरी का अनुमान व्यक्त किया। वेतन के मोर्चे पर 46 प्रतिशत कंपनियां पांच से 10 प्रतिशत वृद्धि की योजना बना रही हैं, जबकि 34 प्रतिशत कंपनियों ने 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी का संकेत दिया है। नए श्रम कानूनों के लागू होने से 57 प्रतिशत कंपनियां अपने वेतन ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वेतन वृद्धि का सबसे अधिक लाभ मध्यम-वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों (48 प्रतिशत) को मिलने की संभावना है, जबकि कनिष्ठ एवं वरिष्ठ स्तर का हिस्सा क्रमशः 26 एवं 22 प्रतिशत रहेगा।

### कर्मचारियों का नौकरियां छोड़ना चिंता का विषय

कर्मचारियों का नौकरी छोड़ना कंपनियों के लिए चिंता का प्रमुख विषय बना हुआ है। करीब 55 प्रतिशत संगठनों ने 10-20 प्रतिशत कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने का अनुमान जताया, जबकि 15 प्रतिशत कंपनियों ने इस दर के 20 प्रतिशत से अधिक रहने की आशंका जताई। रिपोर्ट कहती है कि खासकर युवा कर्मचारियों में काम का लचीलापन, उद्देश्य और तेज करियर प्रगति जैसी अपेक्षाएं नौकरी छोड़ने की स्थिति को प्रभावित कर रही हैं।

# भारत की मजबूत बुनियाद तेल संकट का प्रभाव कम करने में होगी सहायक: एसएंडपी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की मजबूत वृहद आर्थिक और वित्तीय बुनियाद कच्चे तेल की कीमतों में लगातार होने वाले उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करने में मददगार हो सकती है। हालांकि, अगर 2026 में कच्चे तेल की औसत कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल रहती है, तो आर्थिक वृद्धि दर में 0.80% तक की गिरावट आ सकती है।

इस परिदृश्य के तहत, वित्त वर्ष 2026-27 में कंपनियों की ब्याज, कर, मूल्यह्रास और ट्रेडमार्क, पेटेंट तथा अन्य संपत्ति की समय बढ़ने के साथ लागत में कमी के आकलन से पहले की आय (ईबीआईटीडीए) में 15-25 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। इससे कर्ज में 0.5 गुना से एक गुना तक बढ़ने का अनुमान है। वहीं बैंकिंग क्षेत्र की परिसंपत्ति की गुणवत्ता कमजोर हो सकती है, जिससे एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) लगभग 3.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न झटकों से भारत अछूता नहीं है। ऊर्जा की ऊंची कीमतों और आपूर्ति में व्यवधान की समस्या कई महीनों तक बनी रह सकती है, जिससे सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। हालांकि, कंपनियों का मजबूत बही-खाता, बैंकों में अच्छी पूंजी और मजबूत बाह्य स्थिति इस प्रभाव से बचाव प्रदान करेंगे।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने तनावपूर्ण स्थिति में ब्रेंट क्रूड की कीमत 2026 में 130 डॉलर और 2027 में 100 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान लगाया है, जबकि तुलनात्मक आधार पर यह कीमत क्रमशः 85 डॉलर और 70 डॉलर है। एजेंसी को भारत की रेटिंग पर तत्काल किसी प्रभाव की उम्मीद नहीं है।


हालांकि, राजकोषीय मोर्चे पर मजबूत प्रयासों को अस्थायी रूप से झटका लग सकता है। तेल की ऊंची कीमतों से चालू खाता घाटा बढ़ सकता है। अनुमान के अनुसार, 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि से यह घाटा जीडीपी के लगभग 0.4 % तक बढ़ सकता है।

## यूपीआई ने पिछले साल पार किया 228 अरब लेनदेन का आंकड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** भुगतान सेवाओं में अग्रणी वैश्विक कंपनी वर्ल्डलाइन ने मंगलवार को कहा कि भारत में डिजिटल भुगतान के वातावरण में अब परिपक्वता आ चुकी है और साल 2025 में इसका आंकड़ा 228 अरब लेनदेन का पार गया। वर्ल्डलाइन की वार्षिक रिपोर्ट 'इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट-ईयर 2025 इन रिव्यू' में कहा गया है कि अब देश में यूपीआई, कार्ड्स और भारत बिलपे जैसे भुगतान प्लेटफॉर्म एक-दूसरे के पूरक रूप में काम कर रहे हैं। इससे पूरी तरह डिजिटल और सातों दिन चौबीसों घंटे चलने वाली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई के जरिये साल 2025 में 228.5 अरब लेनदेन किये गये जो साल-दर-साल 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इन लेनदेन का कुल मूल्य 299.74 लाख करोड़ रुपये रहा। अब रोजाना होने वाले अधिकांश लेनदेन इसी प्लेटफॉर्म पर हो रहा है। वर्ल्डलाइन के अनुसार, भारत धीरे-धीरे छोटे-छोटे ट्रांजेक्शन वाली अर्थव्यवस्था बन रहा है। छोटे-छोटे लेनदेन अब नकद की जगह डिजिटल माध्यमों से हो रहे हैं - चाहे वह स्थानीय दुकानों, परिवहन या रोजमर्रा की सेवाओं में हो। साथ ही यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या 15% बढ़कर अब 73.14 करोड़ पर पहुंच गयी है।

### काम की बात

# Pivot क्या है और कब करना चाहिए




**कारोबार डेस्क**

स्टार्टअप की दुनिया में एक शब्द बहुत कॉमन है- Pivot (पिवट), यह एक छोटा सा शब्द बड़े काम का है। यह एक शब्द ही किसी डूबते बिजनेस को फलक पर ले जा सकता है। स्टार्टअप जगत में Pivot का अर्थ होता है बिजनेस की दिशा, प्रोडक्ट या स्ट्रेटेजी में डेटा और बाजार के हिसाब से परिवर्तन करना। कई बिजनेस फाउंडर्स समय पर Pivot नहीं करते और गलत मॉडल से चिपके रहते हैं, जिससे कंपनी पर बोझ बढ़ता जाता है और अंततः बिजनेस बिजनेस फेल होने की नौबत आ जाती है। यदि सही समय पर Pivot कर लिया जाये तो घाटे में जाता हुए बिजनेस भी ग्रोथ इंजन बन सकता है। कई बड़े स्टार्टअप जो आज यूनिकॉर्न हैं, उन्होंने समय रहते ही अपना आइडिया बदल दिया था। अर्थात Pivot = फेल होना नहीं, बल्कि स्मार्ट तरीके से दिशा परिवर्तन करना है। आइये समझते हैं कि पिवट कब करना चाहिए-

### पिवट क्या होता है?

- पिवट का अर्थ है कंपनी को बंद किए बिना बिजनेस मॉडल, प्रोडक्ट, टारगेट कस्टमर या स्ट्रेटेजी में परिवर्तन करना। यह नया स्टार्टअप बनाने के स्थान पर पुराने अनुभवों के आधार पर सही दिशा में आगे बढ़ना होता है।

### कब करना चाहिए?

- **जब प्रोडक्ट मार्केट के लिए फिट नहीं बैठ रहा हो**
  अगर लोग आप जैसे प्रोडक्ट उपयोग तो कर रहे हैं, लेकिन आपसे नहीं खरीद रहे, तो पिवट जरूरी हो जाता है।
- **राजस्व नहीं आ रहा या लगातार घट रहा हो**
  निरंतर कम बिक्री, ग्राहकों की पुनरावृत्ति कम होने का अर्थ है कि आपका बिजनेस मॉडल सही नहीं है, उसमें बदलाव जरूरी है।
- **खर्च ज्यादा और कमाई कम हो**
  जब खर्च तेजी से बढ़ रहा हो और कमाई स्थिर हो या कम हो रही हो, तो पिवट ही कारोबार को संजीवनी दे सकता है।
- **मार्केट बदल चुका हो**
  आजकल तकनीकि क्षेत्र, एआई, जैसे क्षेत्र में मार्केट बहुत तेजी से बदलता है। इसमें प्रत्येक कुछ महीनों के अंतराल पर नये अपडेट होते रहते हैं। ऐसे में बदलाव करने ही होंगे।
- **बदल जाए ग्राहक का व्यवहार**
  अगर बड़ी संख्या में ग्राहकों की मांग बदल गयी हो तो भी बिजनेस में पिवट करने का सही समय माना जाता है।

### पिवट कितने प्रकार के हो सकते हैं

- **प्रोडक्ट पिवट** = प्रोडक्ट बदलना या नया वर्जन बनाना।
- **कस्टमर पिवट**=नए टारगेट ऑडियंस पर फोकस करना।
- **बिजनेस मॉडल पिवट**= रेवेन्यू मॉडल बदलना।
- **टैक्नोलॉजी पिवट**=नई टेक्नोलॉजी अपनाना।
- **मार्केट पिवट** = नए शहर या नए मार्केट में जाना।

**पिवट एक रणनीतिक बदलाव है न कि घबराहट में उठाया कदम।**

### पिवट से डर के कारण

- भावनात्मक लगाव
- ईगो प्रॉब्लम
- निवेशकों का दबाव
- लागत भ्रांति

### कब नहीं करें

- सिर्फ ट्रेंड देखकर
- घबराकर या
- प्रतियोगी को हराने की मंशा से

### काम की बात

- पिवट कारोबारी दुनिया का सबसे शक्तिशाली लेकिन गलत समझा जाने वाला निर्णय होता है। यह पराजय नहीं, बल्कि बिजनेस को डूबने से बचाने के लिए किया जाने वाला बदलाव होता है। जो फाउंडर्स समय पर डेटा देखकर Pivot कर लेते हैं, वे लंबे समय तक टिकते हैं। अन्यथा अपने ही बिजनेस को स्वयं डुबो देते हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# प. बंगाल में भय का माहौल; बलात्कार हत्याएं, राजनीतिक हिंसा चरम पर : मोदी

## 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं से किया ऑनलाइन संवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में भय का माहौल है, जहां हत्या, बलात्कार, दंगे और राजनीतिक हिंसा की घटनाएं चरम पर पहुंच गई हैं। मोदी ने कहा कि बंगाल में लोगों के बीच भाजपा को लेकर ऊर्जा और उत्साह वास्तव में उल्लेखनीय है।

मोदी ने 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पश्चिम बंगाल के कार्यकर्ताओं से डिजिटल माध्यम से संवाद करते हुए कहा कि राज्य के लोग वाम मोर्चा के शासन में हुए अत्याचारों से मुक्ति पाने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को सत्ता में लाए थे, लेकिन ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार अपनी पूर्ववर्ती सरकारों से भी आगे निकल गई है।

मोदी ने कहा कि उन्हें पूरे पश्चिम बंगाल में भय का माहौल दिखाई दे रहा है, जहां युवा नौकरी को लेकर चिंतित हैं, आलू किसान टीएमसी के सिंडिकेट से डरते हैं और सरकारी कर्मचारियों को अपने अधिकार पाने के लिए अदालत जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भय का वातावरण है। हत्याएं, बलात्कार, दंगे और राजनीतिक हिंसा अपने चरम पर हैं। हर कोई बहुत परेशान है। प्रधानमंत्री ने टीएमसी शासन को कट-मनी सरकार करार देते हुए कहा कि यह आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

### प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को मुक्तकंठ से सराहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- यह आप सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। हर कार्यक्रम में मैं आपकी मेहनत देखता हूं और समाज के सभी वर्ग सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। यह अपने आप में बहुत उत्साहजनक अनुभव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अटूट प्रतिबद्धता पार्टी की जड़ों को और मजबूत कर रही है।

उन्होंने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के मंत्र के साथ आप अपने-अपने बूथ पर लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रहे हैं। टीएमसी की निर्दयी सरकार के भय के बारे में अच्छी तरह लोगों को बता रहे हैं। मोदी ने कहा कि आगामी पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए भाजपा के घोषणापत्र को भी लोग काफी सराह रहे हैं।

## संविधान को नष्ट कर रही है भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी सोच: राहुल गांधी

**रायगंज/मालदा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 'नफरत भरी सोच' संविधान को नष्ट कर रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है।

रायगंज और मालदा में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार ने बेरोजगारी भत्ते का वादा किया था जिसके लिए 84 लाख युवाओं ने आवेदन किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पांच लाख लोगों को नौकरियां देने का वादा किया था। लेकिन 84 लाख युवाओं ने बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन किया है। राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए उन पर नफरत भरी सोच से संविधान को नष्ट करने और 'वोट चोरी में लिप्त' होने का आरोप भी लगाया। गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को 'असंवैधानिक' करार दिया। उन्होंने भाजपा पर चुनाव जीतने के लिए धर्म और जाति के नाम पर एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ भड़काने का आरोप लगाया।

# चुनाव आयोग के प्रारूप के तहत तार्किक विसंगति मान्य नहीं : ममता

**कोलकाता, एजेंसी**




तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रयुक्त तार्किक विसंगति निर्वाचन आयोग के प्रारूप के तहत आधिकारिक रूप से मान्य नहीं है और इसका इस्तेमाल बिहार के विपरीत पश्चिम बंगाल में चुनिंदा ढंग से भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है।

पश्चिम मेदिनीपुर के पिंगला, पूर्व मेदिनीपुर के तमलुक और हावड़ा के डोमजूर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए बनर्जी ने महिलाओं से अपील की कि यदि लोगों को मतदान से रोकने की कोशिश की जाए तो वे डटकर मुकाबला करें। मुख्यमंत्री ने कहा-निर्वाचन आयोग के ढांचे में तार्किक विसंगति जैसा कोई आधिकारिक शब्द नहीं है। इसे बिहार के विपरीत पश्चिम बंगाल में चुनिंदा तरीके से लागू किया जा रहा है ताकि भारतीय जनता पार्टी को फायदा पहुंचाया जा सके। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मैंने ऐसी ओछी पार्टी कभी नहीं देखी। बनर्जी ने कहा किकेंद्रीय बलों का काम शांति बनाए रखना है, हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन अगर वे लोगों को वोट डालने से रोकेंगे तो क्या होगा? मैं महिलाओं से अनुरोध करूंगी कि वे अपने हाथों में झाड़ू रखें और बूट पहने एवं हथियार लिए लोगों के खिलाफ मजबूती से खड़ी हों। मैं किसी को हमला करने या दंगा भड़काने को नहीं कह रही, लेकिन अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आपको हर संभव प्रयास करना होगा। आरोप लगाया ... अगर आपका एकमात्र उद्देश्य यहां शांति बनाए रखना था, तो आप पश्चिम बंगाल पुलिस का इस्तेमाल कर सकते थे।

## भाजपा : महिलाओं को 2000 और हर घर को 10 हजार देने का वादा

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्ना द्रमुक) की सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को विधानसभा चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। भाजपा की ओर से जारी घोषणा पत्र में कई मुफ्त योजनाओं की घोषणा की गयी, जिनमें से कुछ अहम योजनाएं वैसी ही हैं जैसी सत्तारूढ़ द्रमुक के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने पेश की थीं। भाजपा ने हर परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपये और हर परिवार को एक बार में 10,000 रुपये की नकद सहायता देने का वादा किया है, ताकि महंगाई के दबाव से राहत मिल सके। इसके अलावा, पार्टी ने साल में तीन एलपीजी सिलेंडर मुफ्त देने का भी वादा किया है। पार्टी ने योग्य महिलाओं को ई-स्कूटर खरीदने के लिए 25,000 रुपये की आर्थिक मदद देने का भी संकल्प लिया है। एक ओर जहां द्रमुक ने राज्य की 1.31 करोड़ महिलाओं को दी जाने वाली मौजूदा 1,000 रुपये की राशि को बढ़ाकर 2,000 रुपये करने का आश्वासन दिया है, वहीं अन्ना द्रमुक ने भी अपने घोषणापत्र में इस राशि को बढ़ाकर 2,000 रुपये करने की घोषणा की है।

## तमिलनाडु: टीवीके की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा : विजय

**तिरुपुर (तमिलनाडु), एजेंसी।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष विजय ने तमिलनाडु की सत्ता में आने पर किसानों के फसल ऋण माफ करने का मंगलवार को भरोसा दिया और राज्य में कथित तौर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बंद करने के मामले में एमके स्टालिन-नीत द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार की कड़ी आलोचना की। अभिनय से राजनीति में आए विजय ने यहां आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए वादा किया कि पांच एकड़ से कम जोत वाले छोटे किसानों का शत-प्रतिशत, जबकि पांच एकड़ से अधिक जोत वाले किसानों का 50 प्रतिशत फसल ऋण माफ किया जाएगा। विजय ने धान के लिए 3,500 रुपये प्रति क्विंटल और गन्ने के लिए 4,500 रुपये प्रति टन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का भी वादा किया।

## परिसीमन को लेकर केंद्र पर बरसे स्टालिन, बोले- अपनी साजिश को कानूनी का रूप देने का प्रयास कर रही सरकार

**वेल्लोर (तमिलनाडु), एजेंसी।** प्रस्तावित परिसीमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर एक और हमला बोलते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनसंख्या नियंत्रण उपायों को लागू करने वाले दक्षिणी राज्यों को दंडित करने की कोशिश कर रही है। संसद के 16 अप्रैल से शुरू होने वाले सत्र का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र के दौरान केंद्र सरकार इस मामले में अपनी साजिश को कानून का रूप देने की योजना बना रही है। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि जब हम परिसीमन और संबंधित मामलों के संबंध में तमिलनाडु के समक्ष उत्पन्न खतरों और केंद्र में फासीवादी भाजपा सरकार के कामकाज पर बोलने की कोशिश करते हैं, तो तथाकथित विद्वान लोग, उदाहरण के लिए पीयूष गोयल, अहंकार के साथ बोलते हैं। मैं उनसे संयम से बोलने के लिए कहता हूं।

वर्ल्ड ब्रीफ

# स्किन केयर प्रोडक्ट : केमिकल कॉकटेल से सेहत को नुकसान

आज के दौर में 'ग्लोइंग स्किन' की चाहत ने ब्यूटी इंडस्ट्री को अरबों डॉलर का साम्राज्य बना दिया है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और विज्ञापनों के दबाव में आकर लोग बिना सोचे-समझे अपनी त्वचा पर रसायनों का प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिस क्रीम को आप अपनी सुंदरता निखारने के लिए लगा रहे हैं, वह आपके हॉर्मोन्स को बिगाड़ सकती है या कैंसर का कारण बन सकती है?




### नेचुरल और हर्बल दावों का सच

- ग्रीनवॉशिंग : मार्केटिंग में इन शब्दों का इस्तेमाल अक्सर उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए ग्रीनवॉशिंग के रूप में किया जाता है।
- भ्रामक लेबलिंग : कई बार किसी क्रीम में 1% हर्बल तत्व होने पर भी उसे हर्बल बता दिया जाता है, जबकि बाकी 99% हिस्सा सिंथेटिक रसायनों से बना होता है।
- सुरक्षा का भ्रम : यह सोचना गलत है कि हर नेचुरल चीज सुरक्षित है। उदाहरण के लिए, नींबू या टमाटर जैसे प्राकृतिक एसिड संवेदनशील त्वचा पर गंभीर जलन पैदा कर सकते हैं।
- सनस्क्रीन का सच : कुछ हर्बल सनस्क्रीन पर्याप्त एसपीएफ प्रदान नहीं करते हैं, जिससे आप सूरज की हानिकारक किरणों के प्रति असुरक्षित रहते हैं।

### स्किन केयर में छिपे खतरनाक रसायन

- पैराबेन्स : ये प्रिजर्वेटिव्स के रूप में इस्तेमाल होते हैं, शरीर में हार्मोनल असंतुलन पैदा कर सकते हैं, जिसे स्तन कैंसर के जोखिम से जोड़ा गया है।
- सल्फेट : ये झाग बनाने में उपयोग किए जाते हैं, ये त्वचा की प्राकृतिक नमी छीन लेते हैं, जिससे खुजली, सूखापन, आंखों में जलन हो सकती है।
- हाइड्रोक्विनोन : गोरा बनाने वाली क्रीमों में मौजूद यह ब्लीचिंग एजेंट त्वचा को बहुत पतला कर देता है। लंबे समय में नीला-काला पिगमेंटेशन पैदा कर सकता है।
- पारा (मर्करी) : गोरा बनाने वाले उत्पादों में इसकी मात्रा निर्धारित सीमा से 100 गुना अधिक तक पाई गई है, जिससे किडनी फेलियर और दिमाग संबंधी बीमारियां हो सकती हैं।
- थैलेट्स : खुशबू और बनावट सुधारने के लिए उपयोग किए जाने वाले ये रसायन प्रजनन विषैलेपन से जुड़े हैं।



### नियामक खामियां

- नियंत्रण : भारत में सौंदर्य प्रसाधन ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत नियंत्रित होते हैं।
- खामी : नियामक संस्थाएं बाजार में आने से पहले हर उत्पाद के लेबल को मैन्युअली चेक नहीं करतीं, जिससे कंपनियों को सामग्री छिपाने का मौका मिल जाता है।
- अनिवार्य लेबलिंग : लेबल पर सभी सामग्रियों की सूची, निर्माता का नाम, बैच नंबर और समाप्ति तिथि होना अनिवार्य है।

### TSDF महामारी

- भारतीय डर्मेटोलॉजिस्ट्स के अनुसार, भारत में Topical Steroid-Dependent Face (TSDF) एक गंभीर समस्या बन चुका है।
- उत्तर प्रदेश के एक सरकारी अस्पताल (GIMS) में 2025 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि गोरा बनाने वाली क्रीमों के दुरुपयोग के कारण 87 .5% मरीजों में त्वचा का पतला होना और 87 .5% में सफेद धब्बे देखे गए।

### गोरा बनाने के दावों की हकीकत

- विज्ञापनों का स्कैम : कई कंपनियां तीन हफ्ते में गोरापन जैसे झूठे दावे करती हैं, जिनके लिए उपभोक्ता फोरम उन पर भारी जुर्माना भी लगा चुके हैं।
- छिपे हुए स्टेरॉयड : कई सस्ती या बिना लेबल वाली क्रीमों में स्टेरॉयड होते हैं। ये शुरुआत में चेहरा साफ दिखाते हैं, लेकिन बंद करने पर चेहरा काला पड़ने लगता है।

## तुर्किये में स्कूल में की गोलीबारी,16 घायल

**अंकारा।** दक्षिणपूर्वी तुर्किये के एक वोकेश्नल हाई स्कूल में मंगलवार को एक पूर्व छात्र ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 16 लोग घायल हो गए। हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। सानलिउर्फा के राज्यपाल हसन सिल्दाक ने बताया कि 18 वर्षीय हमलावर के पास एक शॉटगन थी और उसने सानलिउर्फा प्रांत के सिवेरेक स्थित इस स्कूल में अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर उसी इमारत के अंदर छिप गया। उन्होंने बताया कि हमलावर ने बाद में उसी बंदूक से खुद को गोली मारकर अपनी जान ले ली। सिल्दाक ने बताया कि इस हमले में 10 छात्र, चार शिक्षक, कैंटीन का एक कर्मचारी तथा एक पुलिस अधिकारी घायल हो गए।

## स्पेन ने तेहरान में फिर से खोला दूतावास

**मॉस्को।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। स्पेन के राजनयिक मिशन ने यह जानकारी दी है। दूतावास ने सोमवार को एक्स पर कहा, "हम तेहरान लौट रहे हैं। संघर्ष विराम के बाद ईरान में स्पेनिश दूतावास फिर से खुल रहा है। राजदूत एंटोनियो सांचेज़-बेनेडिटो गैस्पर, राजनयिक टीम और स्थानीय कर्मचारियों के साथ, शांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काम पर लौट रहे हैं। स्पेन के दूतावास को सात मार्च को खाली करा लिया गया था।

## बांग्लादेशी पर मानव तस्करी का आरोप

**न्यूयॉर्क।** सेंट्रल अमेरिका के रास्ते कई लोगों को अवैध तरीके से अमेरिका लाने की साजिश में शामिल होने के आरोप में एक बांग्लादेशी नागरिक को ब्राजील से प्रत्यर्पित किया गया है। सैफ उल इस्लाम (39) को टेक्सास के लारेडो में अदालत में पेश किया गया। टेक्सास के सदर्न डिस्ट्रिक्ट में एक अभ्यारोपण में इस्लाम पर एक व्यक्ति को गैर-कानूनी तरीके से अमेरिका लाने की साज़िश रचने और वित्तीय लाभ के लिए लोगों को सेंट्रल अमेरिका के रास्ते अमेरिका लाने के कई मामलों में आरोप लगाया गया है।

## जेलेंस्की ने की जर्मन चांसलर से मुलाकात

**बर्लिन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को बर्लिन में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मुलाकात की। यूक्रेन-रूस युद्ध में कीव का समर्थन करने वाले देशों में जर्मनी प्रमुख है। यह युद्ध अब पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भी अपने यूक्रेनी समकक्ष मिखाइलो फेडोरोव के साथ बातचीत की है।

## राजदूत ने बाबासाहेब को दी श्रद्धांजलि

**पेरिस।** संयुक्तराष्ट्र संघ के पेरिस स्थित संगठन यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत विशाल वी शर्मा ने अंबेडकर जयंती पर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। राजनयिक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। शर्मा ने यूनेस्को की कार्यकारी परिषद के 224वें सम्मेलन के दौरान अलग से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## पाकिस्तानी राजदूत ने भारत की सराहना की

**मॉस्को।** रूस में पाकिस्तान के राजदूत ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद के परमाणु सुरक्षा रिकॉर्ड की सराहना करते हुए दावा किया कि दोनों देशों ने एक-दूसरे की परमाणु सुविधाओं पर हमला न करने की पारस्परिक गारंटी दी है। राजदूत फैसल नियाज तिरमिजी ने निजी समाचार पोर्टल आरटीवीआई डॉट कॉम में कहा कि पश्चिम एशिया में वर्तमान संघर्ष के मद्देनजर ऐसी गारंटी का विशेष महत्व है।

# महिला आरक्षण कानून लागू होने पर और मजबूत बनेगा लोकतंत्र

## महिलाओं के नाम लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा-तेज होगी विकास यात्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि यदि 2029 में लोकसभा और विभिन्न विधानसभाओं के चुनाव महिला आरक्षण के पूर्ण रूप से लागू होने के साथ कराए जाते हैं तो भारतीय लोकतंत्र और अधिक मजबूत तथा जीवंत बनेगा।

देश की महिलाओं को लिखे एक पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी कहा कि जब महिलाएं नीति-निर्माण और निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करेंगी तब विकसित भारत की यात्रा और अधिक सशक्त एवं तेज होगी। इसलिए यह अनिवार्य है कि हम अपने विकास की गति को तेज करने के लिए हर संभव प्रयास करें और इसके लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अपरिहार्य है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी सिद्धांत पर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ था और इसी सिद्धांत के कारण यह संविधान संशोधन समय की आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए विधायी निकायों में उनकी हिस्सेदारी बढ़ना उचित है। उन्होंने कहा कि संसद की तीन दिवसीय बैठक 16 अप्रैल से शुरू हो रही है और इसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधनों को पारित किया जाना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की और अधिक देरी दुर्भाग्यपूर्ण एवं भारत की महिलाओं के साथ घोर अन्याय जैसा होगा। प्रधानमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किए गए पत्र में कहा कि यदि 2029 के लोकसभा चुनाव और उस वर्ष होने वाले विभिन्न विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के पूर्ण रूप से लागू होने के साथ कराए जाते हैं, तो हमारा लोकतंत्र और अधिक मजबूत तथा जीवंत बनेगा। मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि देश की महिलाएं अगले कुछ दिनों में संसद में संविधान संशोधन विधेयक के पारित होने का इंतजार कर रही हैं। उन्हें अनंतकाल तक इंतजार नहीं कराया जा सकता।



### 2029 के लोस चुनाव से लागू करने की मंशा

मौजूदा कानून के तहत, महिलाओं के लिए आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता, क्योंकि यह 2027 की जनगणना के बाद परिसीमन प्रक्रिया के पूरा होने से जुड़ा हुआ था। इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव की आवश्यकता थी, इसलिए सरकार कानून में संशोधन पारित करने के लिए बजट सत्र में तीन दिन की बैठक अलग से बुला रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद की फिर बैठक होगी जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित एक महत्वपूर्ण संविधान संशोधन पर चर्चा होगी और उम्मीद है कि वह पारित भी होगा। कहा कि मैं देख रहा हूं कि इसे लेकर हर तरफ जोश और उत्साह का माहौल है। माताएं और बहनें खुशी जाहिर कर रही हैं।

### जब महिलाएं मजबूत होंगी तो लोकतंत्र की आवाज भी होगी और सशक्त

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हमारी विधायिकाओं में महिलाओं की आवाज और मजबूत होती है, तो लोकतंत्र की आवाज भी और अधिक सशक्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि मैं संसद की अगली बैठक और संविधान संशोधन के पारित होने के लिए आपका तथा भारत की करोड़ों महिलाओं का आशीर्वाद चाहता हूं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि अपने स्थानीय सांसदों को पत्र लिखें और उनसे इस ऐतिहासिक संसद सत्र में भाग लेने का अनुरोध करें। वे सांसदों को याद दिलाएं कि वे ऐसा काम करने जा रहे हैं जिसका प्रभाव सदियों तक महसूस किया जाएगा। इससे निश्चित रूप से उनका मनोबल बढ़ेगा! सितंबर 2023 में संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण अधिनियम के नाम से जाना जाता है, पारित किया था। इसे विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। इस अधिनियम में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान किया गया।

## संघर्ष टालने को चीन ने पेश किया शांति का प्रस्ताव

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पश्चिम एशिया युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका में दिलचस्पी दिखाते हुए कहा है कि उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए यहां अबू धाबी के युवराज ज़ायेद अल नहयान के साथ बैठक में चार-सूत्री प्रस्ताव रखा है। शी ने शांति पर जोर देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र के लिए एक साझा, विस्तृत, सहयोगपूर्ण और टिकाऊ सुरक्षा व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता का भी पूरी तरह सम्मान होना चाहिए। साथ ही नागरिकों एवं अवसंरचनाओं की भी सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। शी ने कहा कि दुनिया को जंगल बनाने से बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी पक्षों से साथ आकर क्षेत्रीय विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने अनुरोध किया।

## भारत से चीन के संबंध बेहतर नीति में नहीं किया है बदलाव

- अरुणाचल में नाम बदलने के कदम का चीन ने किया बचाव

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए नए नाम प्रकाशित करने के अपने कदम का बचाव करते हुए मंगलवार को कहा कि भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

भारत ने चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र को काल्पनिक नाम देने के प्रयासों को रविवार को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि इस तरह के बेबुनियाद विमर्श गढ़ने की कोशिशें वास्तविकता को नहीं बदल सकतीं और द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों को पटरी से उतार सकती हैं। भारत की तीखी प्रतिक्रिया बीजिंग द्वारा अक्साई चिन में एक तीसरा नया प्रशासनिक क्षेत्र स्थापित करने की पृष्ठभूमि में आई है। इस इलाके को भारत अपना संप्रभु क्षेत्र मानता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीन की ओर से भारत के क्षेत्रों का काल्पनिक नाम देने के किसी भी प्रयास को भारत सिरे से खारिज करता है। जायसवाल की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां कहा कि जांगनान चीन का क्षेत्र है, और चीन ने कभी भी तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को मान्यता नहीं दी है।

जांगनान अरुणाचल प्रदेश का चीनी नाम है। चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा होने का दावा करता है। गुओ ने अरुणाचल प्रदेश के लिए नाम प्रकाशित करने के बीजिंग के कदम का बचाव करते हुए कहा कि जांगनान क्षेत्र में कुछ स्थानों के नामों को मानकीकृत करना पूरी तरह से चीन की संप्रभुता के अंतर्गत आता है। कहा कि वर्तमान में चीन-भारत संबंध सामान्यतः स्थिर हैं।

## महाराष्ट्र में टैक्सी चालकों के लिए मराठी भाषा अनिवार्य

**ठाणे।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री प्रताप सरनाइक ने मंगलवार को कहा कि राज्य में एक मई से सभी लाइसेंस प्राप्त रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी जानना अनिवार्य होगा और मोटर परिवहन विभाग के कार्यालयों के माध्यम से एक राज्यव्यापी अभियान चलाया जाएगा। अपने कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में सरनाइक ने चेतावनी दी कि जिन चालकों को मराठी का बुनियादी ज्ञान नहीं है, उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। मंत्री ने कहा, एक मई से सभी लाइसेंस प्राप्त रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी जानना अनिवार्य होगा। मोटर परिवहन विभाग के 59 क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से राज्यव्यापी निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि चालक मराठी पढ़ और लिख सकते हैं या नहीं। सरनाइक ने कहा कि लाइसेंस जारी करने के लिए स्थानीय भाषा के ज्ञान की आवश्यकता वाला नियम पहले से ही लागू है।

## छत्तीसगढ़ में वेदांता पावर प्लांट में विस्फोट, 11 की मौत

**सक्ती, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में मंगलवार को एक विद्युत संयंत्र के बॉयलर में हुए विस्फोट के कारण 11 श्रमिकों की मौत हो गई तथा 22 अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि घटना जिले के डभरा थाना क्षेत्र के सिंघीतराई गांव में हुई जहां वेदांता कंपनी के विद्युत संयंत्र में बॉयलर की ट्यूब में विस्फोट हो गया। ठाकुर ने बताया कि घटना के समय वहां काफी संख्या में श्रमिक काम कर रहे थे। कम से कम 11 श्रमिकों की मौत हो गई तथा 22 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि चार श्रमिकों की मौत घटनास्थल पर हुई तथा सात अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और मजदूरों को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि 22 मजदूरों को रायगढ़ के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि संयंत्र में बड़ी संख्या में पुलिस दल को तैनात किया गया है। वेदांता विद्युत संयंत्र के प्रवक्ता ने बताया कि आज दोपहर हमारे सिंघीतराई संयंत्र की एक बॉयलर यूनिट में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

## किम जोंग ने किया नए युद्धपोत से क्रूज मिसाइल परीक्षणों का निरीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने सप्ताहांत में अपने नए युद्धपोत से और मिसाइल परीक्षणों का निरीक्षण किया। किम ने इस दौरान परमाणु क्षमता वाले हथियारों के बढ़ते जखीरे के साथ नौसेना की अभियानगत क्षमताओं को मजबूत करने का संकल्प भी जताया। उत्तर कोरिया के आधिकारिक समाचार पत्र रोडोंग सिनमुन ने अपनी खबर में बताया कि किम ने रविवार को 5,000 टन श्रेणी के अपने विध्वंसक युद्धपोत 'चोए ह्योन' से दो सामरिक क्रूज मिसाइलों और तीन पोत रोधी मिसाइलों के प्रक्षेपण का निरीक्षण किया। चोए ह्योन युद्धपोत का अप्रैल 2025 में अनावरण किया गया था। क्रूज़ मिसाइलें ने निर्धारित लक्ष्यों को सटीकता से भेदा।

## अमेरिका में 5.7 तीव्रता का भूकंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नेवादा प्रांत की राजधानी कार्सन सिटी के पूर्व स्थित ग्रामीण इलाके में सोमवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप शाम 6:30 बजे से ठीक पहले महसूस किया गया और इसका केंद्र सिल्वर स्प्रिंग्स शहर से 20.7 किलोमीटर पूर्व में सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

## विशेष चुनाव में जीत से कार्नी सरकार को बहुमत

- कानून पास करने को नहीं लेना होगा अब विपक्ष का समर्थन

**टोरंटो, एजेंसी**

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोमवार रात विशेष चुनाव में जीत हासिल करके अपनी सरकार के लिए बहुमत सुनिश्चित कर लिया। इससे उनकी लिबरल पार्टी अब बिना विपक्षी दलों के समर्थन के भी कानून पारित कर सकेगी। मतदाताओं ने 343 निर्वाचन क्षेत्रों में से तीन रिक्त सीट के लिए मतदान किया।

टोरंटो में, लिबरल पार्टी उम्मीदवार डेनियल मार्टिन ने यूनिवर्सिटी रोजडेल जिले से चुनाव जीता और लिबरल पार्टी उम्मीदवार डॉली बेगम ने स्कारबोरो साउथवेस्ट जिले से जीत हासिल की। क्यूबेक जिले के परिणाम बाद में आने की उम्मीद है। नतीजों के बाद लिबरल पार्टी 2029 तक सत्ता में बनी रह सकती है। कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विलय की धमकियों के कारण जनता में उपजे गुस्से के बीच पिछले साल कनाडा में जीत हासिल की थी। तब से, मुख्य विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के चार सदस्यों सहित विपक्षी दलों से पांच सदस्यों ने दल-बदल किया है और कार्नी की लिबरल पार्टी को बहुमत तक पहुंचा दिया। कार्नी ने मार्टिन और बेगम को बधाई दी। मार्टिन ने कहा, आज रात, मार्क कार्नी और लिबरल टीम ने एक बेहतर कनाडा के निर्माण के लिए मजबूत जनादेश प्राप्त कर लिया है।




## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

- **मेष** – आज किसी पारिवारिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। कानूनी विवादों में सफलता मिल सकती है। दूसरों से अपनी तुलना न करें।
- **तुला** – आज अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। मानसिक थकान का अनुभव करेंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।
- **वृष** – आज उच्च अधिकारी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। आलोचनाओं से दु:खी न हो। दूसरों के भरोसे में न रहें।
- **वृश्चिक** – आज दिन की शुरुआत सावधानी से करें, क्योंकि कार्यों में रुकावट आ सकती है। धैर्य रखने पर स्थिति सुधरेगी। लाभ के योग हैं।
- **मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। आपकी बुद्धि और संचार क्षमता मजबूत रहेगी। नए संपर्क बनेंगे और लाभ के अवसर मिलेंगे।
- **धनु** – आज विरोधियों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। व्यवसाय में कमी होने से थोड़ा तनाव होगा। संबंधों में अनबन हो सकती है।
- **कर्क** – आज काम की अधिकता के कारण आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं।
- **मकर** – आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं।
- **सिंह** – आज रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। दूरस्थ स्थानों की यात्रा हो सकती है। नौकरी में विवाद शांत होंगे।
- **कुंभ** – आज अपने लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा न करें। कारोबार में बदलाव करने से बचें। आपका स्वास्थ्य कमजोर रहने वाला है।
- **कन्या** – व्यावसायिक संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग के साथ आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए।
- **मीन** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी उलझन के साथ हो सकती है। परिवार का सहयोग रहेगा। खर्च पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 15 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 22 .31 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-पूर्व भाद्रपद 15 .22 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

### सुडोकू - 119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 5 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 8 | 4 |

### सुडोकू -120

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | 8 | | 3 | | | | 5 | 7 |
| | | 9 | | 7 | | 6 | | |
| 6 | | | | 1 | 5 | | 7 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 9 | | 2 | 3 | | | | 4 |
| | | 7 | | | | 8 | | 3 |
| 3 | 6 | | | | 8 | | 2 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |

पश्चिम एशिया संकट

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में देश के मानव विकास की प्रगति में कुछ कमी आने का दावा

# भारत में 25 लाख लोगों के गरीबी की चपेट में आने का खतरा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में संघर्ष से भारत में 25 लाख लोगों के गरीबी में धकेल दिए जाने का खतरा है और देश के मानव विकास की प्रगति में कुछ कमी आने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।


संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने पश्चिम एशिया में सैन्य वृद्धिः एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास पर प्रभाव शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि यह संघर्ष एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास के दबाव को बढ़ा रहा है। इसमें कहा गया कि ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ने से घरेलू क्रय शक्ति घट रही है, खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है, सरकारी बजट पर दबाव पड़ रहा है और आजीविका कमजोर हो रही है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोग गरीबी के जोखिम में आ सकते हैं और इस सैन्य तनाव से एशिया-प्रशांत क्षेत्र को 299 अरब डॉलर तक का नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में गरीबी से प्रभावित लोगों की संख्या लगभग चार लाख से बढ़कर 25 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। संघर्ष के कारण दुनिया भर में गरीबी में धकेले जाने वाले लोगों की संख्या लगभग 19 लाख से बढ़कर करीब 88 लाख तक हो सकती है जिसमें दक्षिण एशिया के लोग सबसे अधिक होंगे। चीन में गरीबी की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या में मामूली वृद्धि का अनुमान है जो लगभग 1,15,000 से बढ़कर 6,20,000 से अधिक हो जाएगी। हालांकि यह बहुत बड़ी जनसंख्या के मुकाबले मामूली प्रभाव को दर्शाता है। सबसे गंभीर परिदृश्य में भारत की गरीबी दर 23.9 से बढ़कर 24.2 प्रतिशत हो सकती है जिससे अतिरिक्त 24,64,698 लोग गरीबी में चले जाएंगे। देश में गरीबी में रहने वालों की संख्या 35.40 करोड़ तक पहुंच सकती है जो पहले 35.15 करोड़ थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) प्रगति में भारत में लगभग 0.03 से 0.12 वर्ष तक की गिरावट हो सकती है।

### संघर्ष के कारण ऊर्जा विकल्पों पर भी असर

रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपनी 90 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का 40 प्रतिशत से अधिक तथा एलपीजी का 90 प्रतिशत आयात पश्चिम एशिया से करता है। इसके अलावा, उर्वरक आयात का 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है। संघर्ष के कारण ऊर्जा विकल्पों पर भी असर पड़ा है। 36 में 25 देशों में मालभाड़ा शुल्क, युद्ध जोखिम बीमा, मार्ग परिवर्तन और देरी जैसी समस्याएं देखी गई हैं। भारत के कुल निर्यात का 14 प्रतिशत और आयात का 20 .9 प्रतिशत पश्चिम एशिया से जुड़ा है।

## हड़ताल के चलते लुफ्थांसा की 700 से अधिक उड़ानें रद्द

**मॉस्को।** जर्मनी की सबसे बड़ी एयरलाइन समूह लुफ्थांसा में हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। यह जानकारी वेरेनिगुंग कॉकपिट यूनियन ने दी। जर्मन ट्रेड यूनियन वेरेनिगुंग कॉकपिट ने इससे पहले 13-14 अप्रैल को लुफ्थांसा पायलटों की तीसरी हड़ताल का आह्वान किया था। पायलटों और फ्लाइट अटेंडेंटों की हड़ताल की पहली और दूसरी लहर फरवरी और मार्च 2026 में हुई थी, जिसके कारण जर्मनी के प्रमुख शहरों के हवाई अड्डों पर सैकड़ों उड़ानें रद्द हो गई थीं।



“शमी हमारी गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ है । काफी समझदार है और उसमें नेतृत्व क्षमता भी है । वह गेंद को शुरू में ही स्विंग करा लेता है । वह 130 से ऊपर से गेंदबाजी कर रहा है जो अच्छी बात है । हम सभी को पता है कि वह विश्व स्तरीय गेंदबाज है ।’’

–टॉम मूडी, एलएसजी


# स्टेडियम

मुरादाबाद, बुधवार, 15 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

बनाम

लखनऊ सुपर जायंट्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**



- हेनरिक क्लासेन — हैदराबाद 224 रन
- ईशान किशन — हैदराबाद 213 रन
- वैभव सूर्यवंशी — राजस्थ 200 रन

**पर्पल कैप**



- प्रसिद्ध कृष्णा — गुजरात 10 विकेट
- रवि बिश्नोई — राजस्थान 9 विकेट
- अंशुल कंबोज — चेन्नई 8 विकेट

**हाईलाइट**

## पीएसएल ने मुजरबानी पर दो साल का बैन लगाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) ने ज़िम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का बैन लगाकर एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। यह बैन पीएसएल से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जाने के बाद लगाया गया है। इस घटना ने फ्रेंचाइज क्रिकेट में चल रही "प्लेयर लॉयल्टी बनाम मौका" बहस में एक नया मुद्दा बना दिया है। मुजरबानी को शुरू में पीएसएल में इस्लामाबाद यूनाइटेड ने रिप्लेसमेंट प्लेयर के तौर पर चुना था, क्योंकि वह आईपीएल और पीएसएल दोनों ऑक्शन में नहीं बिके थे। हालांकि, बाद में उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स से मौजूदा आईपीएल सीजन में ऑफर मिलने के बाद अपनी पीएसएल डील खत्म कर दी, जहाँ वह पहले ही दो मैच खेल चुके थे।

## भारत को पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स में स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के खिलाड़ी नवनीत सिंह ने हाल ही में संपन्न एशियाई लॉन बाउल्स चैंपियनशिप में पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स (चार खिलाड़ी) स्पर्धाओं में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की। दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम में छह से 12 अप्रैल तक आयोजित टूर्नामेंट में भारत ने पुरुष पेयर्स के फाइनल में हांगकांग को 17-15 से और पुरुष फोर्स के फाइनल में मलेशिया को 19-6 से हराया। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत ने पुरुषों की समग्र चैंपियन ट्रॉफी, समग्र टीम ट्रॉफी और चैलेंज ट्रॉफी जीती।

## माराडोना की मौत के मामले की सुनवाई फिर शुरू

**ब्यूनस आयर्स।** महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना की मौत में लापरवाही के आरोपी सात स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ मामले की सुनवाई मंगलवार को एक साल बाद फिर शुरू हुई। मूल कार्यवाही एक साल पहले रुक गई थी जब मामले पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री में नजर आने के बाद पीठासीन न्यायाधीश ने पद छोड़ दिया था। यह लापरवाही का मामला सात स्वास्थ्यकर्मियों पर केंद्रित हैं जिन पर पांच साल पहले ब्यूनस आयर्स के बाहरी इलाके में एक घर में माराडोना की मौत से पहले कई हफ्तों तक उनकी उचित देखभाल नहीं करने का आरोप है। दुनिया के महानतम फुटबॉल खिलाड़ी माराडोना की 60 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।


# स्टार्क व दीप्ति बने विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

**लंदन, एजेंसी**

- **शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, पंत व सिराज विजडन के 'साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर'**

मिचेल स्टार्क को विजडन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना है। उन्होंने 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और एशेज में अहम भूमिका निभाई। वहीं दीप्ति शर्मा को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का सम्मान मिला है। नवंबर में घरेलू जमीन पर भारत की ऐतिहासिक विश्व कप जीत में उनका बड़ा योगदान रहा।

इन पुरस्कारों का ऐलान अल्मनाक के 163वें संस्करण के प्रकाशन से पहले किया गया। 36 साल के स्टार्क ने इस साल 11 टेस्ट मैचों में 17.32 की औसत से 55 विकेट लिए। इसमें वेस्टइंडीज के ख़िलाफ सिर्फ़ नौ रन देकर छह विकेट लेने का उनका करियर बेस्ट प्रदर्शन भी शामिल रहा। इसके बाद 2025-26 एशेज के पहले दो टेस्ट में उन्होंने 18 विकेट झटके और पूरी सीरीज़ में 19.93 की औसत से 31 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। 28 साल की दीप्ति शर्मा भारत की 'प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट' रहीं। भारत ने नवी मुंबई में खेले गए फ़ाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता।



मिचेल स्टार्क



दीप्ति शर्मा

पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने 30.71 की औसत से 215 रन बनाए और 20.40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। फ़ाइनल में उन्होंने 58 रन की अहम पारी खेली और 5 विकेट लेकर मैच अपने नाम किया। भारत के पुरुष क्रिकेटरों को भी इस बार अल्मनाक में बड़ी पहचान मिली है। शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को विजडन के 'साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर' में शामिल किया गया।

इन सभी ने पिछले साल इंग्लैंड के ख़िलाफ़ 2-2 से ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। गिल को विजडन ट्रॉफी भी मिली। इंग्लैंड की तरफ़ से इस बार बड़े पुरस्कार जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी पूर्व ओपनर हसीब हमीद रहे। उन्हें भी 'साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर' में शामिल किया गया।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | +0.889 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | +0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 0 | 6 | +1.148 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | +0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जायंट्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.427 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.772 |
| 9. | चेन्नई सुपर किंग्स | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -1.532 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |

# चेन्नई ने कोलकाता को दी 193 रनों की चुनौती

## कोलकाता के स्पिनर सुनील नारायण ने अच्छी गेंदबाजी की, बीच के ओवरों में रन फ्लो को रोका




मैच के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन।

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाफ मंगलवार को आईपीएल मुकाबले में 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे चेन्नई के लिए संजू सैमसन ने 48, डेवाल्ड ब्रेविस ने 41, आयुष म्हात्रे ने 38, सरफराज खान ने 23 और शिवम दुबे ने नाबाद 13 रन बनाए।

सैमसन ने 32 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के, म्हात्रे ने 17 गेंदों में छह चौके और दो छक्के, ब्रेविस ने 29 गेंदों में चार चौके और दो छक्के, सरफराज ने 18 गेंदों में एक चौका और दो छक्के और शिवम ने 12 गेंदों में एक चौका लगाया। कोलकाता ने डेथ ओवरों में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चेन्नई को 200 से कम पर रोक दिया।

कोलकाता के स्पिनर खास तौर पर सुनील नारायण बहुत अच्छे थे, उन्होंने बीच के ओवरों में रन फ्लो को रोका। पेसर, खासकर कार्तिक त्यागी ने डेथ ओवरों में अच्छी बॉलिंग की क्योंकि बैट्समैन को बड़े शॉट खेलने में मुश्किल हो रही थी। कार्तिक ने सैमसन और ब्रेविस के विकेट भी झटके। ब्रेविस और सरफराज ने 50 रन की पार्टनरशिप की, लेकिन उन्हें बाउंड्री लगाने में दिक्कत हुई। इससे पहले, सैमसन और आयुष ने चेन्नई को ज़बरदस्त शुरुआत दी, लेकिन टीम बीच में लड़खड़ा गई। पिच पर शॉट लगाना मुश्किल है क्योंकि बॉल सरफेस पर पकड़ बना रही है।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाड़ी।

**चेन्नई सुपर किंग्स पारी**

- संजू सैमसन बो त्यागी 48
- रुतुराज गायकवाड़ का पॉवेल बो रॉय 7
- आयुष म्हात्रे का रमनदीप बो अरोड़ा 38
- ब्रेविस का अरोड़ा बो त्यागी 41
- सरफराज खान बो नारायण 23
- शिवम दुबे नाबाद 13
- जैमी ओवर्टन नाबाद 12

**अतिरिक्त** : 15 रन

**योग** : 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन

**विकेट पतन** : 1-25, 2-72, 3-111, 4-162, 5-171

**गेंदबाजी** :

- अरोड़ा 4 . 0 . 55 . 1
- ग्रीन 2 . 0 . 30 . 0
- रॉय 3 . 0 . 21 . 1
- नारायण 4 . 0 . 21 . 1
- चक्रवर्ती 3 . 0 . 26 . 0
- त्यागी 4 . 0 . 35 . 2

# सूर्यकुमार के भविष्य पर हो सकती है चर्चा

**फॉर्म को लेकर उठे सवाल**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारत ने भले ही टी20 विश्व कप के खिताब का सफल बचाव किया हो, लेकिन उनकी बल्लेबाजी फॉर्म को देखते हुए सवाल उठने लग गए हैं कि क्या उन्हें वर्ष 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं। इस संदर्भ में जून-जुलाई में भारत का इंग्लैंड और आयरलैंड का दौरा कप्तान के लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि उनकी कप्तानी से कहीं अधिक उनकी बल्लेबाजी पर नजर रखी जाएगी। इस दौरे से यह तय हो सकता है कि क्या उन्हें 2028 में होने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं तक टीम में बनाए रखा जाएगा या नहीं। वर्ष 2028 में अमेरिका में ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी20 विश्व कप शामिल हैं। सूर्यकुमार अब भी मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद बने हुए हैं, जिनका कार्यकाल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2028 टी20 विश्व कप तक बढ़ाए जाने की संभावना है। हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति गंभीर से सहमत होती है या नहीं, क्योंकि ओलंपिक के समय सूर्यकुमार की उम्र लगभग 38 साल हो जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि

सूर्या अभी टीम की कप्तानी कर रहे हैं। लेकिन उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि एक बल्लेबाज के रूप में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें। ब्रिटेन दौरे में वह कप्तानी करेंगे, लेकिन उसके बाद 2028 तक की चर्चा पूरी तरह से प्रदर्शन पर आधारित हो सकती है। सूर्यकुमार के लिए 2025 का साल बेहद खराब रहा, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 120 से भी कम हो गया और वे एक भी अर्धशतक नहीं बना सके थे। उन्होंने 2026 में हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें चार अर्धशतक भी शामिल है। टी20 विश्व कप में हालांकि अमेरिका के खिलाफ पहले मैच को छोड़कर सूर्यकुमार का प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा।



# कोविड के टीके के कारण हुई थी पापा की मौत: जैक्सन वार्न

**सिडनी, एजेंसी**

- **2022 में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से वार्न का हुआ था निधन**

शेन वार्न के निधन के चार साल बाद उनके बेटे जैक्सन वार्न ने दावा किया है कि इस दिग्गज स्पिनर की मौत संभवतः कोविड के उन 'तीन या चार' टीकों के कारण हुई थी जो उन्हें 'काम करने के लिए मजबूरन लेने पड़े थे। जैक्सन ने एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए अपने पिता की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को भी स्वीकार किया।

वार्न का 2022 में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उस समय उनकी उम्र 52 वर्ष थी। जैक्सन ने कहा कि मुझे पक्का लगता है कि इसमें (कोविड टीके का) हाथ था। मुझे नहीं लगता कि अब यह कहने से किसी तरह का विवाद पैदा होगा। भले ही डैड (पिताजी) को पहले से ही कुछ स्वास्थ्य समस्याएं थीं, लेकिन मुझे लगता है कि टीका लगाने के कारण उनकी बीमारी खुलकर सामने आ गई। यह एक ऐसी बात है जिससे मैं हमेशा सोचता रहता हूं।



# एलएसजी के खिलाफ आरसीबी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अब तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने बल्लेबाजों से फिर से धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। आरसीबी अभी छह अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर हैं और चार अन्य टीमें चार-चार अंकों के साथ उसका पीछा कर रही हैं।

बेंगलुरु की टीम शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स से दो अंक और पंजाब किंग्स से एक अंक पीछे है। लेकिन सच्चाई यह है कि आईपीएल के इस सत्र में आरसीबी के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के मन में जितना खौफ पैदा किया है, उतना कोई अन्य टीम नहीं कर पाई है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और सभी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक आरसीबी ने सर्वाधिक छक्के जड़े हैं और उन्होंने 'रेंज-हिटिंग' को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। इसी का नतीजा है कि आरसीबी में वर्तमान सत्र में अभी तक किसी भी मैच में 200 से कम रन नहीं बनाए हैं जिससे उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

आरसीबी अपने घरेलू मैदान पर अगले तीन मैच में भी परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाना चाहेगा। वह एलएसजी के बाद दिल्ली कैपिटल्स (18 अप्रैल) और गुजरात टाइटन्स (24 अप्रैल) के खिलाफ यहां मैच खेलेगा। इसके बाद वह अपने अंतिम दो घरेलू मैच रायपुर में खेलेगा। लेकिन क्या चिन्नास्वामी स्टेडियम में सुपर जायंट्स के गेंदबाजी आक्रमण से उन्हें किसी तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एलएसजी की तरफ से अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और दिग्वेश राठी ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाला बल्लेबाजी क्रम अभी तक लय में नहीं आया है।



**टीमें इस प्रकार हैं**

- **लखनऊ सुपर जायंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), एडेन मार्क्रम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, वानिंदु हसरंगा, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम. सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।
- **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल। विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**जज्बा**

**इरफ़ान पठान ने बताया, प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन ने बॉलिंग में पेस व वेरिएशन का किया सही बैलेंस**

# ...जब साकिब की शूज के लिए उनकी मां ने बेच दी अपनी ज्वेलरी



**हैदराबाद, एजेंसी**

सनराइज़र्स हैदराबाद ने टाटा आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स पर 57 रन से ज़बरदस्त जीत दर्ज की। इरफ़ान पठान ने बताया कि कैसे प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन ने एसआरएच की बॉलिंग में पेस और वेरिएशन का सही बैलेंस बनाया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी पॉजिटिव बात यह थी कि उन्होंने पेस और वेरिएशन दोनों दिए, जिसकी सनराइजर्स हैदराबाद को बिल्कुल जरूरत थी। उन्होंने तेज पेस, बाउंस और थोड़ी स्विंग के साथ शुरुआत की, और जैसे-जैसे बॉल पुरानी होती गई, उनके वेरिएशन काम आने लगे। साकिब, खासकर, शानदार थे। उनकी कलाई की पोजीशन उन्हें सूखी सतह पर भी तेज टर्न और धोखा देने वाली धीमी गेंदें फेंकने में मदद करती है। प्रफुल हिंगे नई बॉल और यॉर्कर के साथ असरदार होंगे, जबकि साकिब अपनी वेरिएशन से बीच के ओवरों को कंट्रोल कर सकते हैं। यह कॉम्बिनेशन उनके बॉलिंग अटैक को कहीं ज़्यादा कम्प्लीट बनाता है।

प्रफुल और साकिब के असर पर उन्होंने कहा कि यह सनराइजर्स हैदराबाद के लिए एक बड़ा बूस्ट था क्योंकि उनकी बॉलिंग को उस एक्स्ट्रा फायरपावर की जरूरत थी। जहां जयदेव उनादकट और हर्षल पटेल जैसे अनुभवी बॉलर वैरिएशन पर भरोसा कर रहे थे, वहीं प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन तेज पेस और बाउंस लेकर आए, जिससे सच में फर्क पड़ा। साकिब का सफ़र शानदार है। उनकी मां ने उनके लिए पहले क्रिकेट शूज़ खरीदने के लिए अपनी ज्वेलरी बेच दी थी, उन्हें इतने बड़े स्टेज पर ऐसा परफॉर्मेंस देते देखना उनके परिवार के लिए बहुत खास होगा। इन युवा खिलाड़ियों को हाई-प्रेशर गेम में सपोर्ट करने का क्रेडिट टीम मैनेजमेंट और ईशान किशन को भी जाता है। वह भरोसा काम आया, और एसआरएच के लिए आगे का समय रोमांचक लग रहा है।



साकिब की मां।

## विशेष शर्मा ने पहले दिन बनाई एक शॉट की बढ़त

**हैदराबाद।** हैदराबाद के 19 वर्षीय विशेष शर्मा ने सात अंडर 65 का शानदार स्कोर बनाकर हैदराबाद के बोल्डर हिल्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले जा रहे एक करोड़ रुपये इनामी राशि वाले पहले बोल्डर्स क्लासिक के उद्घाटन राउंड में एक शॉट की बढ़त हासिल की। विशेष का 65 का स्कोर नया कोर्स रिकॉर्ड रहा, जिसमें पार-5 14वें होल पर एक ईगल, छह बर्डी और एकमात्र बोगी शामिल रही। दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शुभंकर शर्मा ने छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर दिल्ली के विनय कुमार यादव के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर जगह बनाई। यह राउंड दिसंबर 2021 में जमशेदपुर में टूर चैम्पियनशिप के बाद शुभंकर की इस टूर पर वापसी थी।

# एआईएफएफ ने नस्लीय दुर्व्यवहार मामले को समिति को भेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **11 अप्रैल को कांतीरवा स्टेडियम में मैच के दौरान एक खिलाड़ी के लिए नस्लीय टिप्पणियां की गई थी**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के दौरान कथित नस्लीय दुर्व्यवहार की शिकायतों को अपनी अनुशासनात्मक समिति को भेज दिया है, क्योंकि केरल ब्लास्टर्स ने अपने एक खिलाड़ी से जुड़ी घटना पर कार्रवाई की मांग की थी। केरल ब्लास्टर्स ने एआईएफएफ से शिकायत की थी 11 अप्रैल को कांतीरवा स्टेडियम में बेंगलुरु एफसी के खिलाफ खेले गए आईएसएल मैच के दौरान उनके एक खिलाड़ी के लिए नस्लीय टिप्पणियां की गई।

केरल ब्लास्टर्स के सेनेगल के डिफेंडर फालू नदिये के लिए बेंगलुरु एफसी के समर्थकों ने कथित तौर पर नस्लीय टिप्पणियां की थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। केरल ने वह मैच 2-1 से जीता था।

एआईएफएफ ने मंगलवार को बयान में कहा कि इंडियन सुपर लीग 2025-26 के दौरान खिलाड़ियों के खिलाफ कथित नस्लीय दुर्व्यवहार के संबंध में एआईएफएफ को कुछ शिकायतें मिली हैं। हम खिलाड़ियों और हर उस व्यक्ति के साथ मजबूती से खड़े हैं, जिसे बिना किसी भेदभाव के इस खूबसूरत खेल में भाग लेने का अधिकार है।